भोपाल
सोमवार, 17 नवंबर 2025
अगहन मास कृष्ण पक्ष -13
वर्ष : 12, अंक : 227
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 24
न्यून. 11

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**इफ्फी 2025: 20 से 28 नवंबर तक गोवा में**

## 81 देशों की 240 फिल्मों के साथ होगा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव



**नई दिल्ली।** इफ्फी 2025 का आयोजन 20 से 28 नवंबर तक गोवा में हो रहा है। यह महोत्सव 1952 से दक्षिण एशिया का एकमात्र एफआईएपीएफ-मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव है। इस वर्ष जापान को 'कंट्री ऑफ फोकस', स्पेन को 'पार्टनर कंट्री' और ऑस्ट्रेलिया को 'स्पॉटलाइट कंट्री' के रूप में चुना गया है। महोत्सव में 81 देशों की 240 शेष पेज 6 पर



बागेश्वर की हिंदू एकता पदयात्रा में हजारों की भीड़ साथ चल रही

**पदयात्रा के बीच सीएम डॉ. मोहन यादव ने कई श्रद्धालुओं से भी बात की**

# मुख्यमंत्री बाबा बागेश्वर की एकता पदयात्रा में हुए शामिल सड़क पर ही बैठ कर प्रसाद ग्रहण किया, साथ भी चले

हरिभूमि न्यूज भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को अपने व्यस्ततम समय में से कुछ समय निकालकर अचानक बाबा बागेश्वर की हिंदू एकता पदयात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री पदयात्रा में बाबा बागेश्वर के साथ चले। उन्होंने सड़क पर ही बैठकर बाबा बागेश्वर के साथ प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से भी बातचीत की।

बाबा बागेश्वर ने मुख्यमंत्री को बागेश्वर धाम आने का निमंत्रण दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को जबलपुर में आयोजित जनजातीय शेष पेज 6 पर

**सीएम ने शनिवार रात दिल्ली में विश्राम किया, सुबह वे मथुरा पहुंचे**





**भोपाल से सीएम फिर दिल्ली पहुंचे**

नई दिल्ली से मथुरा पहुंचने पर सीएम वृंदावन में सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में बाबा बागेश्वर के साथ शामिल हुए। इस दौरान एकता पदयात्रा में भारी भीड़ देखी गई। हालांकि, मुख्यमंत्री पदयात्रा में शामिल होने के बाद वहां से रवाना हो गए। वे वहां से सीधे शाजापुर जिले के मक्सी में 8,174 करोड़ रुपए से बनने वाले छह औद्योगिक इकाइयों की भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इससे पहले वे उज्जैन जिले के तराना के पास बरडवां में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल हुए। डॉ. यादव वहां से भोपाल होते हुए फिर से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। पढ़ें पेज 05 भी




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### सतीश बने नौसेना के मुख्य स्टाफ अधिकारी

**नई दिल्ली।** रियर एडमिरल सतीश वासुदेव ने शनिवार को पश्चिमी नौसेना कमान के मुख्य स्टाफ अधिकारी (संचालन) का पदभार संभाला। वे नौसेना के अनुभवी अधिकारी हैं और नौवहन व दिशा के विशेषज्ञ माने जाते हैं। एडमिरल को 1 जुलाई 1993 को नौसेना में कमीशन मिला था। वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खड़कवासला, डीएसएससी वेलिंगटन और नौसेना युद्ध महाविद्यालय, गोवा के पूर्व छात्र हैं।



### हॉलीवुड सिंगर एकन की स्टेज पर खींची पैंट

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड सिंगर एकन इस वक्त अपने इंडिया टूर को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं। 14 नवंबर 2025 को एकन का बैंगलोर में कॉन्सर्ट था। लाइव परफॉर्मेंस के दौरान लोगों ने सिंगर की पैंट खींच दी, जिसके बाद उनके चाहने वालों का पारा चढ़ गया। एकन एक हाथ से माइक पकड़कर गाना गा रहे थे और एक हाथ से अपनी पैंट संभाल रहे थे। वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद यूजर्स इसे हैरेसमेंट बताने लगे।



**उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं ने शीत बरसाया**

**सर्दी की थर्ड डिग्री : भोपाल में सबसे कम रात का पारा 30 नवंबर 1941 को 6.1 डिग्री था**

# राजगढ़ देश में सबसे ठंडा, भोपाल में 84 साल की दूसरी 'सबसे सर्द रात'

हरिभूमि न्यूज भोपाल

*सोमवार को भी भोपाल सहित 12 जिलों में सीवियर कोल्ड वेव और 8 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है*

राजधानी सहित प्रदेशभर में सर्दी लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। रविवार को मैदानी क्षेत्रों में राजगढ़ देश में सबसे ठंडा रहा है। यहां पारा 6 डिग्री पर आ गया। वहीं, भोपाल में 84 साल की दूसरी सबसे सर्द रात रही है। ऑल टाइम रिकॉर्ड के अनुसार राजधानी में 30 नवंबर 1941 को रात का सबसे कम पारा 6.1 डिग्री रहा है। इसके बाद रविवार को 6.4 डिग्री दर्ज किया गया है। यह सामान्य से 9.2 डिग्री कम है।

भोपाल में न्यूनतम पारे में दो दिन में करीब 3 डिग्री की कमी आने से सर्दी ने और जोर पकड़ा है। साथ ही 7 जिलों में रात का पारा 7 डिग्री के नीचे पहुंचने से प्रदेश में ठंड का टॉर्चर शुरू हो गया है। राजगढ़ में देश का सबसे कम रात का पारा 6 डिग्री रहने से यहां अलसुबह घास पर ओस की बूंदें जमने लगी हैं। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं के साथ राजस्थान में बने प्रति चक्रवात के असर से राजस्थान से भी ठंडी हवाएं शेष पेज 6 पर

**राजधानी में लगातार 9 दिन चली सीवियर कोल्ड वेव ने बनाया नया रिकार्ड**



राजधानी का सुभाष नगर ब्रिज, देर शाम 7:20 बजे का दृश्य

**सात जिलों में पारा 7 डिग्री के करीब**

**8 जिलों में रही सीवियर कोल्ड वेव**

**मंगलवार के बाद कुछ राहत के आसार**

### इन जिलों में 7 डिग्री तक पारा

रविवार को राजगढ़ और शाजापुर 6 डिग्री, शहडोल 6.2, भोपाल, इंदौर 6.4, उमरिया 7.3 और रीवा में रात का पारा 7.4 डिग्री रहा है। इन जिलों में प्रदेश में सबसे अधिक सर्दी महसूस की गई है। शुक्ला के अनुसार मंगलवार से बुधवार के आसपास हवाएं बदलने से कड़ाके की सर्दी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। अभी राजस्थान के ऊपर एक प्रति चक्रवात बना है, जिससे हवाएं ठंडी आ रही हैं। उत्तर की बर्फीली हवाओं के साथ राजस्थान की हवाओं से प्रदेश में सर्दी में और इजाफा हो गया है, जो दो दिन बाद कम होगा।

### खाड़ी में बना लो प्रेशर एरिया

शुक्ला के अनुसार अभी श्रीलंका के पास बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया बना है। इससे जुड़ा एक अपर एयर सर्कुलेशन भी है, जो सोमवार को आगे बढ़ेगा। इसके असर से प्रदेश में हवाएं बदलेंगी, जिससे तापमान बढ़ेगा।

### आज यहां सीवियर कोल्ड वेव का अलर्ट

सोमवार को भोपाल, सीहोर, राजगढ़, इंदौर, शाजापुर, सतना, शहडोल, जबलपुर, मैहर जिलों में सीवियर कोल्ड वेव का यलो अलर्ट है। बैतूल, धार, देवास, शिवपुरी, रीवा, उमरिया, कटनी, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों में शीतलहर के साथ ही छिंदवाड़ा और बालाघाट जिलों में कोल्ड- डे भी रह सकता है।

### छिंदवाड़ा और उमरिया में स्कूलों के समय में परिवर्तन

छिंदवाड़ा कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने बढ़ती ठंड को देखते हुए सभी शासकीय/अशासकीय विद्यालयों का संचालन सुबह 8:30 बजे से पहले नहीं करने का आदेश जारी किया है। वहीं, उमरिया जिले में बढ़ती ठंड के कारण स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। कलेक्टर अभय सिंह ने इसके संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। 17 नवंबर से प्री-प्राइमरी के कक्षा आठवीं तक के सभी स्कूल सुबह 9 बजे से संचालित होंगे। सतना में 14 नवंबर को कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने शीतलहर के प्रभाव को देखते हुए नर्सरी से कक्षा 8वीं तक स्कूलों के समय में बदलाव किया है। स्कूल सुबह 9 बजे से लगेंगे। पढ़ें पेज 03 भी

**बिहार में सरकार बनाने की हलचल तेज**

# 20 से 22 तारीख तक.. बिहार को मिल सकती है एनडीए की नई सरकार

**आज एनडीए के विधायक दल की बैठक**

**चुना जा सकता है विधायक दल का नेता**

एजेंसी नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के बाद अब समय नई सरकार के गठन का है। इसके लिए पहले एनडीए के घटक दल अपनी बैठक करेंगे। जदयू की बैठक में सर्वसम्मति से नीतीश कुमार को नेता चुन लिया जाएगा। इसके बाद बिहार भाजपा, चिराग पासवान की लोजपा रामविलास, जीतनराम मांझी की हम और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा के विधायक अपना नेता चुन लेंगे। माना जा रहा है कि सोमवार की शाम इन बैठकों के बाद एनडीए के विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें सीएम नीतीश कुमार को नेता चुना जा सकता है। इसके बाद वे दावा पेश करेंगे। शपथ ग्रहण की तारीख और मंत्रियों के नाम भी तय किए जाएंगे। माना जा रहा है कि 20 से 22 नवंबर के शेष पेज 6 पर



नीतीश से मिले नित्यानंद

### शपथ ग्रहण में आएंगे करीब 5 हजार वीवीआईपी

पटना के गांधी मैदान में लगभग 5000 वीवीआईपी अतिथियों के बैठने के लिए एक विशेष खंड तैयार किया जा रहा है। इसमें सुरक्षा और सुविधाओं का खास ध्यान रखा जाएगा। नीतीश कुमार के इस शेष पेज 6 पर

**ग्वालियर-झांसी हाइवे पर भीषण हादसा**

# रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई फॉर्च्यूनर, 5 की मौत

**झांसी में जन्मदिन मनाकर ग्वालियर लौट रहे थे**

हरिभूमि न्यूज ग्वालियर

ग्वालियर-झांसी हाइवे पर रविवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें फॉर्च्यूनर कार में सवार 5 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा ग्वालियर के मालवा कॉलेज के सामने उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा शेष पेज 6 पर



क्षतिग्रस्त फॉर्च्यूनर

**कार की टक्कर से पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली**

### 24 लोग घायल, 7 की हालत गंभीर

**रायसेन।** जिले के सुल्तानगंज-बेगमगंज मार्ग पर शनिवार रात में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर दर्शन के लिए जा रहे तीर्थयात्री घायल हो गए। हादसा इंडियन गैस एजेंसी के समीप उस वक्त हुआ जब मोदकपुर गांव से करीब 40 लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर सागर जिले के बंडा क्षेत्र के नोनिया गांव स्थित कुए के दर्शन के लिए निकले थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने ट्रॉली को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में ट्रॉली में सवार 24 यात्री घायल हो गए। शेष पेज 6 पर

**नियमों को लेकर प्रारूप जारी**

## पंचायत सचिव की भर्ती में सीपीसीटी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज भोपाल




■ भर्ती में रोजगार सहायकों को मिलेगी वरीयता

पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति के लिए अब कंप्यूटर की दक्षता परीक्षा (सीपीसीटी परीक्षा) उत्तीर्ण होना जरूरी है। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग ने इसको लेकर नियम जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसको लेकर विभाग ने नियमों का प्रारूप जारी कर दिया है। इसमें यह भी कहा गया है कि शेष पेज 6 पर

**फूड प्वॉइजनिंग की आशंका**

## शादी का भोज खाने से 67 लोग बीमार

हरिभूमि न्यूज आगर-मालवा



■ 20 लोग अस्पताल में भर्ती

नलखेड़ा जनपद के ग्राम धरोला में शनिवार रात एक शादी समारोह के भोज के बाद 67 लोग बीमार पड़ गए। भोज के बाद से ही ग्रामीणों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द होने लगा। सिविल अस्पताल नलखेड़ा की कॉम्बैट टीम तुरंत ग्राम धरोला पहुंची। स्वास्थ्य कर्मियों ने मौके पर ही 47 लोगों का प्राथमिक उपचार शेष पेज 6 पर

**आरोपी को ईडी की कस्टडी में भेजा**

## दिल्ली की जज ने तड़के 3 बजे घर पर लगाई कोर्ट

एजेंसी नई दिल्ली



■ गरीबों के लिए बने फ्लैटों को बेच डाला था

दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट की एडिशनल सेशंस जज शेफाली बरनाला टंडन ने मनी लॉड्रिंग के एक आरोपी को ईडी की कस्टडी में भेजने के लिए शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे अपने घर पर अदालत लगाई। ओशन सेवन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर स्वराज सिंह यादव पर गुरुग्राम में प्रधानमंत्री शेष पेज 6 पर

**वन विभाग के अफसरों पर कार्रवाई**

## एसडीओ-रेंजर समेत 16 अफसरों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज भोपाल



■ 50 वर्ष पुराने मंदिर में तोड़फोड़ का आरोप

सिवनी के बरघाट थाना क्षेत्र के ग्राम बेहरई में स्थित 50 साल पुराने प्राचीन हनुमान मंदिर में तोड़फोड़ के आरोप मामले में पुलिस ने मप्र राज्य वन विकास निगम बरघाट परियोजना मंडल के एसडीओ, रेंजर, नाकेदार समेत 16 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। विश्व हिंदू परिषद सहित अन्य हिंदू संगठनों ने इस पर विरोध शेष पेज 6 पर

**मंत्री परमार ने राजा राममोहन राय को बताया था अंग्रेजों का 'दलाल'**

वे सुधारक थे और उनका सम्मान किया जाना चाहिए

# विवाद बढ़ा तो बोले गलती से मुंह से निकल गया...मांगी माफी

हरिभूमि न्यूज भोपाल

महान समाज सुधारक राजा राममोहन राय को अंग्रेजों का 'दलाल' बताने वाले उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने रविवार को अपने बयान पर माफी मांग ली। मंत्री के इस बयान को लेकर काफी विवाद हो गया था।

विवाद बढ़ने के बाद परमार ने एक वीडियो जारी कर अपनी टिप्पणी को गलत बताया और कहा कि यह गलती से उनके मुंह से निकल शेष पेज 6 पर



इंदर सिंह परमार

### परमार ने क्या कहा था?

परमार ने कहा था कि राजा राममोहन राय एक ब्रिटिश एजेंट थे। उन्होंने देश में उनके दलाल के रूप में काम किया। उन्होंने धर्मांतरण का एक दुष्चक्र शुरू किया था। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने कई लोगों को फर्जी समाज सुधारक के रूप में पेश किया और धर्मांतरण को बढ़ावा देने वालों को आगे रखा। परमार ने कहा कि अगर किसी में इसे रोकने और शेष पेज 6 पर

### कौन थे राजा राममोहन राय?

राजा राममोहन राय का जन्म 22 मई, 1772 को बंगाल के राधानगर में एक रूढ़िवादी ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इतिहासकारों के मुताबिक, राजा राममोहन राय आधुनिक भारत के पुनर्जागरण के जनक और एक अथक समाज सुधारक थे। उन्होंने भारत में ज्ञानोदय एवं उदार सुधारवादी आधुनिकीकरण के युग की शुरुआत की थी।

**पीएम मोदी ने किया सूरत स्टेशन का निरीक्षण**

गुजरात में जल्द ही शुरू होगा बुलेट ट्रेन का ट्रायल

# बुलेट ट्रेन कर्मचारी का कहना था कि.. न नाम चाहिए न इनाम चाहिए, बस देश आगे बढ़े, ये अरमान चाहिए

एजेंसी नई दिल्ली

गुजरात में देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना का काम तेजी से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरत में निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया और मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा की।



नरेंद्र मोदी

वे सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन पर पहुंचे, जहां उन्होंने काम में लगे इंजीनियरों और कर्मचारियों से बातचीत भी की। वहीं, रविवार को इससे संबंधित एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें पीएम मोदी सूरत स्टेशन पर काम की बारीकी से जांच करते हुए नजर आए। इस दौरान कर्मचारियों ने बताया कि हर स्तर पर पूरी मेहनत और बारीकी के साथ काम किया जा रहा है। कर्मचारियों से बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने उनसे कहा कि ये जो आपके अनुभव है अगर वो रिकॉर्डेड होंगे, एक ब्लू बुक शेष पेज 6 पर

**पीएम ने इंजीनियरों और कर्मचारियों से की बातचीत**



पीएम मोदी कर्मचारियों से बातचीत करते हुए

**मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा की**

### पीएम मोदी ने कर्मचारियों को सराहा

प्रधानमंत्री मोदी ने कर्मचारियों की मेहनत की सराहना की और कहा कि यह प्रोजेक्ट न सिर्फ गुजरात बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि हाई-स्पीड ट्रेन परियोजना देश के ट्रांसपोर्ट सिस्टम को आधुनिक बनाने में एक अहम कदम है और इससे यात्रियों को तेज और सुविधाजनक सफर मिलेगा। गौरतलब है कि मुंबई-अहमदाबाद शेष पेज 6 पर



ईंटखेड़ी स्थित घासीपुरा में आलमी तबलीगी इज्तिमा की भव्यता को प्रदर्शित करती ड्रोन से खींची गई खूबसूरत तस्वीर। फोटो जर्नलिस्ट : गुरु अमृतपाल सिंह

आज सुबह दस बजे सामूहिक दुआ के साथ होगा आलमी तबलीगी इज्तिमा का समापन

### अल्लाह की मर्ज़ी के बिना कुछ भी नहीं हो सकता

# रब जो चाहता है वही होता है, इंसान के चाहने या न चाहने से कुछ नहीं होता

**भोपाल।** ईंटखेड़ी स्थित घासीपुरा में चार दिवसीय आलमी तबलीगी इज्तिमा जारी है। इज्तिमा के तीसरे दिन रिकॉर्ड तोड़ भीड़ आयोजन स्थल पर पहुंची, जिससे पंडाल फुल हो गए। दूसरी और रविवार फजर की नमाज के बाद तकरीरों का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक जारी रहा। इस दौरान भोपाल और प्रदेश के बाहर से आए धर्मगुरुओं ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए हमेशा अच्छाई की राह पर चलने की सीख दी। दुनिया के बड़े धार्मिक आयोजनों में शुमार तबलीगी इज्तिमा का समापन सोमवार सुबह 10 बजे दुआ-ए-खास के साथ होगा। कमेटी के प्रवक्ता डॉक्टर उमर हफीज खान ने बताया कि कमेटी ने दुआ का वक्त तय कर दिया है, दुआ सुबह 10:00 बजे शुरू होगी जो 10:30 बजे तक चलेगी उसके बाद इज्तिमा का समापन हो जाएगा। जिसके बाद जमातें रवाना होंगी।

***अल्लाह की इबादत एवं फरमा बरदारी की ताकीद की गई***

तकरीरों में तालीम, भाईचारा, सामाजिक समरसता की बातें

### मजमे में आठ लाख से ज्यादा लोग मौजूद रहे

*77वें आलमी तबलीगी इज्तिमा के तीसरे दिन रविवार को भी सुबह से उलेमाओं की तकरीर और बयान का सिलसिला जारी रहा। सुबह से रात तक चलने वाली इन तकरीरों में तालीम, भाईचारा, सामाजिक समरसता और अल्लाह की इबादत एवं फरमा बरदारी की ताकीद की गई। रविवार सुबह तक इस मजमे में करीब 8 लाख से ज्यादा लोग मौजूद थे, जिनमें देशभर की जमातों के अलावा करीब 24 विदेशी देशों के मेहमान भी शामिल हैं। उम्मीद की जा रही है कि रविवार की छुट्टी और सोमवार सुबह होने वाली दुआ ए खास के चलते इस मजमे में और इजाफा होगा। दुआ ए खास में करीब 15 लाख लोगों की शिरकत की उम्मीद की जा रही है।*

### खर्च कर दी जिंदगी

*तबलीग से सिखाई जाने वाली भलाई की बातें और खुद की जिंदगी में एक बेहतर अनुशासन कायम रखने की नीयत से लोगों का जमातों में निकलने का सिलसिला करीब सौ बरस पुराना हो चुका है। भोपाल इज्तिमा में पहुंचे लोगों में कुछ ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपनी जिंदगी का बड़ा हिस्सा जमातों में गुजार दिया है। साथ ही कुछ ऐसे भी हैं, जिन्होंने दीन की इस महफिल को पहली बार अनुभव किया है।*

### खिदमत से मिलता है खुदा...

*आलमी तब्लीगी इज्तिमा आयोजन के दौरान शहर के कई बाशिंदें सभी व्यवस्थाएं करने में पूरी शिद्दत से जुटे रहे। यह पहला मौका नहीं है, वे कई सालों से हर साल इज्तिमा आने जाने वाले लोगों की खिदमत करते हैं। उनका मुख्य काम भोपाल आए लोगों को इज्तिमागाह तक छोड़ना और खाने-पीने का इंतजाम करना होता है।*

### भोपाल-बिलासपुर और भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस में आज और कल लगाए जाएंगे अतिरिक्त सामान्य कोच

# इज्तिमा के समापन पर आज वापस लौटेंगी जमातें, रेलवे ने किए विशेष इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आलमी तब्लीगी इज्तिमा के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने विशेष भीड़ प्रबंधन के तहत दो प्रमुख ट्रेनों में अतिरिक्त सामान्य कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था 17 व 18 नवंबर 2025 को लागू रहेगी। रेलवे प्रशासन के अनुसार इज्तिमा के दिनों में भोपाल स्टेशन सहित पूरे मंडल में यात्रियों की आवाजाही में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होती है, ऐसे में भीड़ को नियंत्रित रखने और यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए यह कदम उठाया गया है।



आलमी तबलीगी इज्तिमा में मौजूद धर्मावलंबी।

### इन ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

ट्रेन संख्या 18235 - भोपाल- बिलासपुर एक्सप्रेस में 17 और 18 नवंबर को एक अतिरिक्त सामान्य कोच जोड़ा जाएगा। इसी तरह ट्रेन संख्या 14814 - भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस में 17 व 18 नवंबर को एक अतिरिक्त सामान्य कोच लगाया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इज्तिमा अवधि में यात्रियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए दोनों ट्रेनों में एक-एक अतिरिक्त सामान्य कोच जोड़कर भीड़ का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन यात्रियों से सहयोग की अपील करता है, ताकि यात्रा सुगम और सुरक्षित रहे। रेल मंडल ने यात्रियों को सलाह दी है कि अतिरिक्त कोचों व ट्रेन से संबंधित अद्यतन जानकारी स्टेशन पर उपलब्ध सूचना केंद्रों के साथ-साथ रेल मदद 139 और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से भी प्राप्त की जा सकती है।



ईंटखेड़ी स्थित घासीपुरा में आलमी तबलीगी इज्तिमा में मौजूद धर्मावलंबियों का दृश्य।

# देशभर से आई जमातें लौटेंगी वापस, इसलिए आज बदला रहेगा पुराने शहर का ट्रैफिक

**भोपाल।** भोपाल के ईंटखेड़ी में चल रहे इज्तिमा का सोमवार को समापन हो जाएगा। इसके साथ ही जमातें वापिस लौटेगी। लाखों की संख्या में इज्तिमा में आए लोगों के वापसी को देखते हुए। यातायात पुलिस ने ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। इसके तहत सोमवार को राजधानी की यातायात व्यवस्था में बदलाव रहेंगा। यातायात पुलिस के अनुसार सुबह 06:00 बजे से पुराना शहर भोपाल से इज्तिमा स्थल की ओर आवागमन करने वाले मार्गों जैसे- मुबारकपुर से पटेल नगर नया वायपास, गांधीनगर से अयोध्या नगर बायपास, रतनागिरी, लाम्बाखेड़ा से करोंद भोपाल टाकीज, पीरगेट, मोती मस्जिद, रॉयल मार्केट, लालघाटी चौराहा, नादरा बस स्टेण्ड, भोपाल मुख्य रेल्वे स्टेशन, अल्पना तिराहा, भारत टाकीज, बोगदा पुल आदि क्षेत्रों में भारी संख्या में जनसमुदाय एवं वाहनों के सड़कों पर होने से अत्यधिक यातायात दबाव रहेगा। राजधानी वासी पुराने शहर व इज्तिमा स्थल की ओर आने-जाने के लिए अन्य वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।



इज्तिमा में शिरकत करते धर्मावलंबियों का दृश्य।

### एयरपोर्ट व स्टेशन पर यह रहेगी व्यवस्था

- भोपाल शहर से एयरपोर्ट की ओर जाने वाले वाहन भदभदा चौराहा, नीलबड़, रातीबड, झागरिया रोड से खजूरी बायपास, मुबारकपुर बायपास होकर एयरपोर्ट की ओर आवागमन कर सकेगें।
- भोपाल शहर से मुख्य रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले वाहन रोशनपुरा, लिंक रोड क्र-02, बोर्ड ऑफिस, चेतक ब्रिज से प्रभात चौराहा, 80 फीट रोड होकर प्लेट फार्म क्रंमाक-01 की ओर आवागमन कर सकेगें।

### बसों के लिए यह रहेगा प्लान

- *सागर, छतरपुर, दमोह, रायोन, होशंगाबाद, जबलपुर, छिंदवाडा, बेतूल की ओर से आने वाली बसें 11 मील, मीसरोद, आरआरएल तिराहा, हबीबगंज नाका, सांची दुग्ध संघ होते हुए आईएसबीटी की ओर आवागमन कर सकेगें। आईएसबीटी से आगे यात्री बसों का नादरा बस स्टेण्ड की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।*
- *इंदौर से भोपाल की ओर आने वाली बसें हलालपुर बस स्टैण्ड का उपयोग कर सकेंगी। इंदौर उज्जैन की ओर से आने वाली यात्री बसों का मार्ग खजूरी बायपास, बैरागढ़ से हलालपुर बस स्टैण्ड पर अपनी यात्रा समाप्त करेगीं। हलालपुर बस स्टैण्ड से आगे लालघाटी की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।*
- *गुना, राजगढ़, ब्यावरा की ओर से आने वाली यात्री बसें श्यामपुर, परवलिया होते हुए मुबारकपुर बायपास से खजूरी सड़क, बैरागढ़ होकर हलालपुर बस स्टैण्ड की ओर आवागमन कर सकेगी। इन बसों का प्रवेश हलालपुर बस स्टैण्ड से लालघाटी की ओर प्रतिबंधित रहेगा।*
- *विदिशा की ओर से आने वाली यात्री बसें सूखी सेवानिया, चैपडा बायपास, से भानपुर चौराहा भानपुर रोटरी पर समाप्त होगीं।*

### भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना से सम्मेलन का शुभारंभ

# जिझौतिया ब्राह्मण समाज के स्नेह सम्मेलन में पूर्व सैनिक, समाजजन व विद्यार्थी सम्मानित



जिझौतिया ब्राह्मण समाज के स्नेह सम्मेलन में सम्मानित समाजजन एवं विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कड़ा माणिकपुरी जिझौतिया ब्राह्मण समाज का स्नेह सम्मेलन रविवार को आयोजित किया गया। सम्मेलन का देवी-देवताओं और भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर शुभारंभ के बाद अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. केसी दुबे ने सभी सम्मानित वरिष्ठजनों और विद्यार्थी और युवा को हार्दिक शुभकामनाएं दी। समाज के अध्यक्ष राजेश दुबे ने बताया कि अतिथियों ने पूर्व सैनिकों, वरिष्ठ समाजजनों, 12 वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विधयर्थियों, खेल, लेखन और अन्य विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में समाज उपाध्यक्ष जितेंद्र दुबे, सुनील दुबे, महासचिव आनन्द पांडे, सचिव मदन दुबे, संजय दीक्षित, अजय दुबे, संजय शुक्ला, अजय दुबे, मुकेश दुबे, नवीन तिवारी, अखिलेश दुबे, सुबोध तिवारी, मिथिलेश पांडे का विशेष योगदान रहा। समाज की महिला उत्कर्ष समिति सदस्यों और केएमजे बुलेटिन के सदस्यों का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शैलेश शुक्ला एवं जितेंद्र दुबे द्वारा किया गया।

***70 प्रशिक्षणार्थी एवं आचार्यों ने की सहभागिता***

# विद्या भारती, मध्यभारत प्रांत की पाइपर बैंड की कार्यशाला का शुभारंभ



कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर मंचासीन पदाधिकारीगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विद्या–भारती, मध्यभारत प्रांत की घोष परिषद् द्वारा तीन दिवसीय प्रांत स्तरीय पाइपर बैण्ड की कार्यशाला का शुभारंभ बीते दिनों संपन्न हुआ। जिसके उद्‌घाटन सत्र में प्रांत घोष प्रमुख सतीश अग्रवाल एवं शारदा बिहार के प्रबंधक डॉ. राजेश जी तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। शारदा बिहार आवासीय प्रकल्प में आयोजित उक्त कार्यशाला में मध्यभारत प्रांत की 05 इकाइयों से कुल 70 प्रशिक्षार्थी एवं आचार्य–दीदीयों ने सहभागिता की है। उद्‌घाटन सत्र में भोपाल विभाग के घोष प्रमुख निखिल चौसरिया, वरिष्ठ–विभाग प्रमुख दीपक ताम्रकार सहित घोष के अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

विशाल भंडारे में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

# रामेश्वरम धाम मंदिर में शिव महापुराण कथा का भंडारे के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार रोड स्थित सौरभ नगर के रामेश्वरम धाम मंदिर में आयोजित 8 दिवसीय शिव महापुराण कथा का समापन अत्यंत भव्यता और श्रद्धा के साथ हुआ।

पूरे क्षेत्र का वातावरण कथा के दौरान भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत बना रहा। मंदिर समिति के अध्यक्ष पंकज सोनी ने बताया कि समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।



शिवमहापुराण कथा का समापन।



शिवमहापुराण के समापन पर भंडारा आयोजित हुआ।

### सामाजिक एकता का संदेश प्रस्तुत किया

इस मौके पर समिति के शिव प्रसाद जड़िया, विशाल मालवीय, जितेश सिंह, अनिल सिंह, अशोक मीना और ज्योति चौहान की उपस्थिति रही। सभी ने कथा आयोजन की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए शुभ और प्रेरणादायक बताया।रामेश्वरम धाम मंदिर में इस 8 दिवसीय कथा और भंडारे ने क्षेत्र में आध्यात्मिक माहौल और सामाजिक एकता का संदेश प्रसारित किया।

### किरार समाज का दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित

# समाज की प्रगति से ही देश की प्रगति: केंद्रीय मंत्री शिवराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा का दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह रविवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि समाज की प्रगति से ही देश की प्रगति होती। इस तरह के कार्यक्रम से समाजजनों में संवाद, मेलजोल एवं सहयोग से ही संभव है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष साधना सिंह चौहान, विशेष अतिथि मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, सांसद दर्शन सिंह चौहान एवं गुना जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ मौजूद रहे। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप चौहान ने स्वागत भाषण में संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर संयोजक राधेश्याम धाकड़, महामंत्री एड. तुलसीराम पटेल, सुरजीत सिंह चौहान, ब्रजेश चौहान, रणजीत सिंह चौहान, संजय चौहान, जयदेव चौहान, अरविंद धाकड़ सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद थे।



अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा का दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह में मौजूद समाजजन।

### एमपीपीएससी में चयनित युवाओं का किया सम्मान

*समारोह में महासभा द्वारा समाज के जनप्रतिनिधियों के साथ ही एमपीपीएससी 2025 में चयनित समाज के आठ युवाओं, बोर्ड परीक्षाओं में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों, जैविक खेती करने वाले चार प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया।*

समस्त प्रखंडों में किया गया आयोजित

# विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल ने आयोजित किया 'रन फॉर हेल्थ'




विश्व हिन्दू परिषद, बजरंल दल के रन फॉर हेल्थ में मौजूद कार्यकर्ता एवं सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल ने रविवार को रन फॉर हेल्थ का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित बजरंगदल भोपाल विभाग संयोजक अभिजीत सिंह राजपूत ने बताया कि रन फॉर हेल्थ सेवा सप्ताह के निमित्त हो रहा है जो कि भोपाल विभाग के छः जिलों में आज सम्पन्न हुआ है, आयोजन का उद्देश्य युवाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ- साथ, समाज को नशा मुक्त बनाने से है। भोपाल विभाग के समस्त प्रखंडों में यह आयोजन किये जाएंगे।

कार्यक्रम में विहिप के सभी जिलों के मंत्री, जिला संयोजक सहित समस्त प्रखंड , खंड, इकाई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

4 कॉलेज छात्राओं को बेहतर कॉर्पोरेट एक्सपोजर...





5 वोटर लिस्ट की एक गलती बदल सकती है परिणाम...






# निर्माणाधीन भवन में ग्रीन नेट न पानी का छिड़काव, रातभर मशीनों से निकलता है धुआं, घरों में रहना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम शहर में रोजाना सीएंडडी वेस्ट को लेकर 200 से ज्यादा प्रकरण बनाकर जुर्माना वसूल रहा है और निर्माणाधीन भवनों में ग्रीन नेट नहीं लगी होने पर भी कार्रवाई कर रहा है, लेकिन खुद हाउसिंग फॉर ऑल प्रोजेक्ट के तहत चल रहे निर्माणाधीन कामों में इसका पालन नहीं कर रहा है।


राहुल नगर फेस-2 में चल रहे निर्माणाधीन भवनों से धुएं का उठने वाला गुबार फेस-1 में रहने वाले 300 से ज्यादा परिवारों के लिए मुसीबत बन गया है। यहां न तो ग्रीन नेट लगाई गई है न ही पानी का छिड़काव हो रहा है। रहवासी भयभीत हैं। स्थिति यह है कि लोग अपने घरों की खिड़कियां और दरवाजे खोलने से बच रहे हैं। यही नहीं, इससे वातावरण भी दूषित हो रहा है और यह स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदेह है।

## निगम प्रशासन दूसरों को दे रहा नसीहत, खुद कर रहा है लापरवाही...

राहुल नगर फेस-2 में चल रहा है निर्माण कार्य

फेस-1 में रहने वाले 300 से ज्यादा परिवार हो रहे परेशान

### रहवासियों ने एचएफए में शिकायत की, पर नहीं हुई कार्रवाई



निर्माण कार्य से निकलता धुआं।

*रहवासियों ने बताया कि रात के समय धुएं का गुबार आसमान में छाया रहता है। लंबे समय से यह समस्या बनी हुई है। कुछ रहवासियों ने इसकी शिकायत एचएफए के अधिकारियों से की, लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया। इससे रहवासियों की चिंता बढ रही है। रहवासी जितेंद्र सेन ने बताया कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। रात भर धुआं उडता है। इससे यहां रहने वाले सभी लोग परेशान हैं। इस संबंध में जानकारी के लिए एचएफए के प्रभारी नगर यंत्री आरके गोयल से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन काल अटैंड नहीं हआ।*

### रातभर चलती हैं मशीनें, छाया रहता है धुआं

स्थानीय रहवासियों ने बताया कि बीते एक साल से रातभर निर्माण स्थल पर मशीनें काम करती हैं। इससे धुएं का गुबार आसमान में छा जाता है। हवा की दिशा आवासों की ओर होने पर तो घरों में रहना तक मुश्किल हो जाता है। इस समस्या का निराकरण होना चाहिए।



रात में राहुल नगर फेस-1 में धुए का गुबार फैल जाता है, जिससे बिल्डिंग में रहने वाले लोग परेशान है।

## कई स्थानों पर अलाव जलाए गए, रैन बसेरों में विशेष व्यवस्था

# कांप उठा भोपाल पारा, 6.4 डिग्री


हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में सर्दी अब कड़ाके की पड़ने लगी है। शाम होते ही बर्फीली हवाएं लोगों को घर में कैद रहने को मजबूर कर रही हैं। इससे रविवार शाम से ही गर्माहट बनाए रखने के लिए शहर में कई जगह अलाव जलाए गए।

कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए लोग चाय की दुकानों का रूख करने लगे हैं। शाम होते ही कंपकंपी कम करने दोनों हाथों की हथेली आपस में मसलते हुए कई लोग चाय की दुकानों पर पहुंच रहे हैं, जहां गरमा-गरम चाय की चुस्कियों से कुछ राहत मिल रही है। खून जमा देने वाली ऐसी सर्दी में सबसे अधिक ध्यान बुजुर्गों और बच्चों का रखना चाहिए। ऐसे में मौसम केंद्र ने शीतलहर से बचने के लिए विशेष उपाय जारी किए हैं। इन पर अमल करने से परेशानियों और मौसमी बीमारियों से बचाव हो सकता है।

*कंपकंपी से बचने चाय की दुकानों पर पहुंच रहे लोग, चाय से मिल रही कुछ राहत*

*डॉक्टरों ने शीतलहर के दौरान बुजुर्ग, बच्चों का खास ध्यान रखने की दी सलाह*



### शहर में यहां जले अलाव

रविवार को शहर में रात का पारा 84 वर्ष बाद नवंबर के दूसरे सप्ताह की शुरूआत में ही 6.4 डिग्री पर पहुंच गया, जो सामान्य से 9.2 डिग्री कम है। रात में शीतलहर से बचाव के लिए नादरा बस स्टैंड, स्टेशन के सामने, शाहजहांनी पार्क, छोला, चांदबड़, करोंद, भानपुर, नीलम पार्क के साथ ही अन्य कई स्थानों पर अलाव जलाए गए हैं। कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में रैन बसेरा के सामने विशेष रूप से अलाव की व्यवस्था की गई है।

### शीतलहर से बचने यह करें उपाय

मौसम केंद्र ने कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए कुछ विशेष उपाय सुझाए हैं। इनके अनुसार शीतलहर के संपर्क में आने पर संवेदन शून्यता, सफेद अथवा पीले पड़े हाथ एवं पैरों की अंगुलियों, कान तथा नाक की ऊपरी सतह का ध्यान रखें। शीतलहर के अधिक प्रभाव से त्वचा पीली, सख्त एवं संवेदनशून्य तथा लाल फफोले पड़ सकते हैं। यह एक गंभीर स्थिति होती है जिसे गैंगरीन भी कहा जाता है। यह अपरिवर्तनीय होती है, इसलिए शीतलहर के पहले लक्षण पर ही चिकित्सक की सलाह लें तथा तब तक अंगों को गरम करने का प्रयास करें।

### शीतलहर से कंपकंपी बोलन में दिक्कत, अनिंद्रा सांस लेने की समस्या

शीतलहर के प्रभाव से हाइपोथर्मिया हो सकता है। शरीर में गर्मी की कमी से कंपकंपी, बोलन में दिक्कत, अनिंद्रा, मांस पेशियों में अकडन, सांस लेने में समस्या और बेहोशी की अवस्था हो सकती है। यह अधिक गंभीर अवस्था है। इस लिए तत्काल डाक्टर की सहायता लें। शरीर को गर्म बनाए रखने के लिए अपने सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियों को अच्छे से ढ़कें तथा पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े जैसे- दस्ताने, टोपी, मफलर और जल रोधी जूते आदि पहनें। शीतलहर के समय जितना संभव हो घर के अंदर ही रहें। इस समय मौसमी बीमारियों की शिकायत अधिक होती है। जैसे फ्लू, खांसी, सर्दी और जुकाम, इसके लक्षण होने पर डाक्टर से संपर्क करें। इसके साथ ही भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी मौसम के पूर्वानुमान और अलर्ट पर नजऱ बनाए रखें।

### डीईओ ने कलेक्टर को भेजा पत्र, स्कूल टाइमिंग बदलने की सिफारिश

राजधानी में कड़ाके की सर्दी के बीच रविवार को भोपाल के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) ने सोमवार को कलेक्टर को औपचारिक पत्र भेजकर टाइमिंग बदलने की सिफारिश करने की बात कही है। इससे उम्मीद है कि सोमवार से भोपाल में स्कूलों की टाइमिंग में इजाफा हो सकता है। निजी स्कूलों में से अधिकांश ने पहले ही 20 से 30 मिनट समय आगे बढ़ा दिया है, वहीं सरकारी स्कूलों में बदलाव नहीं हुआ है। इनके समय पहले से ही सुबह 10:30 से शाम 4 बजे तक है।

## संचालकों का तर्क- स्थाई परमिट ऐसे निरस्त नहीं होते

# अब मध्य प्रदेश में दौड़ रहीं 15 साल पुरानी 900 बसों का परमिट किया जाएगा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल सहित प्रदेश में दौड़ रही 15 साल पुरानी बसों के परमिट निरस्त होंगे। सरकार ने ऐसी बसों के संचालन को अवैध माना है।

परिवहन विभाग ने ऐसी 900 बसों को चिन्हित किया है। जिनका जल्द ही परमिट निरस्त किए जाने की तैयारी है। परिवहन विभाग के सचिव मनीष सिंह ने प्रदेश के परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा को एक पत्र लिखकर इन सभी बसों की सूची सौंप दी है। इन पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इनमें सबसे ज्यादा खटारा बसें जबलपुर तो सबसे कम रीवा संभाग में चल रही हैं।

सरकार के इस आदेश के बाद बस संचालकों में नाराजगी है। उनकी दलील है कि जब उनकी बसों को परमिट और फिटनेस सर्टिफिकेट दिया गया था, तब उनकी उम्र 15 साल नहीं हुई थी। बसों का फिटनेस और परमिट अभी बकाया है। ऐसे में अचानक बसों को बंद करने का फैसला अव्यवहारिक है।

दरअसल इनके परमिट की वैधता अभी समाप्त नहीं हुई है। इस कारण पूरी संभावना है कि ये बसें फील्ड में अवैध रूप से संचालित हो रही होंगी।

## अधूरी जानकारी पर कई इंजीनियरों से पूरा ब्यौरा जुटाने को कहा

# छुट्टी के दिन भी निगम आयुक्त ने इंजीनियरों से तलब किया प्रोजेक्टों का लेख-जोखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम आयुक्त ने रविवार को अवकाश के दिन भी इंजीनियरों से शहर में चल रहे विकास कार्यों का लेखा-जोखा तलब किया। हालांकि कई इंजीनियर पूरी जानकारी नहीं दे पाए। इस पर उन्होंने पूरी जानकारी जुटाने को कहा। इस बैठक की पुष्टि निगम आयुक्त ने की है। बताया जा रहा है कि यह मीटिंग निगम आयुक्त ने वीसी के माध्यम से ली है।

नगर निगम की गुरुवार को आयोजित टीएल बैठक में आयुक्त संस्कृति जैन ने निगम के विभिन्न विभागों के इंजीनियरों को कड़ी फटकार लगाई थी। दरअसल,





आयुक्त ने सभी विभागों से निर्माण कार्यों और वित्तीय स्थिति की रिपोर्ट एक तय फार्मेट में मांगी थी, लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी इंजीनियर रिपोर्ट नहीं दे पाए थे। जब टीएल बैठक में आयुक्त ने रिपोर्ट मांगी तो ज्यादातर इंजीनियर जवाब देने से कतराते नजर आए। इस पर नाराज होकर आयुक्त ने निर्देश दिए थे कि जब तक रिपोर्ट नहीं दी जाती, तब तक आठ दिन का वेतन जारी नहीं किया जाएगा।

### इंजीनियरों से यांत्रिक सीवेज, जलकार्य की जानकारी मांगी

जानकारी के अनुसार, एचएफए, यांत्रिक, सीवेज, जलकार्य, एसबीएम और उद्यान शाखा में चल रहे निर्माण कार्य किस मद में हो रहे हैं और वित्तीय शाखा में कितनी राशि उपलब्ध है और अब तक कितना भुगतान किया गया है। इसका ब्यौरा मांगा गया था। आयुक्त ने इसके लिए एक सप्ताह का समय दिया था, लेकिन समय सीमा समाप्त होने के बाद भी रिपोर्ट नहीं दी गई।

सायबर सेल ने जारी की एडवाइजरी एपीके फाइल इंस्टाल न करें

# एसआईआर फार्म के नाम पर ओटीपी मांगकर ठगी कर रहे हैं साइबर अपराधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

साइबर अपराधी अब विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) यानि एसआईआर प्रक्रिया के नाम पर ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

साइबर अपराधी एसआईआर फार्म या इसी नाम से फर्जी कॉल कर ओटीपी मांगते हैं और बैंक खाते से रकम ट्रांसफर कर लेते हैं। यह भ्रमित करने के लिए सरकारी दिखने वाले नामों अथवा लोगो का इस्तेमाल कर एसआईआरडॉटएपीके फाइल नाम से फर्जी एपीके इंस्टाल कराते हैं।

### *साइबर अपराधियों से इस तरह से करें बचाव*

- यदि किसी अनजान व्यक्ति का कॉल आए और वह कहे कि आपके एसआईआर फार्म के लिए आपके मोबाइल पर एक ओटीपी भेजा गया है, वह हमें बता दें तो किसी भी स्थिति में ओटीपी साझा न करें।
- कोई भी सरकारी एजेंसी कभी भी कॉल, वाट्सएप, एसएमएस या एपीके फाइल के माध्यम से ओटीपी, बैंक खाते आदि की जानकार नहीं मांगती है। किसी से यह साझा न करें।
- किसी एसआईआरडॉटएपीके फाइल को डाउनलोड या इंस्टाल करने से आपके मोबाइल से कांटेक्ट्स, फोटो, मैसेज और बैंकिंग जानकारी चोरी हो सकती है। आपके एसएमएस पढकर आपके बैंक खाते से पैसे निकाले जा सकते हैं। सोशल मीडिया, ईमेल और यूपीआई एप्स के लॉगिन क्रेडेंशियल्स चुराए जा सकते हैं। मोबाइल में वायरस या मालवेयर डाल जा सकता है।

# 5.90 करोड़ के वाटर वॉल और फाउंटेन का दो साल में केवल बन पाया स्ट्रक्चर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के बड़े तालाब पर वाटर वॉल और फाउंटेन प्रोजेक्ट दो साल बाद भी अधूरा है। इसका केवल स्ट्रक्चर ही बन पाया है, जबकि तीन माह में इसे पूरा करने का लक्ष्य था।

दावा किया गया था कि वाटर वॉल एंड फाउंटेन में थ्रीडी इफेक्ट्स के साथ खूबसूरत कृतियां तालाब की लहरों से उठती हुई दिखाई देंगी, लेकिन फिलहाल स्ट्रक्चर पानी में जरूर नजर आ रहा है। निगम प्रशासन का तर्क है कि सभी प्रोजेक्ट की जानकारी मंगाई गई है। जो प्रोजेक्ट राशि के कारण रुके हैं, वे जल्द ही शुरू होंगे।

## दावा था- वाटर वॉल एंड फाउंटेन में थ्रीडी इफेक्ट्स के साथ खूबसूरत कृतियां तालाब की लहरों से उठती दिखाई देगी



बड़े तालाब पर वाटर वॉल और फाउंटेन प्रोजेक्ट के लिए बनाया गया स्ट्रक्चर।

### निगम प्रशासन का तर्क- जल्द होगी राशि की व्यवस्था

बड़े तालाब पर राजा भोज सेतू के पास 5.90 करोड़ की वॉटर वॉल और फाउंटेन परियोजना स्मार्ट सिटी द्वारा शुरू की गई थी, लेकिन राशि की व्यवस्था नगर निगम को करना थी। केवल स्ट्रक्चर बनने के बाद राशि की व्यवस्था नहीं सकी। लिहाजा तब से ही काम रुका हुआ है। निगम प्रशासन का कहना है कि शहरभर में सभी प्रोजेक्ट की जानकारी एकत्र की जा रही है। कहां ओर क्यों काम रुका है। जल्द ही रुके हुए काम शुरू होंगे।

## स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और सार्वजनिक स्थलों पर स्ट्रीट डॉग की कितनी संख्या इसका सर्वे कर लगाया जाएगा अनुमान

# एक एकड़ में 1500 आवारा कुत्तों की व्यवस्था के लिए निगम बना रहा शेल्टर होम का प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नगर निगम प्रशासन स्ट्रीट डॉग के लिए शेल्टर होम व अन्य सुविधाएं जुटाने की तैयारी में जुट गया है। वेटनरी विभाग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि शहर के सभी स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थलों पर स्ट्रीट डॉग की संख्या का आंकलन कर योजना को अंतिम रूप लिया जाएगा।

प्रारंभिक तैयार प्रारूप में एक एकड़ भूमि पर 1500 डॉग के रहने की व्यवस्था का अनुमान लगाया गया है। अभी ऐसे स्थलों का सर्वे कार्य बाकी है। शहर में चल रहे इज्तिमा के समापन के बाद निगम प्रशासन तैयार ड्राफ्ट का रिव्यू करेगा। 13 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई होना है।

निगम के वेटनरी शाखा के अधिकारियों के अनुसार जिन सार्वजनिक स्थलों से स्ट्रीट डॉग को पकड़कर शेल्टर होम में रखना है, वहां स्ट्रीट डॉग की संख्या का अनुमान लगाने के लिए सर्वे किया जाएगा। एक अनुमान के अनुसार राजधानी में सवा लाख से ज्यादा स्ट्रीट डॉग हैं, लेकिन सार्वजनिक स्थलों पर इनकी संख्या सीमित है। इसलिए दो से तीन शेल्टर बनाने की जरूरत होगी। हालांकि पहले चरण में प्रयोग के तौर पर यह शेल्टर बनाए जाएंगे, उसके बाद इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी।



फाइल फोटो

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन कर रहे हैंः निगम आयुक्त जैन

*निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि निगम सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पूरी तरह से पालन कर रहा है। आगामी कार्य योजना तैयार है। स्ट्रीट डॉग को लेकर दिए गए निर्देशों के अनुसार सभी कार्य संचालित हो रहे हैं। शेल्टर होम व अन्य सुविधाओं को जुटाने का काम शुरू कर दिया गया है।*

### भूमि चिन्हित करने का काम होगा जल्द

शेल्टर के लिए राजधानी में ही भूमि चिन्हित की जाएगी। निगम प्रशासन का मानना है कि शहर की सीमा से सटे क्षेत्रों में इनका निर्माण किया जाए, ताकि एकांत वातावरण में इन्हें रखा जा सके।

### यह सुविधाएं जुटाई जाएंगी

प्रत्येक शेल्टर का निर्माण एक से डेढ एकड़ में किया जाएगा। यहां स्टाफ क्वार्टर भी होंगे। ओटी, किचन, क्वारेंटाइन सेंटर, मेडिकल की सुविधा होगी। खानपान और देखरेख का पूरा इंतजाम होगा। निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाना भी प्रस्तावित किया गया है।

शाहपुरा पार्क में एनिमल एक्टिविस्ट और समाजसेवी संगठन पहुंचे

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से नाराज पशु प्रेमियों ने हाथों में पैट लेकर किया शांतिपूर्ण प्रदर्शन

सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्ट्रीट डॉग को स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक क्षेत्रों से हटाने तथा उन्हें शेल्टर में रखने के आदेश के खिलाफ रविवार को शाहपुरा स्थित ऋषभदेव पार्क में पशु-अधिकार कार्यकर्ता और पशु-प्रेमियों ने एकत्र होकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।

कई पशु प्रेमी हाथों में पैट लेकर पहुंचे थे। इस प्रदर्शन में एनिमल एक्टिविस्ट, वॉलंटियर्स, रेस्क्यू ग्रुप्स और समाजसेवी संगठन से जुडे लोग शामिल हुए। पीएफए की स्टेट प्रेसीडेंट स्वाति गौरव ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे इस प्रदर्शन में शहरों के एनिमल एक्टिविस्ट, वॉलंटियर्स, रेस्क्यू ग्रुप्स और समाजसेवी संगठन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन एक राष्ट्रीय एकजुटता का प्रतीक है। इसका उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट और सरकार दोनों का ध्यान इस ओर आकर्षित करना है कि कुत्तों को हटाने के बजाय नसबंदी, वैक्सीनेशन, समुदायिक देखभाल और कानून-आधारित समाधान पर जोर दिया जाए।



शाहपुरा स्थित ऋषभदेव पार्क में पशु प्रेमियों ने विरोध प्रदर्शन किया।

## आरपीएफ ने देर रात रेस्क्यू कर बचाई जिंदगी

# चलती ट्रेन से गिरे दो यात्री गंभीर रूप से घायल, एंबुलेंस नहीं आ सकी तो दो किमी तक स्ट्रेचर पर लेकर गए आरपीएफ जवान और रेलवे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल-बीना रेलवे सेक्शन पर दो अलग-अलग ट्रेनों में चलती ट्रेन दो यात्रियों के गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। आरपीएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर रविवार को दो जिंदगियों को बचा लिया।

■ भोपाल-बीना रेलवे सेक्शन पर दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो यात्री हुए थे गंभीर रूप से घायल

जानकारी के मुताबिक पहला हादसा शनिवार-रविवार रात करीब दो बजे भोपाल-बीना रेलवे सेक्शन के गुलाब गंज स्टेशन के पास हुआ। घटना की जानकारी विदिशा आरपीएफ को मिली। इसके बाद गुलाब गंज से आरपीएफ जवान इंद्र यादव को घटना स्थल भेजा गया। इस दौरान 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। लेकिन जगल व पथरीला रास्ता होने के चलते एंबुलेंस वहां तक नहीं पहुंच सकी।

ऐसे में आरपीएफ जवान इंद्र यादव,रेल कर्मचारी अरविन्द अहिरवार, सोनू कुशवाह व अंकित सोनी दो किमी तक स्ट्रेचर से घायल व्यक्ति को लेकर गुलाब गंज सरकारी अस्पताल पहुंचे। लेकिन हालत गंभीर होने से उसे विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। यहां घायल यात्री का उपचार किया जा रहा है।


ट्रेन से गिरकर घायल यात्री को बचाने पहुंची रेस्क्यू टीम।


विदिशा एंड गेट मिला ट्रेन से गिरा दूसरा यात्री।

### यात्री कुछ भी नहीं बोल पा रहा था

हादसे में गंभीर रूप से घायल होने की वजह से यात्री कुछ भी नहीं बोल पा रहा था। इसके चलते वह ट्रेन से कैसे गिरा, इसकी जानकारी आरपीएफ को नहीं लग सकी है। आरपीएफ जवानों के अनुसार घायल व्यक्ति की भाषा व देखने से नेपाल का लग रहा है।

### विदिशा एंड पर दूसरा घायल मिला

इसी तरह एक अन्य घटना में गुलाब गंज स्टेशन के पास विदिशा एंड गेट नंबर 900/29 पर घायल पड़े होने की सूचना मिली। इस घटना में आरपीएफ जवान इंद्र यादव घटना स्थल पहुंचे। रेलवे कर्मचारियों की मदद से यात्री को गुलाब गंज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

यात्री एक पास एक जनरल टिकट मिली है। जिसके आधार पर यात्री पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से लोकमान्य तिलक के लिए सफर कर रहा था। घायल यात्री अभी कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है।

## खबर संक्षेप



### मासिक धर्म स्वच्छता एवं शिक्षा के लिए कार्यशाला

**औबेदुल्लागंज।** शासकीय चिकित्सालय बरखेड़ा की संस्था प्रभारी डॉ. आरजू खान ने कार्यशाला के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को मेंस्ट्रूअल कप के उपयोग के प्रति जागरुक किया। इसके बाद निःशुल्क मैन्युअल कप वितरित किए गए। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता तथा शिक्षा के प्रति जागरूक करने की योजना है। डॉ. आरजू खान की जनसेवा की जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सराहना की।

### विशाल खाटूश्याम भजन संध्या का आयोजन आज

**औबेदुल्लागंज।** सकल हिंदू समाज हिरानिया के तत्वावधान में आज सोमवार को नगर में भव्य खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन होने जा रहा है। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक चेतन्य दाधीच और आस्था माली प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम सब्जी बाजार, मेन रोड में शाम 7:15 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के अध्यक्ष राजेश खटीक (पहलवान), पार्षद वार्ड 5 हैं।



### भारत के संविधान पर प्रदर्शनी का आयोजन



**औबेदुल्लागंज।** एक मॉल में आर्ट गैलरी में ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, औबेदुल्लागंज और सेनसेड संस्था की द कलर्स ऑफ द कॉन्स्टिट्यूशन प्रदर्शनी में औबेदुल्लागंज के बच्चों ने संविधान के मौलिक अधिकार, कर्तव्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों को अपने चित्रों से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में रंगकर्मी राजीव वर्मा, अंतरराष्ट्रीय सितार वादक स्मिता नागदेव, पूर्व डीजीपी अन्वेष मंगलम, सेवानिवृत्त आईएएस अजातशत्रु श्रीवास्तव सहित प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं।

## बिजनेसमैन फील्ड पर रहकर व्यापार बढ़ाने कर रहा था प्रयास

# महिला पार्टनर ने पति के साथ मिलकर चार करोड़ की मशीन 59 लाख में बेची

◆ *महिला पार्टनर ने बिना इजाजत के बेच दी मशीन, बाकी किराए पर दी*

◆ *विदेश यात्रा के बाद बीमार हुए, इस दौरान आरोपियों ने सामान बेच दिया*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित औद्योगिक क्षेत्र में मेसर्स एएस इंड्रस्टीज के मालिक को उनकी ही महिला पार्टनर ने चार करोड़ रुपए का चूना लगा दिया गया। दरअसल, महिला पार्टनर ने पति के साथ मिलकर इंड्रस्टीज की चार करोड़ की मशीन इंदौर की एक इंड्रस्टीज को महज 59 लाख रुपए में बेच दी। बाकि 11 मोल्डिंग मशीन को करीब ढाई लाख रुपए प्रतिमाह किराए पर दे दिया। जब इंड्रस्टीज के मालिक को घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने अशोका गार्डन पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था। पुलिस ने आवेदन जांच के बाद महिला पार्टनर और कंपनी में मैनेजर का काम देखने वाले पार्टनर के पति पर धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस के अनुसार विजय साधवानी (47) पंचवटी कालोनी लालघाटी एयरपोर्ट रोड पर रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में वह एएस इंडस्ट्रीज नाम से फैक्ट्री का संचालन करते हैं। उनकी फैक्ट्री में सुहानी साधवानी 50 प्रतिशत की बिजनेस पार्टनर है। वर्ष 2015 से वह पार्टनर सुहानी साधवानी के साथ फैक्ट्री का संचालन कर रहे थे। फैक्ट्री में 11 मोल्ड और 2 मशीने थी, जिनसे कुर्सियों और प्लाष्टिक का फर्नीचर बनाया जाता है। फैक्ट्री में विजय साधवानी और सुहानी साधवानी 50-50 के पार्टनर है। लिहाजा आपसी सहमति से विजय प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों में व्यापारियों से मिलकर कर फर्म को नया बिजनेस लाकर देते हैं। फैक्ट्री में शुरुआत से ही लेन-देन और आर्थिक संव्यवहारों की जिम्मेदारी सुहानी साधवानी और उसके पति राहुल साधवानी को दे रखी थी। राहुल को सुहानी ने अपनी फर्म में मैनेजर बनाया था। विजय, अपनी पार्टनर सुहानी साधवानी पर विश्वास करते थे। लिहाजा वह फैक्ट्री में कम और बाहर




बिजनेस बढ़ाने पर ज्यादा ध्यान देते थे। वे फैक्ट्री में बनने वाले माल को बेचने के लिए महीने में 15 से 20 दिन बाहर रहते हैं। 14 जुलाई 2025 से 30 जुलाई 2025 तक विजय विदेश यात्रा पर थे। 1 अगस्त को वह भोपाल पहुंचे और बीमार हो गए। सर्वाइकल स्पोडेलाईसिस बीमारी होने के कारण डॉक्टर ने उन्हें बेड रेस्ट की सलाह दी और वह घर पर थे। इसी दौरान प्लांट के मैनेजर शशिकांत ने उन्हें बताया कि आपकी पार्टनर सुहानी साधवानी और उनके पति राहुल साधवानी ने फैक्ट्री से 11 मोल्ड और 2 मशीनें कहीं भेज दी है।

### इंदौर की कंपनी में बेची मशीन

विजय साधवानी ने मशीनों के बारे में अपने स्तर पर पता लगाया। पता चला कि 2 मशीनें जो एएस इंडस्ट्रीज के नाम पर खरीदी गई थीं, उसे पार्टनर सुहानी साधवानी ने अपने पति राहुल साधवानी के साथ मिलकर 59 लाख रुपए में बीएंडबी कंपनी को बेच दी। 11 मोल्ड मशीनों को 2 लाख 42 हजार 490 रुपए किराए पर दिया गया है।

विजय सधवानी ने फेक्ट्री के अकाउंट की जानकारी जुटाई तो पता चला कि 25 नवंबर को बीएंडबी कंपनी से 15 लाख रुपए सुहानी की सास सरिता साधवानी खाते में डाले गए हैं। उनके खाते से सुहानी ने 15 लाख अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। इसके अलावा 34 लाख रुपए एएस इंडस्ट्रीज के खाते में डाले गए थे, वह सुहानी साधवानी ने अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए।

### 11 एकड़ सरकारी जमीन निजी बताकर बेच दी, कलेक्टर की जांच में हुआ खुलासा

सीहोर जिले के बिलकिसगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रत्नाखेड़ी में सरकारी भूमि पर एक बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। दो पटवारियों और तीन स्थानीय व्यक्तियों ने मिलकर करीब 11 एकड़ शासकीय जमीन को निजी संपत्ति के रूप में दर्ज करवा दिया था। जांच में सामने आया कि यह फर्जीवाड़ा करीब दो दशक पहले वर्ष 2003 से 2005 के बीच हुआ था। उस समय पदस्थ पटवारी हरिसिंह चौहान और जितेंद्र कौशल ने अपने पद का दुरुपयोग कर सरकारी जमीन को निजी नामों में दर्ज करने में मदद की। आरोप है कि उन्होंने स्थानीय निवासी इकरार अहमद, अनसार अहमद और निसार अहमद के साथ मिलकर फर्जी खसरे तैयार किए और 4.451 हेक्टेयर भूमि को रिकॉर्ड में निजी बना दिया। कलेक्टर ने तत्काल निर्देश जारी कर भूमि को दोबारा राज्य शासन के नाम दर्ज कराने और आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई करने को कहा। मामले का खुलासा तब हुआ जब भूमि के खरीदारों का नामांतरण नहीं हो पाया। खरीदारों ने राजस्व विभाग से बार-बार गुहार लगाई, पर प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी तो उन्होंने शिकायत दर्ज कराई।

# 14 साल की नाबालिग से बहन के पति ने किया दुष्कर्म, गर्भवती होने पर खुलासा

## पेट में दर्द और उल्टियां होने पर पिता लेकर पहुंचे थे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बाग सेवनिया थाना क्षेत्र के बाग मुगालिया में 14 साल की नाबालिग से उसके जीजा ने दुष्कर्म किया। घटना का खुलासा शनिवार को उस समय हुआ जब तबीयत बिगड़ने पर पिता नाबालिग बेटी को अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने उसके गर्भवती होने की पुष्टि की। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाबालिग की काउंसलिंग कराई।

काउंसिलिंग में बच्ची ने बताया कि अक्टूबर महीने में उसके जीजा घर आया था। डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करने के बाद भी उसने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बलात्कार व पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बाग मुगालिया निवासी 14 साल की नाबालिग ने पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी और अब वह घर पर रहकर घरेलू काम संभाल रही है। पिता मेहनत-मजदूरी करते हैं जबकि मां की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। विगत 24 अक्टूबर की सुबह बालिका घर पर थी। पिता काम पर चले गए थे जबकि मां सो रही थी। उसी दौरान नाबालिग का जीजा रिषी घर पहुंचा और डरा-धमकाकर नाबालिग से दुष्कर्म किया। उसने धमकी दी थी कि यदि पिता को दी तो वह परिवार को खत्म कर देगा। डर के कारण नाबालिग ने किसी को घटना की जानकारी नहीं दी। एसआई गुर्जर ने बताया कि दो दिन पहले नाबालिग की तबीयत खराब होने पर पिता उसे अस्पताल इलाज के लिए लेकर गए थे।

## कॉलेज छात्राओं को बेहतर कॉर्पोरेट एक्सपोजर प्रदान करने बनी कमेटी


शपथ ग्रहण समारोह में चयनित छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट फॉर वूमेन ने कॉर्पोरेट जगत में बेहतर स्थान पाने के उद्देश्य से 'स्टूडेंट ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट कमेटी' का गठन किया है। समिति का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को बेहतर कॉर्पोरेट एक्सपोजर प्रदान करना है। संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट फॉर वूमेन ने एमबीए, बीबीए और इंटीग्रेटेड एमबीए के सेमेस्टर की छात्राओं को चयन प्रक्रिया से इस 'स्टूडेंट ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट कमेटी' के लिए चुना। छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक हीरो ज्ञानचंदानी मौजूद थे।

## युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**भोपाल।** श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा नगर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अचानक तबीयत बिगड़ने पर पत्नी उसे अस्पताल ले जा रही थी, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वह दो महीने से वह बीमार था। टायफाइड होने के कारण प्राइवेट अस्पताल में इलाज करा रहा था। शाहवर खान (35) कृष्णा कॉलोनी श्यामला नगर में रहता था और एमपी नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में काम करता था। उसकी शादी दो साल पहले ही हुई थी। उसकी पत्नी गर्भवती है। उसकी पत्नी ने पुलिस को बताया कि करीब दो महीने से पति की तबीयत खराब थी। वह प्राइवेट अस्पताल में इलाज करा रहे थे। इसके अलावा झाड़फूंक भी करवाई थी।

## शासकीय स्कूल खेल मैदान में सनातन धर्मसभा का आयोजन

# सनातन धर्म की रक्षा के लिए हिंदुओं को संस्कार आत्मसात कर होना होगा संगठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

सनातन धर्म को मजबूत बनाने और राष्ट्र की रक्षा के लिए सनातनी कहने मात्र से कुछ नहीं होगा, बल्कि इसके लिए सनातनी संस्कारों को जीवन में आत्मसात करना जरूरी है। यह बात रविवार को शासकीय स्कूल खेल मैदान मंगल बाजार पर आयोजित विशाल धर्म सभा में आए विद्वानों, संत-महात्माओं और धर्म प्रचारकों ने कही।

सभा में हजारों लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि घरों में माता-पिता का आपसी सम्मान, धर्म ग्रंथों का नियमित अध्ययन, बच्चों को मंदिर ले जाना और गाय के लिए रोटी का प्रबंध जैसी प्रथाएं अपनानी चाहिए। घर ही पहला गुरुकुल है।


सनातन धर्मसभा को संबोधित करते विद्वान व मंच पर उपस्थित धर्म प्रचारक।

### सनातन धर्म राष्ट्र निर्माण का आधारः राष्ट्रीय अध्यक्ष शुक्ला

यह धर्म सभा सकल हिंदू समाज के पूर्ण सहयोग से भगवा पार्टी ने आयोजित की थी। कार्यक्रम का उद्देश्य सनातन धर्म के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज को एकजुट करना था। भगवा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकांत शुक्ला ने कहा कि सनातन धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण का आधार है। प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार भार्गव ने धर्म सभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नियमित रूप से होने चाहिए ताकि हिंदू समाज एक मजबूत इकाई बन सके। आयोजन के समन्वयक योगेंद्र शास्त्री ने कहा कि यह सभा न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक है। भविष्य में कार्यक्रमों को ग्रामीण क्षेत्रों तक ले जाने की योजना है।

## संत नगर के वार्ड चार में मतदाताओं को बांटे एसआईआर फॉर्म



**संतनगर।** हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा के निर्देश अनुसार हुजूर विधानसभा 155 संत हिरदाराम मंडल अंतर्गत वार्ड चार के बूथ क्रमांक 94, एसआईआर मतदान सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के शासकीय बीएलओ कला रजक के साथ रविवार को भाजपा नेता महेश खटवानी, प्रकाश थदानी, सुरेश देवनानी, प्रकाश सबनानी, नारायणदास सबनानी ने मतदाता सूची एवं बूथ के मतदाताओं सूची विशेष गहन पुनरीक्षण सहयोग कराया और मतदाताओं को फॉर्म वितरित किए।

## औबेदुल्लागंज में राजनीतिक दलों में हलचल तेज

# नगर पंचायत अध्यक्ष चुनाव के लिए अभी से तैयारी में जुटे जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद औबेदुल्लागंज में नगर पंचायत अध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। कई नेता चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में जुट गए हैं।

अध्यक्ष पद के संभावित दावेदारों में कथावाचक अरुण भावसार, कांग्रेस नेता व पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महेश जैन, नगर पालिका उपाध्यक्ष के पति बागीश अग्रवाल, प्रभावी छवि वाले अंकित अग्रवाल, ढाबा संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह उर्फ राजू, आप पार्टी के दीपक दुबे, व्यापार महासंघ के सचिव प्रदीप अरोरा और बसपा के कुंवर सिंह नागर के नाम चर्चा में हैं। आरएसएस से जुड़े नगर के वरिष्ठ द्विज चौरसिया, श्रीराम श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खटीक, कांग्रेस नेता गंभीर



संजय सिंह चौहान, वरिष्ठ पार्षद एवं विधायक के करीबी दीपू परमार, कांग्रेस नेता दुर्गेश यादव, आदिवासी नेता विनोद इरपाचे, वार्ड 13 के प्रभावशाली नेता रामकिशोर नंदवंशी, अर्जुन नगर के नेता वचन लोधी, नारी शक्ति संगठन की अध्यक्ष आरती यादव, कांग्रेस के युवा नेता अनिल प्रजापति, भाजपा नेता रामेश्वर नागर, व्यापार महासंघ व किसान संगठन से जुड़े कैलाश 'डब्बू' नागर और हिंदू उत्सव समिति के उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल सक्रिय दिखाई दे रहे हैं।

### यह भी चुनावी मैदान में उतरने को तैयार

नगर में चर्चा है कि पूर्व नपा अध्यक्ष हरप्रीत कौर बिट्टू और उनके पति त्रिलोचन सिंह बिट्टू भी मजबूत दावेदार हैं। स्थानीय व्यापारी नेता अनिल अरोड़ा के अनुसार चार बार के पार्षद आमिर ममनून भी अध्यक्ष पद की दौड़ में उतर चुके हैं। नगर की महिलाएं रेखा बाई, रामबाई और आकशी देवी ने बताया कि 2015 में अध्यक्ष रहते हुए हरप्रीत कौर बिट्टू पूरे कार्यकाल में वार्ड-वार्ड तथा घर-घर जाकर सक्रिय रहीं और धार्मिक कार्यक्रमों में भी नियमित योगदान देती रहीं। नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता द्वारा किए जाने के कारण सभी दावेदार जनता के बीच अपनी सक्रियता बढ़ा रहे हैं और नगर में राजनीतिक हलचल चरम पर है।

## बैरसिया में मनख्याई जोड़ पर हुआ था हादसा, निजी अस्पताल में हुई मौत

### मां को लेने पहुंचा था युवक लौटते समय हुई दुर्घटना

# दो बाइक आपस में टकराईं, दोनों बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित मनख्याई जोड़ पर दो बाइक की आपस में हुई टक्कर से दो युवकों की मौत हो गई। हादसा गत पांच नवंबर का है। बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी, जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक गंभीर था, जिसकी इलाज के दौरान शनिवार दोपहर मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिए है।

पुलिस के अनुसार नंद किशोर उर्फ नंदू पिता मुन्नालाल (35) सुंदरपुरा बैरसिया में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गत 5 नवंबर की शाम वह सुंदरपुरा से बैरसिया अपनी मां को लेने बाइक से गया था। इस दौरान पता चला कि मां ऑटो से घर पहुंच गई है। रात करीब साढ़े 8 बजे




वह बाइक से घर लौट रहा था। मनख्याई जोड़ राज दरबार ढाबा के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक टकरा गई। इस हादसे में नंद किशोर को गंभीर चोट आई थी। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां पता चला कि उसकी मौत हो गई। इस हादसे में दूसरी बाइक पर सवार मनोज पिता मंशाराम मेहर (31) निवासी कचनारिया को गंभीर चोट आई थी। मनोज का भोपाल स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान शनिवार दोपहर मनोज की मौत हो गई।

## बर्थ-डे पार्टी में हुआ विवाद, बदला लेने थार में टक्कर मारी, छात्र से मारपीट

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित केरवा रोड पर शनिवार देर रात एमबीए छात्र की थार गाड़ी में एक कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पत्थर से टकराकर रुक गई। इसी बीच कार से उतरे चार युवकों ने छात्र पर लात-घूंसों और रॉड से हमला कर दिया।

दरअसल, छात्र का अपने दोस्त के बर्थ-डे पार्टी में इन चारों युवकों से विवाद हुआ था। विवाद के बाद आरोपियों ने बदला लेने उसकी थार गाड़ी में अपनी कार से टक्कर मारी फिर उसके साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जान बूझकर एक्सीडेंट करने और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार शिवम मिश्रा पिता दीपक मिश्रा (25) सी सेक्टर, सर्वधर्म कालोनी कोलार में रहता है और निजी कॉलेज से एमबीए सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहा है। उसने पुलिस को बताया 15 नवंबर शनिवार को उसके दोस्त शुभम मेहरा का बर्थ-डे था। शुभम ने बर्थ-डे पार्टी साक्षी चौराहा के पास बेलाकासा रेस्टोरेंट में रखी थी। शुभम मेहरा के कहने पर वह पार्टी शामिल होने अपनी थार गाड़ी से गया था। वहां शुभम के अन्य दोस्त मिले, जो आष्टा के निजी कॉलेज में पढ़ते हैं और वहीं से आए थे। रात करीब 12 बजे के लगभग खाना खाने व केक काटने के बाद किसी बात को लेकर शिवम और शुभम के दोस्तों में बहस हो गई। बहस बढ़ने के बाद शिवम अपनी थार गाड़ी से घर जाने के लिए निकल गया। केरवा डेम रोड पर पहुंचने पर शिवम को पीछे से एक कार आती हुई नजर आई। शिवम संस्कार वेली स्कुल के पास पहुंचा ही था कि उक्त कार ने शिवम की थार में पीछे से टक्कर मार दी। शिवम ने डर के कारण कार सड़क के नीचे उतार दी। इससे थार का अगला टायर पत्थर से टकरा गया और गाड़ी रुक गई।

## निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दिया चुनावी प्रशिक्षण

### मतदान प्रक्रिया, आचार संहिता व बूथ प्रबंधन बताया


वीर सावरकर कॉलेज में दलों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देते ट्रेनर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

भोजपुर विधानसभा क्षेत्र-141 के वीर सावरकर कॉलेज में रविवार को निर्वाचन विभाग के ट्रेनर ने दलों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण सत्र में एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, तहसीलदार हेमंत शर्मा तथा विकास गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं भाजपा के ओमप्रकाश मीणा, राजेंद्र नागर, हरगोविंद वर्मा, पूजा लोधी, हेमराज चौहान सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस की ओर से हरजीत सिंह मंगू, विनोद इरपाचे, राजू मेहरा, उत्तम यादव, आशीष गौर, सुदर्शन लोवंशी, महेंद्र धाकड़ और कमलेश लोधी सहित कार्यकर्ता शामिल हुए।

# वोटर लिस्ट की एक गलती बदल सकती है परिणाम, एसआईआर को दें प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं एसआईआर के राष्ट्रीय प्रभारी तरूण चुघ, प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने रविवार को ग्वालियर के आकाशवाणी तिराहा स्थित होटल रमाया में ग्वालियर-चंबल संभाग की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआरआई) को लेकर आयोजित संभागीय बैठक को संबोधित किया। चुघ ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है।

एसआईआर एक पूरी तरह सामान्य, नियमित और संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसका पालन हर सरकार, चाहे किसी भी दल की हो अनिवार्य रूप से करती है। एसआईआर लोकतंत्र की मजबूती का सबसे प्रभावी साधन है, इसलिए कार्यकर्ताओं को पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ जुटना हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि एसआईआर कोई साधारण या एक दल से संबंधित प्रक्रिया नहीं है, बल्कि वर्ष 2028 के चुनाव में भाजपा की जीत और हार को निर्णायक रूप से प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण चुनावी सफलता की कुंजी है।

## मेरा बूथ सबसे मजबूत करने की पहली सीढ़ी मतदाता सूची को सही करना है

*एसआईआर प्रक्रिया हमारे लिए भविष्य की चुनावी सफलता की कुंजी*

*एसआईआर को पूरी गंभीरता से लागू कर मजबूत करें मेरा बूथ सबसे मजबूत*



भाजपा की ग्वालियर-चंबल संभाग की संभागीय बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

### 2028 की जीत के लिए युद्धस्तर पर काम जरूरी: खंडेलवाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि मप्र की तासीर ही ऐसी है कि यहाँ भाजपा का काम हर क्षेत्र में उत्कृष्ट रहता है और संगठन हर चुनौती को अवसर में बदलने की क्षमता रखता है। एसआईआर कोई साधारण या एक दल से संबंधित प्रक्रिया नहीं है, बल्कि वर्ष 2028 के चुनाव में भाजपा की जीत और हार को निर्णायक रूप से प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक है। वर्ष 2028 की चुनावी सफलता के लिए जितनी अधिक गंभीरता अभी दिखाई जाएगी, सफलता उतनी ही सुनिश्चित होगी।

### मतदाता सूची त्रुटिरहित बनाना हम कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी

*खंडेलवाल ने कहा कि संगठन की शक्ति और 2028 की जीत दोनों का आधार एसआईआर है। मतदाता सूची की एक गलती से परिणाम बदल सकते है, इसलिए कार्यकर्ता एसआईआर को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर कार्य में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2028 एवं लोकसभा चुनाव की प्रचंड जीत का आधार, बूथ मजबूती और बीएलए की सक्रिय भूमिका रहेगी। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। एसआईआर को पूरी गंभीरता से लागू कर मेरा बूथ सबसे मजबूत बनाने की जिम्मेदारी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की है। बैठक को एसआईआर समिति के प्रदेश संयोजक व विधायक भगवानदास सबनानी ने भी संबोधित किया।*

### भाजपा का उद्देश्य मात्र सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि जनसेवा है

*भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव चुघ ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक और प्रत्येक कार्यकर्ता को वोट देने का अधिकार सुनिश्चित करना अत्यधिक जरूरी है और इसी मतदान व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एसआईआर की प्रक्रिया की आवश्यकता पड़ती है। यह केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गंभीर जिम्मेदारी है। इसलिए हर कार्यकर्ता को इसे अत्यंत गंभीरता, प्रतिबद्धता और पूर्ण दक्षता के साथ पूरा करना है। मप्र और गुजरात के भाजपा कार्यकर्ता हमेशा से संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने, बूथ प्रबंधन मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाते आ रहे हैं।*

---

## खबर संक्षेप

### 209 मरीजों का नेत्र परीक्षण, चश्मा एवं दवाइयां वितरित



**भोपाल।** सत्य मंदिर विदिशा रोड बैरसिया में रविवार को लॉयंस क्लब बैरसिया सत्य समाज शाखा, लायंस क्लब कपल द्वारा मासिक रूप में 69वां नेत्र जांच एवं स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 209 मरीजों की जांच की गई और 107 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयन कर ऑपरेशन हेतु सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर भेजा गया।

### प्राध्यापक यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार के लिए श्रीकृष्ण पाण्डेय चयनित



**भोपाल।** प्राध्यापक यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार-2025 की चयन समिति ने इस वर्ष पुरस्कार के लिए 'स्माइल रोटी बैंक फाउंडेशन' के अध्यक्ष श्रीकृष्ण पाण्डेय 'आजाद' (गोरखपुर, उत्तर प्रदेश) का चयन किया है, वे बाल भिक्षावृत्ति रोकने, निस्सहाय मनोरोगियों के पुनर्वास तथा सेवा, विभिन्न कारागारों में निरूद्ध बंदियों के मनोविकास हेतु परामर्श द्वारा अपराध छोड़ समाज की मुख्यधारा में वापस आने, नशाखोरी रोकने आदि सामाजिक कार्यों से समाज में परिवर्तन लाने हेतु उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं।

---

### उज्जैन और शाजापुर हैं जुड़वां भाई, शाजापुर को भी मिल रहा उज्जैन के विकास का लाभ

# मक्सी अब ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में पहचाना जाएगा

**मुख्यमंत्री औद्योगिक प्रक्षेत्र मक्सी में आयोजित समारोह में हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाबा महाकाल की कृपा से उज्जैन-शाजापुर की पुण्यधरा हरित ऊर्जा उत्पादन में उपयोग होने वाले सभी उपकरणों का प्रोडक्शन सेंटर बनने जा रही है। मक्सी नगर अब सेंट्रल इंडिया के ग्रीन मैनुफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित होकर अपनी नई पहचान कायम करेगा।

इससे यहां के किसानों को अपने ही क्षेत्र में प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और भंडारण की भी सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को शाजापुर जिले के औद्योगिक प्रक्षेत्र मक्सी के दशहरा मैदान में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने मक्सी नगर में करीब 8174 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 6 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इसमें चार इकाइयों का भूमिपूजन एवं दो इकाइयों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने करीब 384 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से उज्जैन से मक्सी तक निर्मित होने वाली करीब 38.95 किमी लंबी फोर लेन रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया।

**»» मुख्यमंत्री ने मक्सी में किया 8174 करोड़ रुपए लागत वाली 6 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण**

**»» 487 करोड़ लागत वाले 20 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन**


मक्सी में आयोजित समारोह में सीएम डॉ यादव

#### 4 हजार नए रोजगार के अवसरों का स्रोत बनेगा

*सीएम ने कहा कि 60 से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थानीय रोजगार का बड़ा आधार बन चुकी हैं। इन इकाइयों से लगभग 9 हजार लोगों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि शाजापुर के भदौनी-बामनियाखेड़ी-खेरखेड़ी क्षेत्र में 30 करोड़ से अधिक की लागत से विकसित हो रहे एमएसएमई पार्क में लगभग 2500 करोड़ का पूंजी निवेश हो रहा है। यह क्षेत्र 4 हजार नए रोजगार के अवसरों का स्रोत बनेगा।*

#### एक-एक ईंट मालवा क्षेत्र की नई ऊर्जा और विकास का आधार बनेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज मक्सी औद्योगिक क्षेत्र में हुआ विभिन्न नवीन औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन की एक-एक ईंट मालवा क्षेत्र की नई ऊर्जा और विकास का आधार बनेगी। बहुतजल्द यह भूमि न केवल आध्यात्मिक प्रकाश में आलोकित होगी, बल्कि औद्योगिक ऊर्जा से भी दमकेगी। पार्वती-कालीसिंध नदी जोड़ो लिंक परियोजना का लाभ भी क्षेत्र को मिलेगा। यहां 487 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से 20 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन सम्पन्न हुआ है। छह औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन और लोकार्पण से यहां 8174 करोड़ रुपए से अधिक का पूंजी निवेश आएगा। इससे इस क्षेत्र के 15 हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

#### प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को हम 20 प्रतिशत तक लेकर जाएंगे

उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना के तहत 1500 रुपए की मासिक आर्थिक सहायता के अलावा हमारी सरकार रोजगार आधारित उद्योगों में रोजगार पाने वाली कामकाजी बहनों को हर महीने 5 हजार रुपए की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि देगी। उनके नियोक्ता की तरफ से जो मासिक वेतन मिलेगा, सो अलग। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए हम हर जरूरी प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को हम 20 प्रतिशत तक लेकर जाएंगे। गाय पालने वाले लोगों को हम 40 रुपए प्रति गौमाता अनुदान देंगे। हम गीता जयंती भी हर्ष और आनंद के साथ मनाएंगे। साथ ही प्रदेश के सभी नगरों में गीता भवन भी बनाएंगे।

#### उज्जैन, शाजापुर और देवास बन रहा है नया औद्योगिक सर्किट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन, देवास और शाजापुर मिलकर अब मप्र की नई औद्योगिक त्रिवेणी बन रहे हैं। यहां निवेश, इंडस्ट्री, उपजाऊ भूमि और स्किल्ड वर्कफोर्स भी उपलब्ध है। उज्जैन-देवास-शाजापुर कॉरिडोर की सबसे बड़ी ताकत इसकी ऑल टाइम कनेक्टिविटी है। यह क्षेत्र केवल औद्योगिक भूमि का समूह नहीं रहा, बल्कि ग्रीन एनर्जी, मैन्युफैक्चरिंग, एमएसएमई, सप्लाई चेन, खाद्य प्रसंस्करण और ऊर्जा उपकरणों के निर्माण का तेजी से उभरता हुआ क्लस्टर बन चुका है। उन्होंने कहा कि शाजापुर के मक्सी नगर में 88 हेक्टेयर क्षेत्रफल में एक बहुउद्देशीय औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया है।

---

### यादव को बड़ी जिम्मेदारी के आसार

## मध्यप्रदेश में कई आईपीएस अफसरों की घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कैडर के सीनियर आईपीएस अफसर अंशुमान यादव और अनंत कुमार सिंह सहित कई आईपीएस मध्य प्रदेश लौट जा रहे हैं। अंशुमन तकरीबन साढ़े छह बाद प्रदेश में वापसी कर रहे हैं। उन्हें मध्य प्रदेश में बड़ी जिम्मेदारी मिलने के आसार हैं। अंशुमान फिलहाल दिल्ली में केंद्रीय प्रति नियुक्ति पर सीआरपीएफ में पदस्थ हैं। 1 दिसंबर को मध्य प्रदेश आकर आमद देंगे।

अंशुआन को मध्य प्रदेश में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। अनंत सिंह का कार्यकाल 23 नवंबर 2025 में हो रहा है। उन्हें भी केंद्रीय पत्र नियुक्ति में हुए करीबन 5 साल हो गए हैं। अनंत केंद्र में डिजी पैनल में शामिल है। वह मध्य प्रदेश लौटेंगे तो स्पेशल डीजी के पद पर पदस्थ किए जाएंगे। मध्य प्रदेश में 1992 बैच के आईपीएस अफसर पवन श्रीवास्तव 31 दिसंबर 2025 को रिटायर होने वाले हैं। उनकी जगह अनंत सिंह स्पेशल डीजी बनाए जाएंगे। एक संभावना यह भी है कि उनकी जगह केंद्र में डीजी रैंक एक पद खाली हो जाएगा तो मध्य प्रदेश लौटने पर भी पुनर्विचार किया जा सकता है। मध्य प्रदेश के 1997 बैच के आईपीएस अफसर डी श्रीनिवास वर्मा भी केंद्रीय प्रतिनिधि से वापस आ रहे हैं। उन्हें वापस बुलाने के लिए पीएचक्यू ने राज्य सरकार के जरिए केंद्र को पत्र लिखा है।

#### सालोमन की भी हो रही राज्य में वापसी

वर्मा फिलहाल हैदराबाद अकादमी में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं। इससे पहले वह लंबे समय तक सीआईडी में संयुक्त निर्देशक के पद पर रहे हैं। माना जा रहा है कि राज्य सरकार के पत्र के आधार पर केंद्र उन्हें रिलीफ कर देगा। उनके भी दिसंबर में ज्वाइन करने के पूरे आसार है। चौथे अधिकारी सालोमन कुमार मिंज है। मिंज फिलहाल बीएसएफ में पदस्थ है। वह भी वापस आ रहे हैं।

#### नए साल में कई अधिकारी होंगे रिटायर

मध्य प्रदेश कैडर के कई अधिकारी अगले साल रिटायर होने वाले हैं। साल 2026 में जून में संजीव समी रिटायर होने वाले हैं। अभी स्पेशल डीजी टेलीकॉम के पद पर पदस्थ हैं। अगस्त महीने में अजय कुमार शर्मा रिटायर होंगे। अभी मध्य प्रदेश पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन स्पेशल डीजी के पद पर पदस्थ है। दिल्ली में पदस्थ एनसीआरबी के डायरेक्टर आलोक रंजन भी जुलाई में रिटायर हो जाएंगे। हालांकि उससे पहले सीआईडी में स्पेशल डीजी पवन श्रीवास्तव रिटायर हो रहे हैं। वही दिल्ली में डीजी आरपीएफ सोनाली मिश्रा भी साल 2026 अक्टूबर में रिटायर होंगी।

---

### अटल स्मारक कार्यों का निरीक्षण...


अटल स्मारक का निरीक्षण करते खंडेलवाल।

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को ग्वालियर में सिरोल पहाड़ी पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में निर्माणाधीन अटल स्मारक के कार्यों का निरीक्षण किया।

---

### ब्रिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले कुलदीप गुर्जर का भोपाल में सम्मान

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय मंच पर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज कराने वाले भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप गुर्जर का सम्मान किया गया। अभा विद्युत मजदूर महासंघ एवं प्रदेश की पांचों विद्युत कंपनियों ने संयुक्त रूप से ठेंगड़ी भवन में स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया।

---

## भावांतर योजना में 4234 रुपए हुआ सोयाबीन का मॉडल रेट

**इसी रेट के आधार पर होगी भावांतर राशि की गणना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भावांतर योजना 2025 के तहत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 16 नवंबर को 4234 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए तथा 15 नवंबर को 4225 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था।

---

## सियासतनामा




### बिहार में भी चल गया 'मध्यप्रदेश मॉडल' का जादू

- बिहार में राजग की बड़ी जीत में परदे के पीछे 'मप्र मॉडल' की रणनीति भी रही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की आक्रामक ग्राउंड मैनेजमेंट स्टाइल और भाजपा के शीर्ष नेताओं की माइक्रो-इंजीनियरिंग, इसने मिलकर ऐसा राजनीतिक समीकरण गढ़ा कि महागठबंधन चारों खाने चित हो गया। मुख्यमंत्री और दिग्गज नेताओं के प्रचार वाली अधिकांश सीटों पर एनडीए ने जीत दर्ज की है। इस चुनाव में डॉ. यादव की परफॉर्मेंस उन्हें भाजपा में राष्ट्रीय फलक पर पिछड़े वर्ग की राजनीति में मजबूत चेहरे के तौर पर स्थापित कर सकती है। डॉ. यादव की सक्रियता से बिहार में भाजपा को सामाजिक संतुलन मिला और तेजस्वी का यादव कार्ड पूरी तरह नहीं चल सका।

### मोहन के बेटे की शादी, चर्चा में आ गए शिवराज

- विवाह मुख्यमंत्री के बेटे अभिमन्यु का हो रहा है और चर्चा में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह आ गए। वजह है दोनों के बेटों के विवाह का तरीका। डॉ. यादव ने पहले अपने बेटे की सगाई बहुत सादगी के साथ की थी, अब घोषणा कर दी कि वे बेटे का विवाह सामूहिक विवाह सम्मेलन में करेंगे। इससे पहले प्रदेश सरकार में मंत्री रहे गोपाल भार्गव ने ही अपने बेटे-बेटी की शादी सामूहिक विवाह सम्मेलनों में की थी। दूसरी तरफ केंद्रीय मंत्री शिवराज के बेटों की शादियां इससे पहले हुई थीं। इनमें भोपाल में दो स्थानों के अलावा दिल्ली और राजस्थान में भव्य कार्यक्रम हुए थे।

### राहुल की नसीहत से सुधर सकेंगे कांग्रेस के दिग्गज?

- प्रदेश कांग्रेस की सबसे बड़ी समस्या पार्टी के दिग्गज नेता हैं। पिछले दिनों पचमढ़ी आए राहुल गांधी ने इस बात पर नाखुशी जाहिर की कि वरिष्ठ नेताओं में समन्वय की कमी है। उन्होंने नसीहत दी कि एकला चलो नहीं चलेगा, मिलजुल कर काम करें। तभी सत्ता में होगी वापसी। राहुल ने कहा कि सभी नेताओं से समन्वय की जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष की है। उन्होंने निर्देश दिए कि पॉलिटिकल अफेसर कमेटी की बैठक अब हर माह हो, जिसमें राजनैतिक मामलों पर चर्चा होने के साथ आगे की रणनीति पर भी विचार मंथन हो। कांग्रेस के दिग्गजों को यह नसीहत पहली बार नहीं मिली, पहले भी इसके लिए उन्हें चेताया जा चुका है।

### क्या अंग्रेजों के दलाल थे राजा राममोहन राय?

- देश में अब तक जिन राजा राममोहन राय को बड़ा समाज सुधारक माना जाता है। यह बात आरएसएस से जुड़े रहे और प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कही। जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने सार्वजनिक तौर पर कहा कि हमें देश को आजादी दिलाने वाले सच्चे वीरों के बारे में कभी नहीं पढ़ाया गया। मंत्री ने कहा कि देश में कई लोगों को फर्जी समाज सुधारक बना रखा गया है। इनमें से एक राजा राम मोहन राय भी हैं। वे अंग्रेजों के दलाल के रूप में काम करते थे। संघ अथवा भाजपा की इस पर प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, परमार ने जरूर माफी मांग ली।

### विधायक की मानहानि से बच पाएंगी डीएफओ नेहा?

बालाघाट जिले की कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाने वाली डीएफओ नेहा श्रीवास्तव पर मुसीबत आने वाली है। उन्होंने शिकायत कर आरोप लगाया था कि मुंजारे ने उनसे 2-3 पेटी (लाख) की रिश्वत मांगी और अभद्र व्यहार किया। इसे लेकर भाजपा ने बालाघाट में विधायक के खिलाफ प्रदर्शन भी किया था। मामले के ज्यादा तूल पकड़ने पर मुख्यमंत्री ने जांच के लिए दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की थी। इसमें एपीसीसीएफ कमलिका मोहंता और वन संरक्षक बासु कनौजिया को सदस्य बनाया था। इन दोनों महिला वन अफसरों ने जांच रिपोर्ट में विधायक अनुभा को क्लीनचिट दे दी। अनुभा का कहना है कि 'नेहा को पूर्व मंत्री और उनकी बेटी ने अपना मोहरा बनाकर मुझे बदनाम करने की साजिश की थी। वह इसे लेकर न्यायालय में मानहानि का केस दायर करेंगी। नेहा की मुसीबत इसलिए बढ़ेगी कि जब वे अपने विभाग की अफसरों के सामने खुद को सच साबित नहीं कर सकीं तो न्यायालय में कैसे करेंगी?

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

---

### 10% से अधिक गणना पत्रक के डिजिटलाइजेशन का लक्ष्य करें तय

# एसआईआर की धीमी प्रोग्रेस में शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, भोपाल, इंदौर, गुना, भिंड कलेक्टर पर चुनाव आयोग नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसआईआर की धीमी प्रोग्रेस पर आज शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, भोपाल, इंदौर, गुना और भिंड कलेक्टरों को चुनाव आयोग की जमकर फटकार लगी। आयोग की ओर से इन जिलों के कलेक्टरों से कहा गया है कि ट्राइबल और अर्बन के नाम पर काम टाले जा रहे है, यह ठीक स्थिति नहीं है।

किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। डिजिटाइजेशन का काम समय पर पूरा करना होगा। चुनाव आयोग मध्यप्रदेश की प्रभारी और डायरेक्टर शुभ्रा सक्सेना और सचिव विनोद कुमार ने दिल्ली से एमपी में कराई जा रही एसआईआर की वर्चुअल समीक्षा के दौरान यह नाराजगी जताई है। इन जिलों के कलेक्टरों की परफार्मेंस के साथ बाकी जिलों के कलेक्टरों से भी कहा गया है कि वे टाइम लिमिट पर फोकस करें और गणना पत्रक वितरण के बाद उसे एकत्र करने और डिजिटाइजेशन का काम तय समय सीमा में पूरा कराएं। कोई भी बात इसमें सुनी नहीं जाएगी। जो यह कह रहे हैं कि ट्राइबल एरिया के कारण दिक्कत हो रही है या शहरी क्षेत्र की आबादी के कारण काम प्रभावित हो रहा है, उन्हें यह देखना चाहिए कि जिन जिलों में अच्छा काम हो रहा है वे कैसे इसे पूरा कर ले रहे हैं। बताया जाता है कि समीक्षा की शुरूआत में ही शहडोल जिले की कमजोर परफार्मेंस के चलते कलेक्टर केदार सिंह को सबसे पहले फटकार लगी। इसके बाद बाकी कलेक्टरों की प्रोग्रेस पर भी नाराजगी जताई गई।

#### ट्राइबल और अर्बन के नाम पर काम टाला जाना ठीक नहीं


फाइल फोटो

#### अशोकनगर की परफार्मेंस सबसे अच्छी

एसआईआर में डिजिटाइजेशन प्रक्रिया की समीक्षा के दौरान अशोकनगर कलेक्टर आदित्य सिंह के काम की चुनाव आयोग के अफसरों ने सराहना की। इसके अलावा सीहोर, नीमच और पांढुर्णा जिलों का भी डिजिटाइजेशन का परफार्मेंस अच्छा है। वर्चुअल समीक्षा के दौरान भोपाल में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा और संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आरपीएस जादौन शामिल हुए।

#### 16 जिलों के नगर निगम आयुक्त भी रहे मौजूद

- जिलों से कलेक्टर, 16 जिलों के नगर निगम आयुक्त और उप जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए। आयोग के अफसरों ने नगर निगम आयुक्तों से कहा है कि जो काम सौंपे गए हैं उसे गंभीरता से पूरा कराएं अन्यथा वे भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे। बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने सभी कलेक्टर्स को जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर प्रतिदिन समीक्षा और मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 10% से अधिक गणना पत्रक के डिजिटलाइजेशन के कार्य का लक्ष्य तय करें। एक सप्ताह के अंदर सभी कार्य पूरा करें।

#### बीएलओ के काम की रोज करें समीक्षा

आयोग के अफसरों ने कहा कि सभी जिले कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। हर दिन बीएलओ के कार्य की समीक्षा करें और बीएलओ से स्वयं संवाद करें एवं कार्य में आ रही कठिनाइयों का तुरंत निराकरण करें। सहयोग के लिए वालेंटियर्स को लगाएं। कलेक्टर मैदानी स्तर पर जाकर एसआईआर कार्य की प्रगति देखें। आयोग द्वारा प्रतिदिन आपके कार्य की निगरानी और समीक्षा की जा रही है।

## पेज एक का शेष....

### 81 देशों की...

से अधिक फिल्में दिखाई जाएंगी, जिनमें 13 वर्ल्ड प्रीमियर और 44 एशिया प्रीमियर शामिल हैं। यह महोत्सव भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर पेश करने और नई प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर देता है।

### मुख्यमंत्री बाबा बागेश्वर...

गौरव दिवस समारोह के तत्काल बाद नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए थे। वहां उन्होंने रात्रि विश्राम के बाद अधिकारियों से अनेक मुद्दों पर बातचीत की। इसके बाद में मथुरा पहुंचे थे। मुख्यमंत्री के बाबा बागेश्वर के साथ पदयात्रा में शामिल होते वक्त भारी सुरक्षा बल की तैनाती की गई थी। इधर, हिंदुओं को एकजुट करने का संकल्प लेकर निकली बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की 10 दिवसीय सनातन हिंदू एकता पदयात्रा का रविवार को वृंदावन में बांके बिहारी मिलन के साथ समापन हो गया। यात्रा के समापन के मौके पर बागेश्वर महाराज ने कहा कि यह यात्रा तन से भले ही पूरी हो गई हो, लेकिन मन के विचारों की यात्रा जारी रहनी चाहिए।

### राजगढ़ देश में....

आ रही हैं, जिससे प्रदेश में सर्दी तेजी से बढ़ी है। इधर, रविवार तक भोपाल में लगातार 9 दिन चली सीवियर कोल्ड वेव ने नया रिकॉर्ड कायम कर दिया है। सोमवार को भी भोपाल सहित 12 जिलों में सीवियर कोल्ड वेव और 8 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। रविवार को धार, नौगांव, दमोह, शिवपुरी और बैतूल जिलो में शीतलहर चली, जबकि भोपाल, राजगढ़, इंदौर, रीवा, जबलपुर, सीहोर, शाजापुर और शहडोल जिलों में सीवियर कोल्ड का असर रहा है।

### 20 से 22 तारीख....

बीच शपथ ग्रहण का दिन रखा जा सकता है। इस बार नीतीश पटना के गांधी मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे जो उनकी 10वीं शपथ होगी।

### शपथ ग्रहण में ....

शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नड्डा समेत सभी भाजपा और एनडीए शासित मुख्यममंत्री के साथ-साथ विपक्ष के कुछ बड़े चेहरे भी शामिल हो सकते हैं।

### पंचायत सचिव की...

सचिव का पद जिला स्तर कैडर का होगा और जब इस पद पर भर्ती होगी तो ग्राम रोजगार सहायकों को आरक्षित पदों के आधार पर सहायता मिलेगी। एक माह बाद इसको लेकर आने वाले दावे आपत्तियों के बाद राज्य सरकार इन नियमों को लागू करेगी। विभाग द्वारा प्रस्तावित नियमों में कहा गया है कि पंचायतों के लिए स्वीकृत सचिव के पदों तथा इस मध्य प्रदेश पंचायत राज और ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत पंचायत सचिव का पद धारण करने वाले हर व्यक्ति पर ये लागू होंगे। जितनी ग्राम पंचायतें होंगी उतने ही जिले में सचिव होंगे। सचिव के पद के लिए वह पात्र नहीं होगा जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हों और इनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके बाद हुआ हो। सचिवों के कुल रिक्त पदों के विरुद्ध हर रिजर्व कैटेगरी में रिक्त पदों का 50 प्रतिशत कोटा पात्र ग्राम रोजगार सहायकों से भर्ती के लिए आरक्षित रखा जाएगा और ग्राम रोजगार सहायक जिसने पांच साल की सेवा पूरी कर ली हो और पंचायत सचिव के लिए तय मापदंडों को पूरा करता हो वह इस पद के लिए पात्र होगा।

### शादी भोज खाने ....

किया। जबकि लगभग 20 मरीजों को एंबुलेंस से सिविल अस्पताल नलखेड़ा भेजा गया, जहां उन्हें भर्ती कर निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों के अनुसार सभी मरीजों की स्थिति फिलहाल स्थिर और सामान्य बताई जा रही है। खाद्य और औषधि विभाग की टीम ने शादी समारोह में परोसे गए खाने के विभिन्न सैंपल एकत्र किए और उन्हें लैब जांच के लिए भेज दिया। प्रारंभिक अनुमान है कि यह खाद्य विषाक्तता का मामला हो सकता है, लेकिन वास्तविक कारण जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। रातभर गांव में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

### दिल्ली की जज....

आवास योजना के तहत गरीबों के लिए बने फ्लैटों को अवैध रूप से कैश में बेचने का आरोप है। यादव के ठिकानों पर गुरुवार दिनभर चली ईडी की छापेमारी के बाद ईडी ने देर रात आरोपी को हिरासत में ले लिया। ईडी ने यह कदम पीएम आवास योजना के फ्लैटों की अवैध बिक्री से प्राप्त 222 करोड़ रुपए से अधिक के धन की कथित मनी लॉन्ड्रिंग के सिलसिले में उठाया है। ईडी ने कहा कि आरोपी ने घोटाले की इस रकम से देश-विदेश में निजी संपत्तियां बनाईं, जिनमें महाराष्ट्र के वेयर गांव में 500 एकड़, पुणे-अलीबाग रोड पर 100 एकड़, हिमाचल प्रदेश के तीर्थन घाटी में साईं रूपा रिजॉर्ट्स और बोस्टन (अमेरिका) में जमीन के अलावा ब्रिटेन में वित्तीय संपत्तियां शामिल हैं। ईडी ने इतनी सुबह-सुबह जज के समक्ष आरोपी को उनके आवास पर पेश करते हुए दलील दी कि गिरफ्तार व्यक्ति की तलाश सुबह 6.55 बजे शुरू हुई और उसे सुप्रीम कोर्ट तथा विभिन्न हाईकोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार तलाशी के 24 घंटे के भीतर अदालत में पेश किया जाना है। सुबह 3.05 बजे जब कोर्ट की कार्यवाही शुरू हुई तब आरोपी के वकील रास्ते में थे और जब तक दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हुई, तब तक सुबह के 6.30 बज गए थे। इसके बाद जज ने आरोपी को 28 नवंबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। जज ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि आरोपी को उसी दिन दोपहर 2 बजे कोर्ट में पेश किया जाए।

### एसडीओ-रेंजर समेत....

जताया था। आरोप है कि 14 नवंबर को वन विभाग के एसडीओ अनिल क्षत्रिय, रेंजर दिनेश झारिया, रवि गेडाम, पिचले, शैलेंद्र परते, डिप्टी रेंजर सहित नाकेदारों व चौकीदारों की टीम मंदिर पहुंची और पूजन सहित मंदिर की सामग्री अपने कब्जे में ले ली। साथ ही पुजारी को अभिरक्षा में ले लिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन विभाग ने न तो राजस्व विभाग को सूचना दी और न ही पुलिस को अवगत कराया। मौके पर अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज के भी आरोप लगाए गए हैं। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक कमल मर्सकोले मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को फटकार लगाई।

### रेत से भरी...

पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे सभी युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। फॉर्च्यूनर गाड़ी ग्वालियर की ओर आ रही थी। हादसे में जान गंवाने वाला 24 साल का प्रिंस, कारोबारी उमेश राजावत के तीन भाइयों में इकलौता बेटा था। उसके पिता का तेल और रियल एस्टेट का कारोबार है। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से कटर मशीनों के जरिए शवों को मलबे से बाहर निकाला गया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि ये पांच दोस्त झांसी में जन्मदिन मनाकर ग्वालियर लौट रहे थे।

### 24 लोग घायल....

इनमें सात की हालत गंभीर बताई जा रही है। कार में सवार चार लोगों में से तीन मौके से फरार हो गए। कार सवार लोग शराब के नशे में थे। गंभीर रूप से घायल गेंदालाल अहिरवार निवासी सिंगपुर गांव, गैरतगंज तहसील को प्राथमिक उपचार के बाद सागर स्थित बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

### विवाद बढ़ा तो...

गया। परमार ने कहा कि राजा राममोहन राय एक समाज सुधारक थे और उनका सम्मान किया जाना चाहिए। मेरे मुंह से गलती से यह वाक्य निकल गया, जिसके लिए मुझे बहुत दुख है। मैं प्रायश्चित करता हूं। परमार ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी भी ऐतिहासिक व्यक्तित्व का अपमान करना नहीं था। इंदर सिंह परमार ने आदिवासी नेता और स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आगर मालवा में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में राजा राममोहन राय के खिलाफ यह विवादित टिप्पणी की थी।

### परमार ने क्या....

आदिवासी समाज की रक्षा करने का साहस था, तो वह बिरसा मुंडा थे। उन्होंने दावा किया कि ब्रिटिश काल में मिशनरी स्कूल ही एकमात्र शैक्षणिक संस्थान थे और वे शिक्षा का इस्तेमाल धर्मांतरण के लिए एक आवरण के रूप में करते थे। परमार ने कहा कि बिरसा मुंडा ने इस चलन को पहचाना और अपने समुदाय के लिए और ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ने के लिए मिशनरी शिक्षा छोड़ दी।

### बुलेट ट्रेन कर्मचारी....

की तरह तैयार होते हैं, तो देश में हम बहुत बड़ी मात्रा में बुलेट ट्रेन की दिशा में जाने वाले हैं। यहां से जो सीखा हुआ है, वो वहां रेप्लिका होना चाहिए। अगर इस प्रकार का कोई रिकॉर्ड आप मेंटेन करते हैं। भविष्य में स्टूडेंट्स के लिए भी काम आ सकता है। जिंदगी यहीं खपा देंगे, देश को कुछ देकर जाएंगे। वहीं, बुलेट ट्रेन कर्मचारी का कहना था कि न नाम चाहिए, न इनाम चाहिए। बस देश आगे बढ़े, ये अरमान चाहिए।

### पीएम मोदी ने ....

हाईस्पीड रेल कॉरिडोर अहमदाबाद, वडोदरा, भरूच, सूरत, वापी, ठाणे और मुंबई जैसे बड़े शहरों को जोड़ता है। इससे न सिर्फ मुंबई और गुजरात के बीच यात्रा सुगम होगी, बल्कि व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस परियोजना में मुंबई से अहमदाबाद बाद के बीच कुल 12 स्टेशन होंगे। गुजरात में आने वाले हिस्से का काम काफी तेजी से चल रहा है। जल्द ही इसका ट्रायल भी शुरू किया जा सकता है। पूरी परियोजना के बाद मुंबई-अहमदाबाद की यात्रा केवल दो घंटे में पूरी हो जाएगी, जिससे मुंबई और अहमदाबाद के बीच रोज अपडाउन करने वालों को काफी राहत मिलेगी।

### बालक युगल में मप्र के हितार्थ सुराना और मीरेश ने बाजी मारी

ऑल इंडिया टेनिस टैलेंट सीरीज, नेशनल रैंकिंग

# मप्र की वारी और राजस्थान के ज्योतिरादित्य सिंह बने चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में खेली जा रही आइटा अंडर 16 आल इंडिया टेनिस टैलेंट सीरीज नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट में बालिका वर्ग खिताब मप्र की वारी पाटनकर ने काश्वी ठुकराल को 6-1, 6-2 से हराकर जीता। बालक वर्ग में राजस्थान के ज्योतिरादित्य सिंह शक्तावत ने मप्र के अराध्य मिश्रा को 5-7,6-3, 6-2 से पराजित कर चैंपियन बने। वहीं बालक युगल फाइनल में हितार्थ सुराना और मीरेश गिरधानी की जोड़ी ने पृथ्वी सिंह चौहान- अराध्य मिश्रा की जोड़ी को 6-3, 3-6, 10-8 से शिकस्त दी।

सलैया स्थित ऐस टेनिस स्कूल राजीव गांधी कॉलेज परिसर में बालक व बालिका सिंगल्स व बालक डबल्स के फाइनल मुकाबले खेले गए। बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में मप्र की वारी पाटनकर ने मप्र की ही काश्वी ठुकराल को आसानी से 6-1, 6-2 से पराजित कर खिताब पर अधिकार जमाया। वहीं, बालक वर्ग का फाइनल बेहद रोमांचक रहा। मप्र के अराध्य मिश्रा ने पहला सेट 5-7 से अपने नाम कर बढ़त बनाई। राजस्थान के ज्योतिरादित्य सिंह शक्तावत ने जोरदार वापसी कर 6-3 से दूसरा सेट जीतकर स्कोर 1-1 से बराबर किया। तीसरे और निर्णायक सेट में ज्योतिरादित्य सिंह ने अपनी लय को बरकरार रखा और 6-2 से तीसरा गेम जीतकर सेट और खिताब अपने नाम किया। अंडर 16 बालक वर्ग के युगल का फाइनल मुकाबला भी रोमांचक रहा। हितार्थ सुराना- मीरेश गिरधानी ने पहला सेट 6-3 से जीतकर बढ़त बनाई, जवाब में पृथ्वी सिंह चौहान व अराध्य मिश्रा की जोड़ी ने भी पलटवार करते हुए 6-3 से सेट जीतकर स्कोर 1-1 से बराबर किया। निर्णायक सेट में चारों खिलाड़ियों ने अपना पूरा जोर लगा दिया। अंततः यह सेट हितार्थ-मीरेश की जोड़ी ने 10-8 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

समापन अवसर पर टूर्नामेंट डायरेक्टर आदित्य सूर, मुख्य अतिथि सुजोय सुर, हेमराज कुशवाहा व देवानंद सुन ने पुरस्कार वितिरत किए। इस मौके पर टूर्नामेंट रेफरी रवि पटेल मौजूद थे।



ट्रॉफी के साथ विजेता खिलाड़ी।

### अंकित, तलैम और थोना ओजाम 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेलेंगे

# एफआईएच जूनियर वर्ल्ड कप में पुरुष हॉकी अकादमी में मध्य प्रदेश के तीन खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुरुष हॉकी अकादमी, भोपाल ने भारतीय खेल इतिहास में एक नई उपलब्धि दर्ज की है। अकादमी के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ी अंकित पाल, तलैम प्रियोबर्ता और थोनाओजाम इंगालेंबा लुवांग इस वर्ष चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप तमिलनाडु 2025 के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम में चुने गए हैं। पहली बार अकादमी के तीन खिलाड़ियों को एक साथ विश्व कप जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में मौका मिला है, जो प्रदेश की हॉकी संरचना और निरंतर प्रगति का प्रमाण है।










### तीनों खिलाड़ियों की टीम में महत्वपूर्ण भूमिका

इन तीनों खिलाड़ियों ने लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का भरोसा जीता। अंकित पाल खेल को नियंत्रित करने की क्षमता और सटीक पासिंग के लिए पहचाने जाते हैं। तलैम प्रियोबर्ता शांत और तकनीकी रूप से मजबूत डिफेंडर हैं, जो भारतीय रक्षापंक्ति को मजबूती देंगे। वहीं थोनाओजाम इंगालेंबा लुवांग अपनी तेज गति, बेहतर बॉल हैंडलिंग और आक्रामक मिडफील्ड खेल के कारण टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# कराटे बेल्ट परीक्षा में 15 स्कूलों के 80 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइस्ट स्कूल पटेल नगर भोपाल में रविवार को कराटे बेल्ट परीक्षा का आयोजन हुआ, जिसमें भोपाल के 15 स्कूलों के 80 से अधिक कराटे खिलाड़ियों ने येलो बेल्ट से लेकर ब्लैक बेल्ट तक की परीक्षाओं मे हिस्सा लिया। परीक्षा का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक फादर डॉक्टर जोशी व स्कूल के प्राचार्य प्रसिद्ध पी. जॉर्ज के शुभकामनाओं के साथ हुआ। परीक्षा का आयोजन शितोरियो कराटे स्कूल आफ मध्य प्रदेश के मुख्य प्रशिक्षक सेंसाई शिवा सोनी व शितोरियो कराटे स्कूल आफ इंडिया के मुख्य प्रशिक्षक व पर्यवेक्षक सेंसाई अशोक दारदा के मार्गदर्शन में हुआ।


स्कूल के सभी प्रतियोगी खिलाड़ी।

# टीम ब्लू ने जीता टूर्नामेंट, टीम ग्रीन बनी उपविजेता

### आईसीएआई सीनियर सीए सदस्य का बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की भोपाल शाखा द्वारा वरिष्ठ सीए सदस्यों (45 +) के लिए सीनियर बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन द अम्ब्रेला एकेडमी, विद्या नगर (फेज-2), में किया गया। कड़े मुकाबलों के बाद विभिन्न श्रेणियों में खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट की विजेता टीम ब्लू रही जिसमें सीए मयंक अग्रवाल, राजेश जैन,रवि जैन, संजय श्रीवास्तव, प्रवीण साहू, दीपक बाहेती शामिल थे। वहीं उपविजेता टीम ग्रीन रही जिसमें सीए अभिषेक गुप्ता, सलिल जैन, गोपाल पटेल, लोकेश गुप्ता, अमित त्रिपाठी, हरीश शर्मा, अनूप श्रीवास्तव थे। मैन ऑफ द मैच सीए मयंक अग्रवाल, रवि जैन, दीपक सोनी, लोकेश गुप्ता, हरीश शर्मा, प्रवीण साहू थे।


ट्रॉफी के साथ विजेत टीम ब्लू के खिलाड़ी।

#### ये रहे टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ

प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंटः सीए मयंक अग्रवाल
सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजः सीए लोकेश गुप्ता
सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजःसीए प्रवीण साहू
सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरः सीए दीपक बाहेती
सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षकः सीए तरुण अब्बानी





Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो.9977912473

प्लाट मात्र
3,55,000
हजार में
आसान किश्तों पर
साईट:-
220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू



एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवीं पास- ग्रेजुएट लड़के_लड़कियां( 24500_64500) महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना -खाना, फंड -बोनस।- 8053979338
R-17 to 20-11-2025

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6050



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली- 6049 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | | | ब | ह | र | |
| मा | मा | | या | | अ | द | द | | ह | क |
| ज | | | स | ज | दा | | न | | | हा |
| वा | र | दा | त | | | श | | प | नी | र |
| दी | | मि | | ह | म | रा | ज | | र | |
| | रा | नी | | रा | | फ | | बी | ज | |
| | ह | | श | र | ब | त | | ह | | म |
| क | त | ल | | त | | | अ | ड़ | च | न |
| हा | | | चिं | | म | लि | न | | | भा |
| नी | र | | त | न | य | | ब | | श | व |
| | थ | का | न | | | म | न | मो | ह | न |

### सूडोकु नवताल - 6060

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6059 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## चिंतन

# करारी हार के बाद लालू परिवार में कलह क्यों बढ़ी

बिहार चुनाव में करारी हार के बाद लालू यादव के परिवार की कलह घर से सड़क पर आ गई है। टकराव इतना बढ़ा कि लालू यादव को अपनी किड़नी देने वाली उनकी बेटी रोहिणी आचार्य ने राजनीति छोड़ने और अपने परिवार से नाता तोड़ने के ऐलान के एक दिन बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर तेजस्वी यादव और संजय यादव पर गंभीर आरोप लगाए। रोहिणी आचार्य के राबड़ी आवास छोड़ने के बाद रविवार को तीन और बहनों रागिनी, राजलक्ष्मी और चंदा यादव भी दिल्ली रवाना हो गई है। ये तीनों बहनें अपने परिवार और बच्चों के साथ चली गई हैं। अब राबड़ी आवास खाली हो गया है। लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप चुनाव से पहले ही तेजस्वी से अलग हो गए थे। हालांकि उन्होंने अपनी पार्टी बनाकर विधानसभा चुनाव भी लड़ा, लेकिन खास सफलता नहीं मिल पाई। अब रविवार सुबह रोहिणी ने एक इमोशनल पोस्ट कर कहा कि मुझसे मेरा मायका छुड़वाया गया। मुझे अनाथ बनाया गया। मैंने रोते-रोते घर छोड़ा है। मुझे मारने के लिए चप्पल उठाई गई। मैंने अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया। आप सब मेरे रास्ते कभी न चलें, किसी घर में मेरे जैसी बेटी-बहन न हो। इस पोस्ट के बाद रोहिणी ने लालू को किडनी देने वाले फोटो-वीडियोज को फेसबुक पर पिन भी किया। उनके शब्दों से साफ है कि हालात बहुत ज्यादा बिगड़ चुके हैं। ऐसा पहली बार नहीं है कि किसी सियासी परिवार में टकराव हुआ हो। यूपी में 2016 के आखिर में भतीजे अखिलेश यादव ने अपने चाचा शिवपाल यादव को 'साइकिल' से उतारकर पैदल कर दिया था। मुलायम कुनबे में सियासी कलह के चलते अखिलेश को 2017 के चुनाव में खामियाजा उठाना पड़ा था और सपा सत्ता में फिर वापसी नहीं कर सकी। लालू परिवार में जंग से पहले केसीआर के नाम से चर्चित के. चंद्रशेखर राव की पार्टी में कलह खुलकर सामने आ चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी कविता को भाइयों के खिलाफ आवाज उठाने का खामियाजा भुगतना पड़ा है। पार्टी से बाहर किए जाने के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया। महाराष्ट्र में बाला साहेब ठाकरे के वारिसों राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे का टकराव भी सबके सामने है। शिवसेना की विरासत को लेकर मतभेद ने उन्हें अलग रास्तों पर ला खड़ा किया। 2006 में उद्धव को कमान सौंपने से खफा होकर राज ठाकरे ने शिवसेना छोड़कर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बना ली। शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार के बीच सत्ता संघर्ष के कारण पार्टी दोफाड़ हो गई। अजित पवार महाराष्ट्र सरकार में शामिल हो गए। रामविलास पासवान की मृत्यु के बाद उनके बेटे चिराग पासवान और भाई पशुपति कुमार पारस के बीच पार्टी के नेतृत्व को लेकर संघर्ष किसी से छिपा नहीं है। हरियाणा में देवीलाल की विरासत की जंग में परिवार बिखर गया। बाद में उनके बेटे ओम प्रकाश चौटाला के बेटों अभय चौटाला और अजय चौटाला के बीच पार्टी के नेतृत्व को लेकर खूब कलह हुई। अजय चौटाला ने जजपा का गठन करके भाजपा के साथ सरकार चलाई और भी कितने ही परिवार हैं, जिनमें सत्ता को लेकर टकराव रहा। लालू यादव परिवार की जंग में कुछ अलग नहीं है। हां, हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में हार के बाद ऐसी कलह दर्द को और भी बढ़ाने वाली जरूर है।




आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# अब अर्थव्यवस्था की ताकत सेवा क्षेत्र

**सेवा क्षेत्र ने पिछले छह वर्षों में 4 करोड़ अतिरिक्त रोजगार पैदा किए हैं। देश का सेवा निर्यात 14.8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक दर से बढ़ रहा है। यह वस्तु निर्यात के 9.8 प्रतिशत से कहीं ज्यादा है। ऐसे में यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि देश के वस्तु निर्यात की चुनौतियों के बीच सेवा क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की ताकत बन गया है। हमें सेवा निर्यात बढ़ाने के लिए शोध, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के मापदंडों पर आगे बढ़ना होगा। ऐसे प्रयासों से देश का सेवा क्षेत्र और सेवा निर्यात रफ्तार से बढ़ेगा और देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने के बड़े लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद मिलती दिखाई देगी।**

हाल ही में प्रकाशित नीति आयोग की सेवा क्षेत्र (सर्विस सेक्टर) से संबंधित रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सेवा क्षेत्र का योगदान 55 फीसदी से अधिक है और लगभग 18.8 करोड़ लोगों या देश के कार्यबल के लगभग 30 फीसदी को रोजगार देता है। रिपोर्ट दर्शाती है कि सेवा क्षेत्र ने पिछले छह वर्षों में 4 करोड़ अतिरिक्त रोजगार पैदा किए हैं। देश का सेवा निर्यात 14.8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक दर से बढ़ रहा है। यह वस्तु निर्यात के 9.8 प्रतिशत से कहीं ज्यादा है। ऐसे में यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि देश के वस्तु निर्यात की चुनौतियों के बीच सेवा क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की ताकत बन गया है।

गौरतलब है कि देश में बढ़ता हुआ सेवा क्षेत्र बढ़ते हुए सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) का आधार है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का अहम पहलू सेवा निर्यात बन गया है। इनसे न केवल विदेश व्यापार घाटे को थामे रखने में मदद मिल रही है बल्कि इनसे देश में रोजगार निर्माण में सहारा मिल रहा है। इस समय भारत सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) की ऐतिहासिक ऊंचाई हासिल करते हुए वैश्विक सेवा निर्यात का एक प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से सितंबर 2025 के बीच भारत का सेवा निर्यात 193.18 अरब डॉलर के ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। उम्मीद है कि यह इस चालू वित्त वर्ष के अंत तक 475 अरब डॉलर की रिकॉर्ड नई ऊंचाई पर पहुंच जाएगा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सेवा निर्यात 387.5 अरब डॉलर का ही रहा था। वर्ष 2013-14 में सेवा निर्यात का आकार महज 152 अरब डॉलर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुताबिक भारत ने वैश्विक सेवा निर्यात में 4.3 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ अब दुनिया में सातवां स्थान हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि मुख्य रूप से टेलीकॉम, आईटी और बिजनेस सेवाओं की बदौलत संभव हो पाई है। ये क्षेत्र देश के कुल सेवा निर्यात का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा रखते हैं। इनके साथ-साथ भारत सांस्कृतिक और मनोरंजन सेवा निर्यात में भी आगे हैं। सेवा निर्यात की मौजूदा प्रगति देश में हो रहे सेवा क्षेत्रों में संरचनात्मक सुधारों, तकनीकी विकास और नई पीढ़ी की उच्च कौशल युक्त क्षमताओं के लाभों का परिणाम भी है। गौरतलब है कि सेवा निर्यात के तहत कंप्यूटर नेटवर्क का इस्तेमाल कर अमूर्त सेवाएं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग, बैंकिंग, फाइनेंस, इंश्योरेंस, पर्यटन, आतिथ्य, शिक्षा, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, गेमिंग, मनोरंजन, एआई आदि से संबंधित सेवाओं का निर्यात शामिल है। खासतौर से भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। नैसकॉम और जिनोव की ओर से जारी इंडिया जीसीसी, लैंडस्केप रिपोर्ट के मुताबिक जीसीसी के लिए भारत दुनिया का सबसे बड़ा हब बनते हुए दिखाई दे रहा है। फिलहाल देश में 1800 से अधिक जीसीसी हैं जिनसे 21 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। दुनिया के करीब 50 प्रतिशत जीसीसी सिर्फ भारत में हैं। भारतीय जीडीपी में भारत के



जीसीसी का योगदान 1.5 प्रतिशत से अधिक है और 2030 तक यह 3.5 प्रतिशत हो जाएगा। ज्ञातव्य है कि ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर या जीसीसी जॉब मार्केट में नया चलन है। जीसीसी प्रमुख रूप से आईटी सपोर्ट, कस्टमर सर्विस, फाइनेंस, एचआर और रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर ध्यान केंद्रित करती हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारत में एआई इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कृत्रिम बुद्धिमता और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में शोध एवं विकास और जबरदस्त स्टार्टअप माहौल के चलते अमेरिका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर तेजी से शुरू करते हुए दिखाई दे रही हैं। ऐसे में भारत को सेवा क्षेत्र को मजबूत करते हुए सेवा निर्यात को तेजी से बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। अभी भी भू-राजनीतिक रूप से भारत का सेवा क्षेत्र देश की व्यापक आर्थिक असमानता को ही दर्शाता है। देश में कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना और तमिलनाडु उच्च मूल्य वाली सेवाओं मसलन सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त और अचल संपत्ति में दबदबा रखते हैं। जबकि देश के अधिकांश राज्य अभी भी सेवा क्षेत्र में तुलनात्मक रूप में पीछे बने हुए हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश अपने संरचनात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और अर्थव्यवस्था के औपचारिक और शहरीकृत होने के साथ-साथ अभी भी सेवा क्षेत्र में और भी ज्यादा कर्मचारियों को शामिल करने की क्षमता है। सेवा क्षेत्र में लैंगिक यानी स्त्री-पुरुष के अंतर पर भी ध्यान देना जरूरी है। यह बात ध्यान में रखी जानी होगी कि अब सेवा निर्यात के क्षेत्र में भी लगातार प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भारत से सेवा निर्यात में तेजी से वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता तथा सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रयास करना होंगे। भारत को अपने सेवा निर्यात में विविधता लाने और अन्य उभरते क्षेत्रों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। अब हमें सॉफ्टवेयर निर्यात के लिए अमेरिकी बाजार पर निर्भरता कम करके सेवा निर्यात की संभावनाओं वाले अन्य देशों में भी कदम बढ़ाना होंगे। अब हमें नई पीढ़ी को सेवा निर्यात की नए दौर की शिक्षा देने के लिए समुचित निवेश की व्यवस्था करना होगी। हमें नए दौर की तकनीकी जरूरतों और इंडस्ट्री की अपेक्षाओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण से नई पीढ़ी को सुसज्जित करना होगा। भारत की आईटी सेवा कंपनियों को गैर-अंग्रेजी भाषी देशों में कारोबार में आगे बढ़ने के लिए कार्मिकों को संबंधित देशों की भाषाओं में प्रशिक्षण देने पर निवेश किया जाना होगा, ताकि इन देशों के बाजारों तक भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स की पहुंच बनाई जा सके। जहां सेवा निर्यात क्षेत्र के उपक्रमों को संगठित स्वरूप प्रदान करना और गिग कर्मियों तथा छोटे एवं मझोले उपक्रमों से जुड़े लोगों का संरक्षण आवश्यक है, वहीं, महिलाओं और कमजोर वर्ग के लोगों के डिजिटल कौशल में निवेश, तकनीक और हरित कौशल को प्रशिक्षण और छोटे एवं मझोले शहरों को नए सेवा क्षेत्र केंद्रों के रूप में विकसित करने के मद्देनजर अहम कदम जरूरी हैं। हमें सेवा निर्यात बढ़ाने के लिए शोध, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के मापदंडों पर आगे बढ़ना होगा। हमें देश के कोने-कोने में विशेषतया ग्रामीण और पिछड़े हुए क्षेत्रों में सेवा निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर एआई स्किल्स से जुड़ी प्रोग्रामिक भाषाएं प्रमुख रूप से पायथन, जावा, सी प्लस प्लस, आर और जूलिया में बड़ी संख्या में युवाओं को कुशल बनाने के कई गुना प्रयास करने होंगे। ऐसे प्रयासों से देश का सेवा क्षेत्र और सेवा निर्यात रफ्तार से बढ़ेगा और इससे देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने के बड़े लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद मिलते हुए दिखाई दे सकेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पड़ोस
प्रो. आरके जैन



# संवैधानिक संशोधन या सैन्य क्रांति की शुरुआत

पाकिस्तान की संसद ने ऐसा संवैधानिक संशोधन पारित कर दिया है, जिसने देश की सैन्य शक्ति-संरचना और न्यायिक संतुलन को लगभग पूरी तरह नया अर्थ दे दिया है। अनुच्छेद 243 में संशोधन कर 27 नवंबर 2025 से चेयरमैन जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमिटी का पद समाप्त कर सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनिर को 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस' का सर्वोच्च पद सौंपा गया, जो थल, जल और वायु-तीनों सेनाओं पर पूर्ण नियंत्रण रखेगा। मुनिर को आजीवन फील्ड मार्शल (पांच सितारा) रैंक, सम्मान और विशेषाधिकार के साथ-साथ अनुच्छेद 248 के तहत राष्ट्रपति जैसी कानूनी छूट दी गई है, जिसके तहत कोई अदालत, पद पर हों या सेवानिवृत्त, उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकती। इन विशेषाधिकारों को हटाने के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। एक ऐसी बाधा, जो मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में लगभग अजेय है। मुनिर का कार्यकाल 2030 तक बढ़ाकर इस संशोधन ने सैन्य प्रभुत्व को संवैधानिक ढाल प्रदान कर दी है। पाकिस्तान की संसद ने 27वें संवैधानिक संशोधन को ऐसी तीव्र गति से पारित किया कि विपक्ष को विचार-विमर्श का कोई अवसर ही नहीं मिला। 11 नवंबर 2025 को ऊपरी सदन (सिनेट) में यह बिल 64-0 के एकतरफा मत से स्वीकृत हुआ, जबकि निचले सदन (नेशनल असेंबली) में महज चार सांसदों ने इसका विरोध किया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सदस्यों ने बिल की प्रतियां फाड़कर और वॉकआउट करके विरोध जताया, किंतु यह प्रयास केवल प्रतीकात्मक रह गया। इस संशोधन का सबसे गंभीर और चिंताजनक पहलू न्यायपालिका पर इसका सीधा हमला है। संविधान के अनुच्छेद 243 में संशोधन कर एक नई 'फेडरल कांस्टीट्यूशनल कोर्ट' (एफसीसी) की स्थापना की गई है, जो सुप्रीम कोर्ट से भी ऊपर होगी और संवैधानिक मामलों पर सर्वोच्च अधिकार रखेगी। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस अदालत के जजों की नियुक्ति प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति करेंगे, वह भी बिना किसी पारदर्शी प्रक्रिया, किसी सुनवाई, किसी स्वतंत्र आयोग, कुछ भी नहीं। संवैधानिक विवाद, संघ और प्रांतों के झगड़े, कानूनों की वैधता, और सलाहकारी राय, सब कुछ अब एफसीसी तय करेगी। सुप्रीम कोर्ट को एक "अपीलीय अदालत" जितना सीमित कर दिया गया है। जहां वह केवल नागरिक और आपराधिक मामलों की समीक्षा भर कर सकेगी। इसके अलावा, एफसीसी को उच्च राजद्रोह के मामलों को मान्य करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। आलोचकों की नज़र में यह स्पष्ट संकेत है कि सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ जवाबदेही के रास्ते को व्यवस्थित रूप से बंद किया जा रहा है— ताकि सत्ता के असली धागे जिन हाथों में हैं, वे हाथ कभी कटघरे में न खड़े हों। संवैधानिक विशेषज्ञों ने इसे न्यायिक मौत₹ और ₹सैन्य सर्वोच्चता₹ कहा है। ह्यूमन राइट्स कमीशन ऑफ पाकिस्तान (एचआरसीपी) ने तो इसे साफ-साफ "लोकतंत्र का अंतिम संस्कार" घोषित किया है। यह संशोधन सिर्फ एक कानूनी परिवर्तन नहीं; यह पाकिस्तान के लोकतांत्रिक ढांचे की जड़ों में डाली गई दरार है, जिसकी गूंज आने वाले वर्षों में और भी गहरी सुनाई देगी। पाकिस्तान का इतिहास सत्ता पर सैन्य छायाओं से इतना घिरा रहा है कि लोकतंत्र वहां हमेशा एक अधखुली खिड़की की तरह रहा, कभी खुलने की कोशिश करता, तो कभी किसी ताकतवर हाथ द्वारा फिर से बंद कर दिया जाता। 1947 की आज़ादी से लेकर आज तक के लगभग 78 वर्षों में से आधे से भी अधिक समय देश सीधे सैन्य शासन के पंजों में रहा। अयूब ख़ान, याह्या ख़ान, ज़िया-उल-हक़ और परवेज़ मुशर्रफ़, इन जनरलों की दास्तानें पाकिस्तान की सत्ता-कहानियों में किसी अध्याय की तरह नहीं, बल्कि पूरी किताबों की तरह फैली हुई हैं। सरकार का तर्क है कि अनुच्छेद 243 में बदलाव केवल "प्रक्रियागत स्पष्टता" और "प्रशासनिक संरचना के पुनर्गठन" के लिए हैं, और सेना प्रमुख को एक "राष्ट्रीय नायक" की उपाधि मिलनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेषकर अमेरिका और यूरोपीय संघ को इसकी निंदा करनी चाहिए, क्योंकि यह न केवल पाकिस्तानी नागरिकों के अधिकारों को कुचलता है बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता को भी खतरे में डालता है। भारत के लिए, यह एक चेतावनी है, पड़ोसी की राजनीतिक गिरावट कभी सुरक्षा की गारंटी नहीं होती। मजबूत सीमाएं, कूटनीतिक सतर्कता और आर्थिक एकीकरण ही सच्चा रास्ता है। पाकिस्तान के लोग, जो लोकतंत्र की आशा में सड़कों पर उतरते रहे हैं, अब एक नए संघर्ष के दहलीज़ पर खड़े हैं, एक ऐसा संघर्ष जहां उनकी आवाज दबाने के लिए संविधान ही हथियार बन गया है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार है, ये उनके अपने विचार हैं।)


## चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित
दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं।

## शांति चाहते हैं तो ईमानदारी से करें काम



संकलित
प्रेरणा

एक दिन गुरु नानक के पास एक गांव का जमींदार आया। जमींदार गुरु नानक के लिए भोजन लेकर आया था। गुरु नानक ने जमींदार से कहा कि भोजन यहां रख दीजिए। जमींदार बोला कि मैं आपको खाना परोसना चाहता हूं। कृपया आप खाना खा लीजिए। नानक जी ने उसे कुछ देर रुकने के लिए कहा। तभी वहां एक गरीब व्यक्ति आया। उसने गुरु नानक से कहा कि मैं आपके लिए रोटी लेकर आया हूं। जमींदार ने उसकी ओर देखकर कहा कि खाना तो आ चुका है, तुम ये रोटी वापस ले जाओ। नानक जी ने कहा कि नहीं, खाने का अपमान नहीं करना चाहिए। जमींदार ने कहा कि मैं भी आपके लिए खाने की बहुत सी चीजें लेकर आया हूं। मेरी थाली में रोटी के साथ ही अन्य पकवान भी हैं, मिठाई भी है। नानक जी बोले कि हम उसे भी चख लेंगे। गुरु नानक ने उस गरीब की आधी रोटी खा ली और आधी अपने हाथ में रख ली। ये देखकर जमींदार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आपने ये क्या किया? मेरा स्वादिष्ट भोजन छोड़कर इसकी साधारण रोटी खा ली। नानक जी ने गरीब की आधी रोटी को हाथों से मसला तो उसमें से दूध की बूंद गिरीं। इसके बाद नानक जी ने जमींदार की मिठाई को मसला तो उसमें खून की बूंद गिरीं। वहां मौजूद लोग ये सब बहुत ध्यान से देख रहे थे। नानक जी ने उस जमींदार से कहा कि इसकी सूखी रोटी में ईमानदारी है और तुम्हारी मिठाई में कहीं न कहीं बेईमानी है। इसलिए मैंने इस गरीब की रोटी खाई है और तुम्हारी मिठाई नहीं खाई।

## सटाका




## आज की पाती

### उचित जीवनशैली बचाएगी कैंसर से

राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया पहली बार वर्ष 2014 में मनाया गया था। कहा जाता है कि यह नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैरी क्यूरी के जन्मदिन के दिन मनाया जाता है। मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में भी नोबेल पुरस्कार दिया गया था, यह रेडियो एक्टिविटी की खोज करने के कारण भी प्रसिद्ध थी। इस दिवस के मनाए जाने का मुख्य कारण लोगों को कैंसर से बचने के तौर तरीकों के प्रति जागरूक करना भी है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। यह ऐसी बीमारी है जिसके बारे में लोगों को तब पता चलता है जब यह व्यक्ति को मौत के करीब ले आती है। बहरहाल, उचित जीवनशैली को अपनाकर हम कैंसर से बच सकते हैं।

–विनोद कुमार साहू, रायपुर

## करंट अफेयर

# मेक्सिको सिटी में 'जेन जेड' के विरोध ने पकड़ा जोर

मेक्सिको में अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जेनरेशन जेड' द्वारा आहूत प्रदर्शन के समर्थन में शनिवार को यहां हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। इस विरोध प्रदर्शन का विपक्षी दलों के विभिन्न आयुवर्ग के लोगों ने भी समर्थन किया।प्रदर्शन में कुछ युवाओं की पुलिस से झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थरों, पटाखों, लाठियों एवं जंजीरों से हमला किया और पुलिस की ढालें एवं अन्य उपकरण छीन लिए। राजधानी के सुरक्षा सचिव पाब्लो वाजक्वेज ने बताया कि 120 लोग घायल हुए हैं जिनमें से 100 पुलिस अधिकारी हैं। इस संबंध में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



1990 के दशक के अंत और 2010 के प्रारंभ के बीच जन्मे लोगों ने इस वर्ष कई देशों में असमानता, लोकतांत्रिक पतन और भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रदर्शन किए हैं। नेपाल में हाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के बाद सितंबर में सबसे बड़ा 'जेन जेड' विरोध प्रदर्शन हुआ था जिसके कारण उस देश के प्रधानमंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। मेक्सिको में कई युवाओं का कहना है कि वे भ्रष्टाचार और हिंसक अपराधों के लिए दंड से मुक्ति जैसी प्रणालीगत समस्याओं से निराश हैं। युवाओं द्वारा आहूत इस प्रदर्शन में विभिन्न आयु वर्ग के लोग शामिल हुए।

## ऑफ बीट

# लाफिंग गैस के निरंतर उपयोग से मौत संभव

अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन अमेरिकी नागरिकों को मनोरंजन के लिए नाइट्रस ऑक्साइड उत्पादों के लगातार बढ़ते और संभावित रूप से घातक उपयोग के बारे में चेतावनी दे रहा है, विशेष रूप से युवाओं के बीच। नाइट्रस ऑक्साइड को आमतौर पर लाफिंग गैस कहा जाता है। 'गैलेक्सी गैस' और 'मियामी मैजिक' जैसे नामों से बेचे जाने वाले ये उत्पाद सस्ते हैं और गैस स्टेशन, बड़े किराना स्टोर और वॉलमार्ट सहित प्रमुख खुदरा दुकानों पर आसानी से उपलब्ध हैं। इन्हें ऑनलाइन भी बेचा जाता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य मामलों के सहायक प्रोफेसर के रूप में इन उत्पादों का अध्ययन करने के चलते मैं जानता हूं कि ये कितने खतरनाक हो सकते हैं।



लाफिंग गैस का मनोरंजन के लिये या अन्य वजहों से निरंतर उपयोग कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, और कुछ मामलों में मृत्यु भी हो सकती है। संभावित नुकसान की एक लंबी सूची : लाफिंग गैस के बार-बार इस्तेमाल से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों की सूची लंबी है। इसमें स्मृति हानि, मतिभ्रम, सिरदर्द, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, रक्त के थक्के, अंगों की कमजोरी, चलने में परेशानी, आंत्र या मूत्राशय की समस्या, रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्या और मस्तिष्क क्षति शामिल हैं।

## ट्रेंड

### उद्यम की भावना



आज बिहार में हर तरफ विकास की ललक साफ नजर आती है। मैंने कई अवसरों पर यह महसूस किया है कि यहां के मेरे भाई-बहनों में उद्यम की भावना काफी प्रबल है, जिससे पता चलता है कि बिहार के लोग क्यों दुनियाभर में छाए हुए हैं।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### गुमनाम नायक



हमारी सरकार ने उन गुमनाम नायकों को भी सामने लाने का कार्य किया है, जिनके योगदान ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उनके बलिदान और संघर्ष का स्मरण और सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उत्तर प्रदेश में पासी समाज के वीरों, वीरांगनाओं को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### परिणाम की समीक्षा करेंगे



बिहार का यह परिणाम वाकई चौंकाने वाला है। हम एक ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सके, जो शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था। यह लड़ाई संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन इस परिणाम की गहराई से समीक्षा करेंगे।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### मजबूत नींव



आज जब हम नई सड़कें बना रहे हैं, स्कूलों और अस्पतालों को बेहतर बना रहे हैं तो यह सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत नींव खड़ी हो रही है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# संगीत, नृत्य और शास्त्रीय कलाओं की प्रस्तुतियों में नजर आई केरल की सांस्कृतिक समृद्धि

## चार दिनी केरल फेस्ट के चौथे संस्करण का शानदार समापन


मां काली की प्रस्तुति देती कलाकार।

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन द्वारा आयोजित केरल फेस्ट का चौथा संस्करण रविवार को बिट्टन मार्केट, दशहरा ग्राउंड में भव्य तरीके से संपन्न हुआ।

चार दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव ने अंतिम दिन संगीत, नृत्य और शास्त्रीय कलाओं की रंगीन प्रस्तुतियों से केरल की सांस्कृतिक समृद्धि का शानदार प्रदर्शन किया।


महाकाली के नृत्य की प्रस्तुति देतीं लोक कलाकारों का समूह।

### समापन समारोह में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति

समारोह की अध्यक्षता शिवराज सिंह चौहान ने की। केंद्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास ने आयोजकों और कलाकारों की सराहना की और कहा कि केरल फेस्ट ने राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक सद्भाव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भोपाल के अध्यक्ष ओ.डी. जोसेफ ने कहा कि लोगों के उत्साह और अपनत्व ने इस उत्सव की सफलता को और बढ़ाया है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति

कार्यक्रम की शुरुआत मधुर गीतों से हुई। इसके बाद शास्त्रीय, उप-शास्त्रीय और लोकनृत्यों की प्रस्तुतियों ने भारतीय कलात्मक परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया। इसके बाद कथकली की प्रस्तुति दी गई जिसमें रंग-बिरंगे परिधान और श्रृंगार में महाकाव्य रामायण और महाभारत पर आधारित अभिनय ने दर्शकों को आध्यात्मिक और पौराणिक लोकों की यात्रा कराई। समापन संगीत कार्यक्रम में 'रिद्म्स बियॉन्ड बॉर्डर्स' फ्यूज़न म्यूज़िक कॉन्सर्ट में पारंपरिक केरल संगीत और आधुनिक वैश्विक धुनों का संगम प्रस्तुत किया गया।


महाकाव्य महाभारत की प्रस्तुति का एक दृश्य।

### केरल फूड और हैंडीक्राफ्ट स्टॉल रहे विशेष आकर्षण

मुख्य मंच प्रस्तुतियों के साथ-साथ केरल फूड फेस्टिवल भी लोगों को खूब भाया। आगंतुकों ने पारंपरिक सद्य, प्रामाणिक व्यंजन, स्नैक्स, मिठाइयाँ, मसाले और प्रसिद्ध ब्लैक-बू कॉफी का आनंद लिया। हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट स्टॉल: महिला स्वयं-सहायता समूह द्वारा संचालित स्टॉलों में कोयर उत्पाद, पारंपरिक आभूषण, आयुर्वेदिक सामग्री, हस्तशिल्प और हाथ से बने वस्त्र प्रदर्शित किए गए। यह क्षेत्र कला, संस्कृति और स्थानीय उद्यमों को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम बना।

# मेरे फैंस का प्यार और मां का आशीर्वाद मुझे बनाता है स्ट्रॉन्ग

भोपाल आए बिग बॉस 16 के फेम रियलिटी स्टार शिव ठाकरे



हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

बिग बॉस 16 के लोकप्रिय और दर्शकों के चहेते रियलिटी स्टार शिव ठाकरे हाल ही में एक निजी इवेंट में शामिल होने भोपाल आए हैं। शहर की खूबसूरती और यहां के लोगों के अपनापन ने उनका दिल जीत लिया। शिव ने कहा भोपाल बेहद खूबसूरत है। यहां की ऊर्जा और लोगों का अपनापन हमेशा याद रहेगा। इस मौके पर उन्होंने अपने करियर और अनुभवों को भी साझा किया।

### बिग बॉस रियल है, रील नहीं

शिव ने बताया कि बिग बॉस उनके जीवन का एक अहम पड़ाव रहा है। बिग बॉस रियल है रील नहीं। वहां आप जैसे हैं, वैसे ही सबके सामने आते हैं।

### अमरावती से मुंबई तक का शानदार सफर

शिव ने साझा किया कि उनका अमरावती से मुंबई तक का सफर बेहद शानदार रहा। चुनौतियां बहुत थीं लेकिन सपने बड़े थे और विश्वास मजबूत। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां को दिया और कहा, मेरी आई की प्रार्थना और आशीर्वाद से ही आज जो कुछ भी हहूं उनकी वजह से हूं।

### ऑडियंस का दिया प्यार सबसे बड़ा सहारा

शिव ने बताया कि उनकी ऑडियंस ने हर रियलिटी शो में उन्हें दिल खोलकर प्यार दिया। चाहे रोडीज हों, बिग बॉस मराठी हो या बिग बॉस 16 मेरी ऑडियंस ही मेरी ताकत है उन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया।

**जल्द नज़र आएंगे वेब सीरीज़ में**

शिव ठाकरे ने खुलासा किया कि वे जल्द ही एक वेब सीरीज़ में नजर आएंगे और इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं।

## 11 दिन तक चले मेले ने शहरवासियों में भर दिया उत्साह एवं स्वदेशी का रंग

# स्वदेशी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

एमवीएम कॉलेज ग्राउंड में 6 नवंबर से चल रहे स्वदेशी जागरण मंच के स्वदेशी मेले का रविवार को समापन हो गया। 11 दिन तक चले स्वदेशी मेले ने शहर वासियों को उत्साह और स्वदेशी भावना से भर दिया। साथ ही मेले में प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगितएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। मेले न केवल स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दिया है, बल्कि संस्कृति, संगीत और खेल के माध्यम से सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए आनंद और उत्साह का केंद्र भी बना रहा। मेंले के अंतिम दिन मुख्य अतिथियों में सह क्षेत्र कार्यवाह हेमंत मुक्तिबोध, जन अभियान परिषद के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बकुल लाड़, मेला संयोजक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश विश्वकर्मा, लोकतंत्र सेनानी, मध्य प्रदेश अध्यक्ष तपन भौमिक मौजूद रहे। वहीं अतिथियों का स्वागत स्व्देशी जागरण मंच की प्रांत प्रमुख एवं मेला संयोजक सीमा भरद्वाज, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लघु उद्योग भारती एवं मेले की सांस्कृतिक प्रभारी प्रतिभा शुक्ला, मेला सह संयोजक दीपक वर्मा ने किया। साथ ही रमन तिवारी और सुशील अग्रवाल मंच पर उपस्थित रहे।


स्वदेशी मेले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वदेशी अपनाने की शपथ लेते अतिथि।


गायन की प्रस्तुति।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक

- प्रमुख आकर्षण-साथी नाट्य मंचन की भव्य प्रस्तुति।
- वॉइस ऑफ भोपाल म्यूजिक ग्रुप की मधुर संगीत संध्या।
- महिलाओं और बच्चों के लिए निःशुल्क खेलकूद प्रतियोगिताएं, कुर्सी दौड़
- एलएनसीटी कॉलेज की रंगमंच प्रस्तुति।
- भजन संध्या एवं देशभक्ति गीतों की मनोरम प्रस्तुति ने समां बांध दिया।


मेले के अंतिम दिन देर रात तक पंडाल फुल भरा रहा। लोगों ने मनोरंजक झूलों का आंनद लिया।


विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित करतीं मेला सह संयोजक सीमा भारद्वाज व अन्य।

### महिलाओं का रहा सक्रिय योगदान

कार्यक्रम संचालन और व्यवस्था में कार्यकर्ता बहनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इनमें प्रीति सक्सेना, दुर्गेश नंदिनी, माया यादव, प्रिया, संगीता तिवारी, अंशिका सोनी, संध्या अग्रवाल, प्रीति चौरसिया, मनीषा चौरसिया, आशा साहू, प्रिया, दीपा शर्मा, साधना शर्मा, मोनिका अग्रवाल, प्रज्ञा सेन, प्रीति डाबी, रचना भार्गव, राखी शर्मा, काजल राजपूत, प्रिया सिंह, मंजू राजौरिया शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### नाटक मॉडर्न मजनूं का मंचन आज

**भोपाल।** बेंगलुरु, जयपुर, अहमदाबाद और इंदौर में अपनी सफल प्रस्तुतियों के बाद वर्सेटाइल मोशन पिक्चर्स अब राजधानी भोपाल में थिएटर प्रेमियों के लिए लेकर आ रहा है मॉडर्न मजनूं नाटक का मंचन होगा खयाल कला प्रेमियों के मंच पर आज शाम 7:30 बजे। यह नाटक पारंपरिक मजनू की कहानी को आज के समय से जोड़ते हुए एक आधुनिक प्रेम कथा के रूप में प्रस्तुत करता है। वर्सेटाइल मोशन पिक्चर्स लगातार ऐसे सृजनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है, जो कला, सच्चाई और भावनाओं के संतुलन को दर्शकों के सामने उजागर करते हैं।मॉडर्न मजनूं एक कहानी जो दिल छूती है और सोचने पर मजबूर करती है। इसे देखने का अनुभव हर थिएटर प्रेमी के लिए यादगार रहेगा।

### पुस्तक 'लॉस्ट एट फोर्टी' पर हुआ विचार-विमर्श

**भोपाल।** स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में क्लब लिटराटी की ओर से रविवार को वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं लेखिका डॉ. वरुणा पाठक की पुस्तक "लॉस्ट एट फोर्टी" पर परिचर्चा आयोजित की गई। पुस्तक में मिड-लाइफ़ क्राइसिस, उससे उत्पन्न चुनौतियों और उनसे उबरने के उपायों का विश्लेषण किया गया है। परिचर्चा का संचालन डॉ. नीलकमल कपूर ने किया। उन्होंने प्रश्नों के माध्यम से विमर्श को आगे बढ़ाया। डॉ. पाठक ने कहा कि जीवन काल संभावनाओं से भरा होता है यदि व्यक्ति अपने आत्मविश्वास को दृढ़ रखें तो वो सपनों को नई दिशा दे सकता है। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और अनुशासन को बनाए रखने के सुझाव दिए।

# तुलसी साहित्य अकादमी ने उत्कृष्ट साहित्यकारों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

तुलसी साहित्य अकादमी द्वारा 25 वॉं अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह होटल कृष्णा भोग सर्वधर्म कॉलोनी कोलार रोड में आयोजित हुआ। इस साहित्यिक समारोह की अध्यक्षता डॉ. खेमसिंह डहेरिया, सभापति, निजी विश्व विद्यालय विनियामक आयोग भोपाल मध्यप्रदेश ने की। मुख्य अतिथि डॉ. नरेश कुमार तिवारी, कुलगुरु, सैम ग्लोबल विश्व विद्यालय भोपाल तथा विशेष अतिथि वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. प्रभा मिश्रा भोपाल रहीं। सारस्वत अतिथि रहे डॉ. राजेश श्रीवास्तव निदेशक रामायण केंद्र एवं पवन कुमार जैन दूर संचार विभाग रहे। अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मोहन तिवारी आनंद ने कहा- तुलसी साहित्य अकादमी सम्पूर्ण भारत में राष्ट्र भाषा हिन्दी के संवर्धन एवं विकास का



अभियान चला रही है। इस अवसर पर डॉ. प्रभा मिश्रा पूर्व प्राचार्य साधु वासवानी महाविद्यालय द्वारा रचित ठुमरी विधा पर केंद्रित गीत 'मेरे साहिबा' जिसे प्रसिद्ध गायिका सुवर्णा तिवारी ने स्वर दिया है का लोकार्पण किया गया। उद्घाटन सत्र के बाद आयोजित साहित्यिक विमर्श में साहित्यकारों द्वारा हिन्दी साहित्य के समावेशी काल के निर्धारण पर अपने विचार रखे। तदुपरांत डॉ. प्रभु शंकर शुक्ल, हरदा मध्यप्रदेश को तुलसी शिखर सम्मान तथा डॉ. नीरू मित्तल, पंचकूला हरियाणा को रत्नावली शिखर सम्मान से अलंकृत किया गया।

## चिट्ठी विषय पर हिंदी भवन में काव्य गोष्ठी का आयोजन

# एक चिट्ठी आज फिर मैं बांचती ही रह गई...

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

राजधानी की चर्चित संस्था प्रभात साहित्य परिषद द्वारा विश्व रंग के अन्तर्गत चिट्ठी विषय पर काव्य गोष्ठी का आयोजन परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष महेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता, कवि चौधरी मदन मोहन 'समर' के मुख्य आतिथ्य तथा वरिष्ठ कवयित्री कुसुम श्रीवास्तव के विशेष आतिथ्य, डॉ. अनीता तिवारी के संचालन में हिंदी भवन के नरेश मेहता कक्ष में किया गया। इस अवसर पर पिछली काव्य गोष्ठी की सर्वश्रेष्ठ चुनी गई रचना के लिये नीति राज चौरे को सरस्वती प्रभा सम्मान से अलंकृत किया गया। सरस्वती वंदना के उपरांत हरिओम सोनी ने पढ़ा चिट्ठी पढ़ते ही आंसू न बहाना, ये मोती सम्भाल के रखना रब के वास्ते। वहीं डॉ. अनीता तिवारी ने पढ़ा, वेदना के बीज उपजे आज फिर मन में मेरे, एक चिट्ठी आज फिर मैं बांचती ही रह गईं। प्रदीप कश्यप ने पढ़ा वो आयेगा त्यौहार पर कल जिसकी ये चिट्ठी मिली। उस वीर सैनिक की वतन पर जां निछावर हो गई।

वहीं चौधरी मदन मोहन 'समर' ने पढ़ा वो जो चिट्ठी आई थी मेरा पता लिखी, देखकर भी न देखने की खता लिखी। वहीं रमेश नन्द, महेश प्रसाद सिंह, डॉ. अनिल शर्मा 'मयंक', डॉ. प्रतिभा द्विवेदी,महेश सोनी, दिनेश शेष, दीप्ति मेहता, गरिमा गुप्ता, पूनम गुप्ता, उमेश गर्ग, अशोक धर्मेनिया,अदिति पारवानी, शोभा जोशी, खालिदा सुल्ताना, नीरज दुबे, अखिलेश लोधी, विद्या श्रीवास्तव,वंदना जोशी, ज्योत्सना खोले, एस एन शर्मा, मोती सागर, अंशुमान खरे,प्रेम चंद गुप्ता आदि ने भाग लिया। अंत में अशोक निर्मल ने सभी का आभार व्यक्त किया।


कवि नीति राज चौरे को सरस्वती प्रभा सम्मान से अलंकृत करते अतिथि।

# आर्ट एंड क्राफ्ट एग्जीबिशन में अयोध्या के श्रीराम मंदिर ने जीता सबका दिल

आर्ट एंड क्राफ्ट एग्जीबिशन का आयोजन बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा


श्रीराम मंदिर की कलाकृति के साथ बालक।

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

शहर के रोज मेरी ग्रुप ऑफ स्कूल में आर्ट एंड क्राफ्ट एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने वर्किंग मॉडल से लेकर मेट्रो स्टेशन के बेहतरीन मॉडल पेश किए। इस अवसर पर नन्हें मुन्ने बच्चों के बनाए गए अयोध्या का भगवान श्रीराम मंदिर आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे प्रथम स्थान मिला।

इन कलाकृतियों ने निर्णायक मंडल का दिल जीत लिया। प्रदर्शनी में पार्षद बाबूलाल यादव ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। विजिटर ने बच्चों मॉडल की सराहना की।

**वन विहार में 74वीं पोएट्स वॉक** » प्रकृति की गोद में कविता का रंग बिखरा, तो शाम संगीत और नज़्मों की गूंज से महक उठी

# कविता-संगीत से सराबोर रहा छतनारा का रविवार



हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

छतनारा समूह ने वनविहार में 74वीं पोएट्स वॉक का आयोजन किया। चीकू द्वार पर बीस से अधिक कवि और साहित्य-प्रेमी इक्कठा हुए, जहां हल्की धूप और हरियाली के बीच सभी ने साहित्य, लेखन और रचनात्मक अनुभवों पर बात चीत की।सैरसपाटा झील किनारे कविताओं का दौर चला ,जिसका संचालन कवि निशांत ने किया। उन्होंने शायर अभय शुक्ला की ग़ज़लों से कार्यक्रम की शुरुआत की।अनुराग भरत और सुहास ने अपनी रचनाए प्रस्तुत कीं, जबकि 75 वर्षीय सीता जी ने अपनी 46 वर्ष पुरानी डायरी से कविता पढ़कर सभी को भावुक कर दिया। हास्य, व्यंग्य और नज़्मों की प्रस्तुतियों ने माहौल खुशनुमा रखा।



### शाम को कविताओं की जुगलबंदी

शाम को छतनारा समूह और कैफे ड्रमस्टिक ने मिलकर गूंज कार्यक्रम आयोजित किया। मंच पर गायक वेद पांड्या और कवि निशांत ने गीत और कविता का सुगठित संगम पेश किया। प्रेम-कविताओं, नज़्मों और सूफी गीतों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में दोनों कलाकारों ने 'ओ रे मनवा' के सामूहिक गायन प्रस्तुत किया।

# अनूप श्रीवास्तव की ग़ज़ल संध्या कल रवीन्द्र भवन में

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

मेलोडी ऑफ़ ग़ज़ल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है,जिसमें म्यूज़िक मेंटर, कंपोज़र और ग़ज़ल गायक अनूप श्रीवास्तव अपनी स्वरचित एवं लोकप्रिय रिकॉर्डेड ग़ज़लों की प्रस्तुति देंगे। स्वर शाला म्यूज़िक क्लब द्वारा 18 नवम्बर को ग़ज़ल संध्या,रवीन्द्र भवन के गौरांजनी सभागार में शाम 6:30 बजे आरंभ होगा। इसे दौरान वे श्रोताओं से संवाद करते हुए ग़ज़ल गायकी की बारीकियों, भाव-अभिव्यक्ति, उच्चारण और शास्त्रीय संगीत के सुगम प्रयोग पर मार्गदर्शन भी देंगे। 25 वर्षों की साधना में उन्हें उस्ताद सरबत हुसैन, तलत अज़ीज़, कुसुम बड़ोदकर , सिद्धराम स्वामी कोरबार जैसे दिग्गजों का सान्निध्य प्राप्त हुआ है। अटल बिहारी वाजपेई हिंदी विवि से एमए संगीत में गोल्ड मेडल प्राप्त श्रीवास्तव की ग़ज़लें यूं ही हर बात पर हंसने का बहाना आए और मुझे सदा सुहागन रखना देश-विदेश में व्यापक लोकप्रियता हासिल किए हुए हैं।



# टीएमसी सांसद माफी मांगें वरना हम करेंगे कानूनी कार्वाई

## राजभवन में हथियार बांटे जाने के आरोपों पर बरसे राज्यपाल बोस

### कल्याण का आरोप- राजभवन में बांटे जा रहे हथियार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

टीएमसी सांसद को दी चेतावनी

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने रविवार को टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी के उन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया, जिनमें कल्याण बेनर्जी ने आरोप लगाया था कि राजभवन में हथियार बांटे जाते हैं। राज्यपाल ने आरोपों को आधारहीन बताया और चेतावनी दी कि अगर टीएमसी सांसद ने माफी नहीं मांगी तो वे कानूनी कार्वाई कर सकते हैं।



पश्चिम बंगाल का राजभवन

राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि जो आरोप लगाए गए हैं, उनके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। जब सत्ताधारी पार्टी के सांसद कहते हैं कि राजभवन में हथियार उपलब्ध हैं तो इसका मतलब ये है कि उनका अपने ही राज्य की पुलिस पर भरोसा नहीं है? क्या इसके पीछे कोई अंदरूनी राजनीति है?

### राज्यपाल ने कहा- गंभीर परिणाम संभव

बोस ने कहा कि 'जो आरोप लगाए गए हैं, उनके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। जब सत्ताधारी पार्टी के सांसद कहते हैं कि राजभवन में हथियार उपलब्ध हैं तो इसका मतलब ये है कि



उनका अपने ही राज्य की पुलिस पर भरोसा नहीं है? क्या इसके पीछे कोई अंदरूनी राजनीति है? राज्यपाल ने कहा कि राजभवन में हथियारों को ढूंढने की बात ऐसी है, जैसे कोई दृषिहीन व्यक्ति एक अंधेरे कमरे में काली बिल्ली को ढूंढ रहा हो, जो कि वहां है ही नहीं। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन लोगों के लिए खुला है। उन्होंने कहा कि सुबह 5 बजे से लेकर आम लोग, नागरिक समाज के लोग, मीडियाकर्मी राजभवन आकर देख सकते हैं कि क्या राजभवन में हथियार हैं या नहीं?

### कानूनी सलाह लेंगे

बोस ने कहा कि उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी के आरोप पर कानूनी राय मांगी है। उन्होंने टीएमसी सांसद के बयान की निंदा करते हुए शेक्सपियर की एक कविता का एक अंश पढ़ा कि कि यह एक मूर्ख द्वारा सुनाई गई कहानी है, जो शोर और रोष से भरी है, जिसका कोई मतलब नहीं है।

### लोकसभा के स्पीकर को भी लिखा पत्र

बंगाल के राज्यपाल बोस ने कहा कि राजभवन के दरवाजे सुबह 5 बजे से खुले रखे गए हैं और वह बेनर्जी के आने और उनके द्वारा उठाए गए मुद्दो के सबूत इकट्ठा करने के लिए निरीक्षण करने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह अपनी कही बात साबित करने में नाकाम रहते हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए? राजभवन ने एक बयान में बताया कि राज्यपाल इस मामले में लोकसभा अध्यक्ष को भी पत्र लिख रहे हैं, क्योंकि टीएमसी सांसद ने गंभीर आरोप लगाए हैं।

### टीएमसी सांसद ने राजभवन पर लगाए थे गंभीर आरोप

टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी ने शनिवार को आरोप लगाया था कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस



भाजपा के अपराधियों को राजभवन में बुला रहे हैं और उन्हें हथियार दे रहे हैं ताकि वे टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले कर सकें। उन्होंने कहा कि 'बंगाल के राज्यपाल को कह दें कि वे भाजपा के अपराधियों को राजभवन में बुलाना बंद करें। वह उन्हें वहां रख रहे हैं और उन्हें हथियार दे रहे हैं ताकि वे टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले कर सकें। जब तक ये राज्यपाल, राजभवन में हैं, तब तक बंगाल के साथ कुछ अच्छा नहीं हो सकता।

---

## खबर संक्षेप

### उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक लेंगे गृहमंत्री शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को हरियाणा के फरीदाबाद



में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ राज्य/संघ राज्यक्षेत्र शामिल हैं। अफसर मौजूद रहेंगे।

### अकेले ही निकाय चुनाव लड़ेगी कांग्रेस महाराष्ट्र में

**मुंबई।** बिहार विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित हार के बाद कांग्रेस के भीतर भी हलचल तेज हो गई है।



महाराष्ट्र में निकाय चुनाव होने वाले हैं और इसी बीच कांग्रेस ने ऐलान किया है कि वह महा विकास अघाड़ी के साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ेगी। कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्निथला ने इसको लेकर बड़ा बयान दिया।

### बच्ची को स्कूल ने दी सजा इलाज के दौरान मौत


**वसई।** महाराष्ट्र के वसई में एक दुखी करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक स्कूल में 10



मिनट देरी से आने पर अध्यापक ने 13 साल की बच्ची को बैग कंधे पर टांगकर 100 उठक-बैठक करने की सजा दी। बच्ची की तबीयत खराब हो गई। अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई।

### ट्रक-टेंपो की भिड़ंत में 6 श्रद्धालुओं की मौत

**जयपुर।** जोधपुर-जैसलमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।



बालेसर थाना क्षेत्र में रामदेवरा दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरा टेंपो सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक से जा भिड़ा। इसमें 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

## बहन रोहिणी आचार्य के अपमान पर भड़के तेजप्रताप दो टूक बोले

# अब सुदर्शन चक्र चलेगा, सुन लो जयचंदो जो कर रहे उसका परिणाम भयावह होगा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में राष्ट्रीय जनता दल की करारी हार के बाद लालू परिवार में कलह बढ़ गया है। रोहिणी आचार्य ने अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव और उनके सहयोगी संजय यादव और रमीज पर गंभीर आरोप लगाया। वहीं बहन रोहिणी के अपमान पर लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव भड़क गए। रोहिणी आचार्या के घर और पार्टी छोड़ने के बयान के बाद अब तेज प्रताप यादव का बयान सामने आया है, जिसमें वह गुस्से में नजर आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी बहन का जो अपमान करेगा उस पर कृष्ण का सुदर्शन चक्र चलेगा। तेज प्रताप ने कहा कि रोहिणी दीदी जो बात कह रही है, वह अपनी जगह बिल्कुल सही कह रही हैं। एक मां होने के नाते, एक महिला होने के नाते, एक बहन होने के नाते उन्होंने जो सराहनीय काम उन्होंने किया है, वह शायद ही कोई बेटी या कोई बहन या कोई मां कर सकती है। यह हमारे लिए और सभी महिलाओं के लिए ये पूरे तरीके से ये पूजनीय हैं और सदैव इनकी चर्चा कि जाएगी। यह एक इतिहास रहेगा।

### बहन रोहिणी ने एक सराहनीय काम किया

लालू के बड़े बेटे ने कहा- दीदी ने जो कहा वह यथार्थ

लालू के बड़े बेटे ने कहा-इसकी चर्चा लंबे समय तक की जाएगी


बहन रोहिणी के साथ बड़े भाई तेज प्रताप

### घटना ने दिल को झकझोर दिया, जनता जमीन में गाड़ देगी

तेज प्रताप ने जनशक्ति जनता दल के इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा है कि इस घटना ने दिल को भीतर तक झकझोर दिया है। इस अन्याय का परिणाम बेहद भयावह होगा। समय का लेखा-जोखा बड़ा कठोर है। मैं आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मेरे पिता, मेरे राजनीतिक गुरु लालू प्रसाद जी से आग्रह करता हूं-पिता जी, एक संकेत दीजिए... आपका केवल एक इशारा और बिहार की जनता इन जयचंदों को जमीन में गाड़ देने का काम खुद कर देगी। यह लड़ाई किसी दल की नहीं- परिवार के सम्मान, बेटी की गरिमा और बिहार के स्वाभिमान की लड़ाई है।

### पिता परिवार की मदद करना गुनाह हो गया

रोहिणी ने सबसे पहले एयरपोर्ट पर अपने अपमान की बात कही थी। उन्होंने कहा कि मैंने अपना मायका और राजद से अलग हो गई हूं। उन्होंने दो नाम लिया और कहा कि यह बात अब आपलोग खुद को चाणक्य कहने वाले संजय यादव और रफीज से पूछिए। तेजस्वी से पूछिए। अब तो स्थिति यह हो गई है कि इनका नाम लेने पर चप्पल से मारा जाता है, अपमानित किया जाता है और घर से निकाला जाता है। मुझे गालियों के साथ बोला गया कि मैं गंदी हूं और मैंने अपने पिता को अपनी गंदी किडनी लगवा दी, करोड़ों रुपए लिए , टिकट लिया तब लगवाई गंदी किडनी।

### बागी नेत्री ने भी बोला हमला
#### खुद को समझ रहे थे चाणक्य...



तेजस्वी के करीबी और राजद के सांसद संजय यादव पर हमला बोलने वालों में केवल अब रोहिणी आचार्य ही अकेली नहीं रह गई हैं। उन्हें निर्दलीय चुनाव लड़ने वाली रितु जायसवाल का साथ मिल चुका है। रितु ने संजय के खिलाफ बड़ा हमला बोला है। उन्होंने चुनाव रिजल्ट की एक तस्वीर भी साझा की। रितु ने कहा कि वे चाणक्य समझ रहे थे।

### रोहिणी मामले में बोले चिराग
#### मैंने लालू परिवार को अपना माना



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि मैं इस पर टिप्पणी नहीं करूंगा क्योंकि मैं समझ सकता हूं कि जब कोई परिवार ऐसी मुश्किल स्थिति से गुजरता है। इससे मैं भी गुजरा हूं। हमारे बीच राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हमेशा मैंने लालू यादव के परिवार को अपना माना है। चाहे तेजस्वी हों, तेज हों, रोहिणी या मीसा हों।

### तेजस्वी ने आज बुलाई बैठक
#### नेता विपक्ष का चुनाव भी होगा

बिहार चुनाव में बड़ी हार झेलने के बाद अब राष्ट्रीय जनता दल में मंथन का दौर है। अब राष्ट्रीय जनता दल में मंथन की बारी है। इस बीच तेजस्वी यादव ने अब पार्टी के विधायकों और हारे हुए प्रत्याशियों की अहम बैठक पटना में बुलाई है। तेजस्वी के पटना स्थित 1 पोलो रोड पर सोमवार को दोपहर करीब 2 बजे राजद के प्रत्याशियों एवं निर्वाचित विधायकों की बैठक बुलाई है। नेता का भी चुनाव हो सकता है।



### लालू की तीन बेटियों ने पटना छोड़ा

परिवार में मचे धमासान के बाद लालू की तीन बेटी पटना से रवाना हो गई हैं। परिवार और बच्चों के साथ वह दिल्ली रवाना हुई हैं. रागिनी, राजलक्ष्मी और चंदा यादव दिल्ली रवाना हुई हैं।

---

## सीएम गुप्ता ने 'नमो रन' को दिखाई झंडी

# इससे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की सीख मिलेगी


नमो रन की शुरुआत करती हुईं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को सड़क सुरक्षा और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए 'नमो रन' को हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम का आयोजन पूर्वी दिल्ली के सूरजमल विहार में स्थित यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया। इसमें दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, परिवहन मंत्री हर्ष मल्होत्रा और विधायक अरविंदर सिंह लवली भी शामिल हुए। गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन सुरक्षित दिल्ली की दिशा में एक बड़ा कदम है। खेल प्रतियोगिताओं को सड़क सुरक्षा से जोड़ने और इस दौड़ के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करने का उद्देश्य बहुत सुंदर है। इन प्रतियोगिताएं सुरक्षित और विकसित दिल्ली की राह में बहुत लाभदायक होंगी। नउ्होंने कहा कि आजकल लड़कियां भी बेहतरीन क्रिकेट खेलती हैं।

### खेल से शारीरिक और मानसिक मजबूती मिलेगी: सचदेवा

हर खेल का अपना महत्व है और हर खिलाड़ी अपने आप में अहम है। यह खेल प्रतियोगिता, यह दौड़ और इसमें आपकी भागीदारी, ये सब बहुत महत्वपूर्ण हैं। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, ये गतिविधियां जीवन का एक नियमित हिस्सा बन जानी चाहिए। मैं अनुरोध करता हूं कि वे अपने बच्चों को कम से कम एक खेल में रुचि लेने के लिए प्रोत्साहित करें। खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं।

### सीएम का लोगों से हमेशा जुड़ाव रहा

इस मौके पर दिल्ली के परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने सीएम गुप्ता की तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह हर दिन लोगों के बीच रहती हैं और रोजाना दो-तीन सार्वजनिक कार्यक्रमों में शिरकत करती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने शायद दस सालों में भी जनता से इतनी मुलाकात नहीं की होगी। सीएम रेखा गुप्ता लोगों से इतना ज्यादा जुड़ी रहती हैं जितना कि कभी-कभी एक महीने में ही, जितना कि दूसरे लोग सालों में भी नहीं कर पाते।

---

# सरकार ने पूर्वोत्तर को बुनियादी ढांचे, निवेश कौशल विकास में सर्वोच्च प्राथमिकता दी

वित्तमंत्री सीतारमण ने एनआईईएलआईटी में छात्रों और युवा पेशेवरों के साथ की बात

### 'एक्ट ईस्ट' नीति, उभरती प्रौद्योगिकियों, डिजिटल समावेश पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ कोहिमा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार ने बुनियादी ढांचे, निवेश, कौशल विकास और डिजिटल विस्तार के मामले में पूर्वोत्तर को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।उन्होंने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) कोहिमा में छात्रों और युवा पेशेवरों के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही। प्रतिभागियों ने उनसे 'एक्ट ईस्ट' नीति, उभरती प्रौद्योगिकियों, महिलाओं के वित्तीय सशक्तीकरण और डिजिटल समावेश से जुड़े सवाल किए।

### राजमार्गों, हवाई अड्डों में तेजी से सुधार हो रहा



ऋषभ सेठी के नवाचार और व्यापार के लिए 'एक्ट ईस्ट' नीति का लाभ उठाने के बारे में कहा कि विकास, कौशल और निवेश के संदर्भ में पूर्वोत्तर को नीति के केंद्र में रखा गया है। इस क्षेत्र को अब मजबूत संपर्क, बेहतर डिजिटल बुनियादी ढांचे और व्यापक बाजार पहुंच का समर्थन प्राप्त है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में राजमार्गों, हवाई अड्डों, डिजिटल नेटवर्क और लॉजिस्टिक में तेजी से सुधार हो रहा है।

### राशि का सही प्रबंधन और नियंत्रण रखें

सीतारमण ने कहा कि भारतीय महिलाएं पारंपरिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करती रही हैं और अब आधुनिक अवसर अधिक मजबूत वित्तीय स्वतंत्रता पर जोर देते हैं। अपने पैसे पर नियंत्रण रखें, उसका प्रबंधन करें और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनें।

### डिजिटल क्षमताएं बहुत तेजी से बढ़ रहीं

सीतारमण ने कहा कि क्षमताओं में वृद्धि हुई है और डिजिटल क्षमताएं बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। दक्षिण पूर्व एशिया के साथ भारत के जुड़ाव के लिहाज से इस क्षेत्र का विशेष महत्व है। एआई और रोबोटिक्स के बीच भारत के डिजिटल भविष्य पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने राष्ट्रीय विकास में योगदान देने की छात्रों की आकांक्षा की प्रशंसा की। उन्होंने युवाओं को नकारात्मक प्रभावों, विशेष रूप से नशीली दवाओं के दुरुपयोग से सावधान रहने के लिए आगाह किया।

---

## पटेल की 150वीं जयंती पर मार्च


अहमदाबाद। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को अहमदाबाद में लोग राष्ट्रीय ध्वज थामे मार्च में भाग लेते हुए।

---

# 100 साल में पहली बार नियमों का पालन कर रहा आरएसएस

मंत्री प्रियांक ने संघ पर ली चुटकी

### कलबुर्गी में कर्नाटक के मंत्री ने किया कटाक्ष

एजेंसी ▶▶ कलबुर्गी

कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने रविवार को आरएसएस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि संगठन '100 साल में पहली बार' नियमों का पालन करते हुए रूट मार्च कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार चित्तापुर में होने वाले मार्च के लिए आरएसएस ने कानूनी और संवैधानिक अनुमति ली है, जो पहले नहीं देखा गया था। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशासन ने कड़े नियम और शर्तें लगाई हैं। अगर शर्तें नहीं मानी तो कानून के मुताबिक कार्वाई की जाएगी।



### यह है मामला

चित्तापुर से आरएसएस ने रूट मार्च निकालने की योजना बनाई थी। शुरुआत में जिला प्रशासन ने अनुमति नहीं दी थी। इसके बाद संगठन अदालत पहुंचा और वहीं से इजाजत मिली। खरगे ने कहा कि वे मार्च के खिलाफ नहीं हैं, बस नियमों के पालन पर जोर है।

### मार्च से पहले सुरक्षा के कड़े इंतजाम

मार्च शुरू होने से पहले बजाज कल्याण मंटप के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया है। बम निरोधक दस्ता और स्निफर डॉग्स ने जगह-जगह जांच की है। इसमें पेड़ों से लेकर इमारतों की छतों तक पर नजर रखी जा रही है। भारी पुलिस बल तैनात है और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

---

## भाजपा नेता मुरली मनोहर ने 'अनश्वर' के विमोचन पर कहा

# तिब्बती लोगों को नमन, कभी चीन पर था तिब्बत का शासन

### 14वें दलाई लामा की अहिंसा की शिक्षाओं के जरिए ही तिब्बत का पुनरोत्थान होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी ने कहा कि 14वें दलाई लामा की अहिंसा की शिक्षाओं के जरिए ही तिब्बत का पुनरोत्थान होगा। उन्होंने निर्वासित तिब्बती बौद्धों की भावनाओं की सराहना की। 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो की हिंदी में पहली अधिकृत जीवनी की किताब 'अनश्वर' के विमोचन पर भाजपा नेता ने ये बात कही। उनकी हिंदी में पहली अधिकृत जीवनी पत्रकार-लेखक अरविंद यादव ने ये किताब लिखी है। इसमें पूर्व सांसद कर्ण सिंह और तिब्बत हाउस के निदेश गेशे दोरजी दामदुल मौजूद रहे। सर्व भाषा ट्रस्ट की ओर से प्रकाशित यह किताब दलाई लामा के जीवन के पलों को दर्शाती है, जिनमें अमदो में बचपन से लेकर दलाई लामा के तौर पर मान्यता, तिब्बत पर चीन के कब्जे, उनके निर्वासन और एक वैश्विक आध्यात्मिक प्रतीक है।

### तिब्बती बौद्धों ने बहुत कुछ सहा


मुरली मनोहर जोशी

जोशी ने कहा मैं तिब्बती बौद्धों और तिब्बती लोगों को नमन करता हूं कि उन्होंने अपने गुरु, उनके आदर्शों और उनके निर्देशों के लिए कितना कुछ सहा और स्वीकार किया है। फिर भी वे अपने सिद्धांतों से कभी नहीं डिगे। यहां आकर रहने वाले तिब्बती लोगों ने बहुत दिक्कतें सहीं। उनके सामने इतनी सारी परिस्थितियां आईं कि अगर कोई और या कोई दूसरा समुदाय होता तो वे विद्रोह कर देते या जिंदा रहने के लिए अपने मूल्यों को पूरी तरह बदल देते।

### एक दिन चीन पर तिब्बत का शासन संभव

उन्होंने दावा किया कि एक समय था, जब चीन खुद तिब्बत के अंदर आता था। तिब्बत प्रशासन के अंतर्गत चीन का इलाका आता था। ये संभव है कि एक दिन चीन पर तिब्बत का शासन होगा। वह उन्हें बताएगा कि इस तरह की चीज कभी नहीं करनी है और इस गलती को दोबारा नहीं दोहराना है।

### बौद्ध धर्म से चीन का परिचय तिब्बत ने ही कराया

उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्मगुरु ने सभी को अहिंसा और सद्भाव के सिद्धांत सिखाए। तिब्बत एक बार फिर से उठ खड़ा होगा और अपनी जमीन पर फिर से हक जमाएगा। मैं जानता हूं कि वह दिन आएगा। हो सकता है कि मेरे जीवित रहते ये ना हो, लेकिन ऐसा होगा। जोशी ने कहा कि बहुत कम लोग जानते हैं कि बौद्ध धर्म से चीन का परिचय तिब्बत ने ही कराया था। भारत से बौद्ध धर्म बाद में चीन पहुंचा, लेकिन पहले तिब्बतियों ने ही चीन में बौद्ध धर्म पहुंचाया।

सबका साथ, सबका विकास का दुनिया में बजा रहा है डंका

# यूएनडीपी शीर्ष अधिकारी बोले-भारत 'ग्लोबल साउथ' की अग्रणी आवाज है उसकी सफलता की कहानियों से सीख सकती है दुनिया, जरा भारत से सीखिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि भारत ने दिखाया है कि आर्थिक वृद्धि और सामाजिक समावेशन एक साथ संभव हैं तथा वह अपनी सफलता की कहानियों से ऐसे उदाहरण पेश कर रहा है जो अधिक न्यायसंगत दुनिया के निर्माण में सहायक हैं। यूएनडीपी के कार्यवाहक प्रशासक हाओलियांग शू ने कहा कि भारत की विकास की गाथा केवल आर्थिक प्रगति के बारे में नहीं है बल्कि यह प्रौद्योगिकी एवं सहभागी शासन के इस्तेमाल से यह सुनिश्चित करने की भी कहानी है कि विकास के उद्देश्य प्राप्त हों और कोई भी पीछे न छूटे। शू ने एक साक्षात्कार में कहा कि जलवायु अनुकूलन, नवीकरणीय ऊर्जा और समावेशी डिजिटल वित्त के प्रति भारत की प्रतिबद्धता, विकास और निरंतरता के बीच संतुलन बनाने का एक खाका प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसे 'विकास पथ' तैयार कर रहा है जो आर्थिक रूप से सुदृढ़ और जलवायु के अनुकूल हैं।

*यूएनडीपी के शीर्ष अधिकारी हाओलियांग शू ने कहा-भारत की कहानी केवल विकास की नहीं है, यह प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल और सहभागी शासन की भी कहानी है। भारत के विकास मॉडल से सीखे गए सबक एक अधिक समतापूर्ण और सतत विश्व का निर्माण कर रहे हैं।*

भारत ने तेज विकास को गरीब वर्ग से जोड़ा



हाओलियांग शू ने जमकर की सराहना

### दुनिया को भारत से सीखने की जरूरत

शू ने कहा कि जलवायु अनुकूलन, नवीकरणीय ऊर्जा और समावेशी डिजिटल वित्त के प्रति भारत की प्रतिबद्धता विकास और स्थिरता के बीच संतुलन बनाने का एक उदाहरण पेश करती है। उन्होंने कहा कि भारत इस तरह विकास कर रहा है जो आर्थिक रूप से मजबूत और जलवायु-उत्तरदायी दोनों हों। डिजिटलीकरण और जलवायु कार्रवाई सहित सहयोग के नए क्षेत्रों को मजबूत करने और उनकी पहचान करने के लिए हाओलियांग शू भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए हुए हैं। यूएनडीपी के नवीनतम मानव विकास सूचकांक से पता चलता है कि मानव विकास में वैश्विक प्रगति 35 वर्षों के निचले स्तर पर आ गई है और पिछले दो वर्षों से यह लगभग स्थिर है। शू ने जलवायु परिवर्तन और गरीबी सहित विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के विकास मॉडल की सराहना की। यूएनडीपी प्रमुख ने कहा कि भारत ने दिखाया है कि तेज विकास को लोगों, विशेष रूप से ऐतिहासिक रूप से पिछड़े लोगों में सोच-समझकर किए गए निवेश से जोड़ा जा सकता है।

### वैश्विक प्रगति 35 वर्षों के निम्नतम स्तर पर

संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव और यूएनडीपी के कार्यकारी प्रशासक शू डिजिटल परिवर्तन और जलवायु के अनुकूल कदमों सहित सहयोग के नए क्षेत्रों को मजबूत करने और उनकी पहचान करने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आए हैं। शू ने वैश्विक चुनौतियों के बारे में बात करते हुए कहा कि यूएनडीपी के हालिया मानव विकास सूचकांक से पता चलता है कि मानव विकास में वैश्विक प्रगति 35 वर्षों के निम्नतम स्तर पर आ गई है तथा पिछले दो वर्ष से यह लगभग स्थिर बनी हुई है। शू ने खासकर भारत के प्रमुख कार्यक्रमों जैसे मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) और आयुष्मान भारत का उल्लेख किया और कहा कि ये कार्यक्रम आजीविका सुरक्षा को सामाजिक सुरक्षा के साथ जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और वित्तीय समावेशन प्लेटफार्मों, जिनमें जन धन, आधार, मोबाइल (जेम) ट्रिनिटी और यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) शामिल हैं, ने करोड़ों लोगों तक पारदर्शी और सीधे लाभ पहुंचाने में मदद की है, और ऐसे उदाहरण पेश किए हैं जिनका अब कई देश अनुसरण कर रहे हैं।

### भारत के प्रमुख कार्यक्रमों की तारीफ की

यूएनडीपी प्रमुख ने कहा कि भारत ने दिखाया है कि तीव्र विकास को लोगों, विशेषकर ऐतिहासिक रूप से पिछड़े लोगों में सोच-समझकर किए गए निवेश से जोड़ा जा सकता है। शू ने विशेष रूप से भारत के प्रमुख कार्यक्रमों जैसे मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) और आयुष्मान भारत का उल्लेख किया और कहा कि ये कार्यक्रम आजीविका सुरक्षा को सामाजिक सुरक्षा के साथ जोड़ते हैं।

---

## खबर संक्षेप

### दोनों देशों के बीच कैदियों की अदला-बदली होगी



**कीव।** यूक्रेन और रूस के बीच एक बड़ी डील जल्द होने वाली है। इसका ऐलान खुद यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने रविवार को किया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन और रूस युद्धबंदियों की अदला-बदली की प्रक्रिया को फिर से शुरू करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं, जिससे लगभग 1,200 यूक्रेनी कैदियों की रिहाई संभव हो सकेगी। यह बयान राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख रुस्तम उमेरोव द्वारा वार्ता में प्रगति की शनिवार को की गई घोषणा के एक दिन बाद आया है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध है।

### समझौते में शामिल होने के लिए मनाएंगे ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात को प्रमुखता से स्पष्ट किया है कि वह सऊदी अरब और इजराइल के बीच संबंधों को सामान्य होते देखना चाहते हैं। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल के 'अब्राहम समझौते' को आगे बढ़ाने के अपने प्रयासों की चर्चा की है। ट्रंप मंगलवार को जब व्हाइट हाउस में सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान के साथ वार्ता करेंगे तो इजराइल के साथ रिश्तों को सामान्य करने का उनका प्रयास एजेंडे में शीर्ष पर रहने की उम्मीद है।

---

परमाणु कार्यक्रम पर विदेश मंत्री ने कहा

# ईरान देश में कहीं भी नहीं कर रहा यूरेनियम संवर्धन

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने अपने यूरेनियम संवर्धन पर अपडेट दिया है। उन्होंने रविवार को कहा कि ईरान अब देश में किसी भी स्थान पर यूरेनियम संवर्धन नहीं कर रहा है। ईरानी मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए ईरानी विदेश मंत्री अराकची ने यह बात कही। जून में इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान की परमाणु सुविधाओं पर बमबारी के बाद यह तेहरान की तरफ से परमाणु कार्यक्रम के बारे में अब तक की सबसे सीधी प्रतिक्रिया है। अराकची ने कहा, ईरान में कोई अघोषित परमाणु संवर्धन नहीं है। हमारी सभी सुविधाएं अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की सुरक्षा और निगरानी में हैं। उन्होंने आगे कहा, अभी कोई संवर्धन नहीं हो रहा है क्योंकि हमारी सुविधाओं- हमारी संवर्धन सुविधाओं - पर हमला किया गया है। यह पूछे जाने पर कि ईरान को अमेरिका और अन्य देशों के साथ वार्ता जारी रखने के लिए क्या करना होगा, अराकची ने कहा कि अपने परमाणु कार्यक्रम पर ईरान का संदेश स्पष्ट है। इस दावे का साथ ईरान दुनिया को बताने की कोशिश कर रहा है कि वो अब इससे दूर हो गया है।



ईरानी विदेश मंत्री अराकची

### आक्रमण के अधीन अंतरराष्ट्रीय कानून

*आक्रामकता और आत्मरक्षा शीर्षक से आयोजित इस सम्मेलन में ईरानी राजनीतिक विश्लेषकों के शोधपत्र शामिल थे। जिनमें जून में हुए 12-दिवसीय युद्ध पर तेहरान का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया था. इनमें से कई विश्लेषकों ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की उस टिप्पणी का भी हवाला दिया। जिसमें उन्होंने इजराइल की इस बात के लिए प्रशंसा की थी कि उसने हमला करके "गंदा काम" किया है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर मोहम्मद काजिम सज्जादपुर ने लिखा, ईरान की रक्षात्मक प्रतिक्रिया उल्लेखनीय, प्रेरणादायक, ऐतिहासिक और सबसे बढ़कर, पवित्र थी। इजराइल के गंदे कामों की तुलना ईरानी राष्ट्र के नेक और साफ-सुथरे कार्यों से कैसे की जा सकती है? हालांकि ईरान वैश्विक कानूनों का भी ख्याल रखना है।*

### समुदाय अधिकारों को मान्यता देगा

ईरानी विदेश मंत्री ने आगे कहा, ईरान का परमाणु संवर्धन, परमाणु प्रौद्योगिकी के शांतिपूर्ण उपयोग का अधिकार, जिसमें संवर्धन भी शामिल है, निर्विवाद है। उन्होंने आगे कहा, हमारे पास यह अधिकार है और हम इसका प्रयोग जारी रखेंगे और हम आशा करते हैं कि अमेरिका सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय हमारे अधिकारों को मान्यता देगा और यह समझेगा कि यह ईरान का अटूट अधिकार है और हम अपने अधिकारों को कभी नहीं छोड़ेंगे।

---

दिल्ली धमाका: यूपी से लेकर कश्मीर तक हुई ताबड़तोड़ छापेमारी

# 200 लोग रडार पर, 60 हिरासत में, डॉक्टर मुजम्मिल ने मदद के नाम पर बिछाया जाल

किसी को इलाज तो किसी को पंप खरीदने के लिए दिए पैसे | मदद के बहाने युवाओं को फंसाता था डॉ.मुजम्मिल | 6 राज्यों तक मिले डॉक्टरों के टेरर नेटवर्क के तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली ब्लास्ट मामले की गहन जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, कई बड़े और चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों की जांच में अब फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के डॉ. मुजम्मिल और लेडी डॉ. शाहीन की मोबाइल कॉल डिटेल्स और डिजिटल पेमेंट रिकॉर्ड्स से महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। यह पता चला है कि आतंकियों ने अपने नापाक मंसूबों में कामयाब होने के लिए 'मदद' को एक हथियार बनाया और कई लोगों को रुपए बांटकर अपने जाल में फंसाया। उनकी इस पूरी साजिश का मुख्य केंद्र फरीदाबाद का धौज और फतेहपुर तगा गांव रहा, साथ ही नूंह जिला भी उनके रडार पर था।

आतंकी संगठनों ने अब शैक्षिक और ग्रामीण क्षेत्रों में घुसपैठ कर एक नया और गोपनीय मॉड्यूल तैयार किया है और सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे 200 लोगों के नेटवर्क की कड़ियां को खंगाल रही है। अब तक 60 से अधिक लोग हिरासत में लिए जा चुके हैं। सामने आ रही हैं।जांच में पाया गया है कि डॉ. मुजम्मिल ने लोगों को आर्थिक मदद देकर फंसाया, जिनमें से 20 से ज्यादा लोग अभी हिरासत में हैं। मौलवी की जमीन पर बनाए गए मदरसे में सबमर्सिबल पंप लगाने के लिए उन्होंने 35 हजार रुपए दिए। इतना ही नहीं, एक गरीब कश्मीरी छात्र के बीमार पिता के इलाज के लिए 50 हजार रुपए भेजे, जिसके बदले में बाद में उस छात्र से आईईडी असेंबल करने में मदद ली गई।



एनआईए ने माना फिदायीन हमला था दिल्ली धमाका

### लखनऊ के होटल में मारा छापा

*यूपी एटीएस ने लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में छापेमारी की है। सूत्रों के मुताबिक, 2 महीने पहले डॉक्टर शाहीन लखनऊ आई थी और इसी होटल में रुकी थी। कहा जा रहा है कि इसी होटल में डॉक्टर शाहीन के साथ उसके और भी कुछ परिचित रुके थे। बाद में वह अपने भाई डॉक्टर परवेज के साथ कानपुर भी गई थी। यूपी एटीएस इस होटल से जरूरी दस्तावेज और जानकारी जुटाने के बाद वापस गई। यूपी एटीएस सूत्रों के मुताबिक, फरीदाबाद के धौज इलाके से डॉक्टर शाहीन ने सिम कार्ड लिया था और उसी से लगातार ऑपरेट कर रही थी। सिम लेते वक्त डॉक्टर शाहीन ने अपना एड्रेस प्रूफ अपने भाई डॉक्टर परवेज का दिया था।*

### अनंतनाग में आधी रात पुलिस का छापा

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल मामले की जांच के सिलसिले में काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर ने रविवार देर रात एक डॉक्टर के घर पर छापेमारी की। अधिकारियों के मुताबिक, सीआईके की टीम ने अनंतनाग के मलखनाग इलाके में स्थित डॉक्टर के आवास पर रात में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान घर में हरियाणा की एक महिला डॉक्टर किरायेदार के रूप में रह रही पाई गई। सीआईके अधिकारियों ने घर से एक मोबाइल फोन जब्त किया, जिसे आगे की फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

### दिल्ली से गिरफ्तार हुआ कार मालिक

एनआईए के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी अमीर रशीद अली उस कार का पंजीकृत मालिक है, जिसका इस्तेमाल आत्मघाती हमलावर द्वारा धमाके में किया गया था। प्रारंभिक जांच से सामने आया है कि आरोपी ने हमलावर के साथ मिलकर पूरी योजना तैयार की थी। एजेंसी ने दिल्ली पुलिस से केस अपने हाथ में लेने के बाद आरोपी की तलाश के



अमीर,आरोपी

### संदिग्ध आतंकी सुहेल के परिजनों से पूछताछ

गुजरात में सुहेल खां की गिरफ्तारी के बाद यूपी के लखीमपुर खीरी के सिंगाही कस्बे में हलचल तब तेज हो गई, जब गुजरात एटीएस की टीम ने अचानक यहां छापा मारा। टीम सिंगाही के वार्ड नंबर एक स्थित सुहेल के घर पहुंची और अंदर जाकर करीब एक घंटे तक उसके परिजनों से पूछताछ की। घर में तलाशी भी ली गई। सूत्रों के अनुसार, एटीएस के अधिकारियों ने घर की महिलाओं से अलग कमरे में बातचीत की और सुहेल की गतिविधियों, उसकी पढ़ाई, संपर्कों व पिछले कुछ महीनों के व्यवहार से जुड़ी जानकारी जुटाई।



सोहेल,आरोपी

### पैसे देकर टेलीग्राम से जोड़ा

*एक एमबीबीएस छात्र के भाई की शादी के लिए 1 लाख रुपए देकर उसे एक संदिग्ध टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। जब्त मोबाइल से मिली रिकॉर्डिंग में मुजम्मिल को यह कहते हुए सुना गया। भाई, अल्लाह की राह में मदद करो, सब ठीक हो जाएगा। इसके अलावा धौज के एक मजदूर को भी 5 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए थे।*

---

चुटकियों में निपटाएगा कई टेढ़े काम

# गूगल तैयार कर रहा इंसानों जैसा सोचने वाला एआई एजेंट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपके लिए मेल लिखने का छुट्टी के ट्रिप प्लान करने तक सीमित नहीं रह गया है। गूगल डीप माइंड ने हाल ही में इंस्ट्रक्टिबल मल्टीवर्ल्ड एजेंट यानी सिमा का नया वर्जन लॉन्च कर दिया है। सिमा 2 पहले मॉडल की तुलना में काफी एडवांस्ड है और यह वर्चुअल दुनिया में इंसान जैसी समझ रखता है। योजनाएं बनाता है और सीखने की क्षमता दिखाता है। यह अपग्रेड मार्च 2024 में आए पहले सिमा मॉडल पर आधारित है और गूगल के जेमिनी मॉडलों से पावर होता है। सिमा 2 किसी 3डी गेम वर्ल्ड से विजुअल इनपुट लेकर दिए गए टास्क को समझता है। यूजर अगर इसे एक शेल्टर बनाओ या लाल घर खोजो जैसे निर्देश देते हैं, यह पहले लक्ष्य को स्टेप्स में बांटता है।कीबोर्ड-माउस जैसे इनपुट के जरिए उन्हें एक-एक करके पूरा करता है। इस तरह एआई स्क्रीन पर दिख रही चीजों के आधार पर निर्देशों को वास्तविक कार्रवाई में बदल देता है।



सांकेतिक रोबोट

### 1 घंटे में पहुंच जाएंगे दिल्ली से अमेरिका!

हाइपरसोनिक उड़ान की दिशा में वैज्ञानिकों ने एक अहम कदम बढ़ाया है। मैक 10 यानी ध्वनि की गति से 10 गुना तेज उड़ने वाले विमानों की तकनीक अब पहले से ज्यादा संभव दिख रही है। यह प्रगति अंतरराष्ट्रीय यात्रा और स्पेस एक्सेस दोनों को बदल सकती है। अगर कभी मैक- 10 स्पीड हासिल करना संभव हो गया, तो दुनिया भर की हवाई यात्रा का स्वरूप पूरी तरह बदल सकता है। जिस सफर में आज 15 घंटे लगते हैं।

---

अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़कों पर

# मेक्सिको सिटी में 'जेन जेड' के विरोध प्रदर्शन ने पकड़ी गति

एजेंसी ▶▶ मेक्सिको सिटी

मेक्सिको सिटी की सड़कों पर शनिवार को अपराध, भ्रष्टाचार और दंड से मुक्ति के विरोध में जेनरेशन जेड के सदस्यों द्वारा आयोजित एक प्रदर्शन में हजारों लोग उतरे, जहां विपक्षी दलों के बुजुर्ग समर्थकों के जोरदार समर्थन के साथ यह प्रदर्शन समाप्त हुआ।

राजधानी के सुरक्षा सचिव पाब्लो वाजक्वेज ने बताया कि 120 लोग घायल हुए, जिनमें से 100 पुलिस अधिकारी थे। बीस लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस साल कई देशों में, 1990 के दशक के अंत और 2010 के दशक की शुरुआत के बीच पैदा हुए इस जेन जेड जनसांख्यिकीय ग्रुप के सदस्यों ने असमानता, लोकतांत्रिक पतन और भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित किए।



प्रदर्शन में जुटे हजारों लोग

---


शिपबिल्डिंग में साझेदारी के अवसर युवाओं को मिलेंगे

दोनों देशों को होगा फायदा : हरदीप पुरी

# भारत की युवा शक्ति और कोरियाई टेक्नोलॉजी एक अच्छा मिश्रण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अपने कोरियाई दौरे के दौरान रविवार को कहा कि भारत की युवा शक्ति और कोरियाई टेक्नोलॉजी एक अच्छा मिश्रण है और इससे दोनों देशों को फायदा होगा। दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल के दौरे पर गए पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा,कोरिया में करियर और शिक्षा के अवसर तलाश रहे युवा भारतीय पेशेवरों और छात्रों के एक समूह से जुड़कर मुझे बहुत खुशी हुई। पुरी ने आगे कहा, उन्होंने (भारतीय पेशेवरों और छात्रों) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वृद्धि और विकास के लिए अपने सपनों और उत्साह के बारे में पूरे मनोभाव से बात की। इस दौरे पर पुरी ने कई दक्षिण कोरियाई कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत की और भारत एवं कोरिया के बीच विशेषकर शिपबिल्डिंग में साझेदारी के अवसर की खोज की। पुरी ने कहा, हमारे ऊर्जा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम माल ढुलाई पर सालाना लगभग 5-8 अरब डॉलर खर्च करते हैं और उन्हें फिलहाल लगभग 59 जहाजों की आवश्यकता है। हनवा ओशन जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों के लिए भारत के साथ काम करने और इन जहाजों का निर्माण करने का एक बड़ा अवसर है।



केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी एक कार्यक्रम में

---

सेनाओं के बीच अद्भुत तालमेल, अब जीत स्मार्ट और तेज रणनीतियों से तय होगी

# सीडीएस ने कहा- तकनीक से भावी युद्ध और चुनौतीपूर्ण होंगे

*नई क्षमताएं, साझा संसाधन और तकनीक ऑपरेशन सिंदूर की ताकत थे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि सेना, नौसेना और वायुसेना में तेजी से बढ़ रही संयुक्तता के बावजूद तीनों सेवाओं की अलग पहचान बनी रहेगी। पहलगाम हमले के बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर में दिखी बेहतरीन तालमेल का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि नई क्षमताएं, साझा संसाधन और तकनीक-आधारित तैयारी भारत को भविष्य के युद्धों में बढ़त दिलाएंगी, जहां जीत स्मार्ट और तेज रणनीतियों से तय होगी। बता दें कि सीडीएस चौहान ने ये बातें नई दिल्ली में आयोजित इंडियन मिलिटरी हेरिटेज फेस्टिवल के एक सत्र के दौरान कही। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जनरल चौहान ने कहा कि हाल ही में हुई ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाओं के बीच बेहतरीन तालमेल देखने को मिला। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल से 7 मई के बीच कई महत्वपूर्ण सैन्य संसाधनों को पश्चिमी सीमा की ओर शिफ्ट करना पड़ा और यह काम बेहद सहज तरीके से, सिर्फ एक स्टार रैंक के अधिकारी स्तर पर ही पूरा हो गया। भविष्य की तैयारी पर चर्चा करते हुए सीडीएस ने कहा कि थियेटर कमांड्स बनने पर संयुक्त हेडक्वॉर्टर में स्टाफ भी संयुक्त रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि एक 'जॉइंट कल्चर' विकसित हो सके। उन्होंने युद्ध के बदलते स्वरूप पर भी बात की और कहा कि मानव भूगोल को समझना उतना ही आवश्यक है जितना भौगोलिक भूगोल, खासकर आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने में। सीडीएस के मुताबिक भावी युद्ध में जीत उन्हीं की होगी जो नए क्षेत्रों, जैसे अंतरिक्ष और तकनीकी डोमेन में असमानताएं पैदा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पारंपरिक युद्ध हमेशा कठिन और ज्यादा नुकसान वाला होगा, जबकि नए क्षेत्रों में युद्ध तेज, स्मार्ट और तकनीक आधारित होगा।



### जनरल चौहान ने इस बात का किया खुलासा

*सीडीएस ने बताया कि तीनों सेनाओं में समान उपकरणों, जैसे एमआरएसएएम और ब्रह्मोस का इस्तेमाल बढ़ रहा है, जिससे इंटीग्रेशन आसान होता जा रहा है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि इन हालिया हमलों में भारतीय नौसेना ने भी हिस्सा लिया और अपने पीएएलएम-400 व पीएएलएम-120 जैसे लंबी दूरी वाले घूमते हुए गोला-बारूद का इस्तेमाल किया। दिलचस्प बात यह रही कि यह क्षमता सेना और वायुसेना को पहले पता नहीं थी, लेकिन इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (आईडीएस) के पास यह जानकारी थी।*

---

ड्रग्स तस्करी पर ईडी का शिकंजा

# दिल्ली-एनसीआर समेत राजस्थान में कई जगहों पर छापामारी की गई


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ड्रग्स तस्करी पर शिकंजा कसते हुए दिल्ली एनसीआर की कई जगहों समेत राजस्थान के जयपुर में छापेमारी की है। ईडी की यह कार्रवाई 82.53 किलोग्राम कोकेन जब्त करने के बाद सामने आई है। ईडी की अलग-अलग टीमों ने सुबह 7 बजे छापेमारी शुरू की थी। स्थानीय पुलिस की मदद से संदिग्ध ठिकानों पर रेड मारी गई है।

ईडी को ड्रग्स तस्करी में अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के शामिल होने का अंदेशा है, जिसके तहत ईडी बड़े पैमाने पर जांच कर रही है। ईडी ने हाल ही में 82.53 किलोग्राम कोकेन जब्त किया था, जिसके बाद जांच एजेंसियां एक्टिव हो गई थीं। ईडी, एनसीबी और डीआरआई ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। जांच एजेंसियों ने पोर्ट, एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक हब समेत कई जगहों पर धावा बोल दिया। जांच एजेंसी को शक है कि ड्रग तस्कर फर्जी कंपनियां बनाकर हवाला के जरिए देश में ड्रग नेटवर्क को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, देश के कई बड़े शहर ड्रग तस्करों के निशाने पर हैं।





सांकेतिक तस्वीर



# अंधकार से भरा हुआ है फिल्म इंडस्ट्री का बुरा दौर : महेश भट्ट

**मुंबई।** सारांश, सड़क और आशिकी जैसी फिल्मों के लिए मशहूर निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट ने हाल ही में मनोरंजन व्यवसाय को लेकर अपनी राय पेश की है। उन्होंने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री हमेशा से ही लोगों का ध्यान खींचती आई है, लेकिन इंडस्ट्री के लिए यह समय सही नहीं है। एक चर्चा में महेश भट्ट ने कहा कि सोशल मीडिया ने सत्ता की ताकत को बढ़ा दिया है, जिससे सच बोलने वालों की आवाज दब जाती है। लोग अब डर के मारे चुप रहते हैं और सच्चाई को दबा दिया जाता है। सोशल मीडिया और डिजिटल युग के कारण यह और भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने इसे इंडस्ट्री का अंधकारमय समय बताया।

लाइफ Style



# तमन्ना

## रोबोट संग की रैंप वॉक

हाल ही में तमन्ना भाटिया फैशन डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शोस्टॉपर बनीं। एक्ट्रेस का रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस रैंप वॉक में ब्यूटी और ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का संगम देखने को मिला है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फैंस को भी तमन्ना भाटिया का अंदाज पसंद आया। तमन्ना भाटिया ने ब्लैक वेस्टर्न आउटफिट में रैंप वॉक की। इस ड्रेस के स्लिट्स शोल्डर से एक्ट्रेस का लुक काफी यूनीक बन गया है। तमन्ना ने इस ड्रेस के साथ मेकअप भी काफी कम किया है, उनका नेचुरल लुक पूरी तरह से हाइलाइट हो रहा है। तमन्ना भाटिया के अलावा फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शाहिद कपूर ने भी रैंप वॉक किया। वह ब्लैक और ब्लू कलर वाले सूट में नजर आए। वहीं, बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के दोहा टूर से कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। इनमें एक वीडियो में एक्टर को तमन्ना भाटिया के साथ परफॉरमेंस देते हुए देखा जा सकता है। दोमोम की जबरदस्त केमिस्ट्री देख फैंस को पसंद आ रही है। तमन्ना ने सलमान और कैटरीना कैफ पर फिल्माए गाने 'दिल दिया गल्लां' पर भी परफॉर्म किया जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स को जोया यानी अ=कैटरीना कैफ की याद आ गई। दोहा में अपनी परफॉरमेंस के दौरान सलमान ने अपने सुपरहिट गानों पर परफॉर्म कर महफ़लि ही लूट ली। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में सलमान को अपनी फिल्मों के गाने जैसे ओ ओ जाने जाना, स्वैग से स्वागत, दीदी तेरा देवर दीवाना, कभी तू छलिया लगता है, जीने के हैं चार दिन पर परफॉर्म करते देखा जा सकता है।

हॉलीवुड मसाला




# फैंस ने की एकॉन से बदसलूकी

**मुंबई।** एक तरफ फैंस हॉलीवुड सिंगर एकॉन के म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए एक्साइटेड थे। लेकिन, कॉन्सर्ट से एक वीडियो हुआ, जिसमें फैंस ने ही उनके साथ बदसलूकी की है। वह गाना गाते हुए फैंस के बीच पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनकी पैंट खींची। इससे सिंगर असहज हो गए। यूजर्स ने भी इस वीडियो पर रिएक्शन दिए, फैंस के व्यवहार सोशल मीडिया यूजर्स काफी दुखी दिखे। वायरल वीडियो में कॉन्सर्ट के दौरान एकॉन गाना गाते हुए फैंस के करीबी पहुंचे। अचानक इतना करीब एकॉन को देखकर फैंस एक्साइटेड हो गए। इसी बीच कुछ लोगों उनकी पैंट को खींचने लगे।



# कैथरीन को जंगल सफारी में खा गया था शेर...

लॉस एंजिल्स। 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में एडिटर के तौर पर काम कर चुकीं 29 वर्षीय कैथरीन चैपल की ये कहानी रोंगटे खड़े कर देने वाली है। उन्हें जंगल सफारी के दौरान शेर ने दबोचा था और प्रत्यक्षदर्शी ने सिहराने वाली कहानी बताई थी। कैथरीन अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पास एक सफारी पार्क से गुजर रही थीं, जहां खुली कार की खिड़की पर शेर ने हमला कर दिया था। हालांकि, टूर गाइड ने उन्हें बहादुरी से बचाने की कोशिश की थी। तस्वीरें खींचने के तुरंत बाद शेर ने उनपर झपट्टा मारा। देखते ही देखते ये ड्रीम हॉलीडे एक बुरे सपने में बदल गया। दरअसल, कैथरीन ने खिड़की को नीचे किया था क्योंकि उन्हें जमीन पर लेटे एक शेर की तस्वीर लेनी थी। इससे पहले कि 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की कैथरीन को एहसास होता, शेर अपने पिछले पंजे पर खड़ा हो गया।



# मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं : नोरा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही का नाम इस वक्त काफी सुर्खियों में बना हुआ है। इंडस्ट्री के कई सेलेब्स के साथ नोरा का नाम भी अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ी ड्रग पार्टियों की जांच में सामने आया है। अंडरवर्ल्ड डॉन के साथ नाम जुड़ते ही नोरा लगातार सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं। ऐसे में अब नोरा ने खुद इन खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। नोरा फतेही ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस नोट में नोरा ने ट्रोलर्स पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने लिखा, 'मैं पार्टियों में नहीं जाती। मैं लगातार काम कर रही हूं। मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं। मैं खुद के ऐसे लोगों से नहीं जोड़ती। अगर मैं छुट्टी लेती हूं, तो अपने दुबई वाले घर या फिर करीबी लोगों के साथ वक्त बिताना पसंद करती हूं.।'



# हनुमान और श्रीराम की मिली झलक

**मुंबई।** एस एस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की पहली झलक फैंस को मिल चुकी है। फिल्म 'वाराणसी' साल 2027 में रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर की शुरुआत वाराणसी नगरी की भव्य झलक के साथ होती है। इसके बाद कई सारे ऋषि हवन करते हुए नजर आते हैं। उसी हवन की अग्नि से क्षुद्रग्रह जन्म लेता है, जो सीधा आसमान से अंटार्कटिका में बहती हुई बर्फीली नदी में गिरता है। इसके बाद सीधे अफ्रीका की झलक दिखाई जाती है जहां बहुत सारे जानवर हैं। यहीं एक वानर को दिखाने के बाद ही दिखती है हनुमान की झलक। इसके बाद हनुमान को लंका जलाते हुए एक मोशन पोस्टर के रूप में दिखाया गया है। हनुमान जी को पर्वत उठाते हुए दिखाया गया है। इसके बाद वाराणसी की मणिकर्णिका घाट पर हाथ में त्रिशूल पकड़े दिखाया गया है रूद्र को।

टीवी मसाला



# अंगद तोड़ देगा तुलसी का विश्वास परिवार में बिखर जाएंगे रिश्ते

**नई दिल्ली।** सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इन दिनों टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर बना है। इस सीरियल में खूब ड्रामा चल रहा है। सीरियल के लीड कैरेक्टर तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर का रिश्ता वक्त की कसौटी पर खड़ा है। बेटे अंगद की एक हरकत से इनके रिश्ते में दरार आ जाएगी। जानिए, सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' से जुड़ा अपडेट। मिहिर ने बेटे अंगद की शादी मिताली से तय की। अचानक शादी वाले दिन अंगद गायब हो जाता है। वह वृंदा से मंदिर में जाकर शादी कर रहा है। यह बात तुलसी को पता चलती है। वह अंगद और वृंदा की शादी रोकना चाहती है। दरअसल, तुलसी को लगता है कि अंगद की इस हरकत से मिहिर टूट जाएगा। साथ ही तुलसी और मिहिर का रिश्ता भी बिखर सकता है। जब मिहिर को एक न्यूज चैनल से अंगद और वृंदा की शादी खबर पता चलती है तो वह वीडियो में तुलसी को भी खड़े देखता है। इससे मिहिर को लगता है कि अंगद और वृंदा की शादी तुलसी ने करवाई है। जबकि तुलसी तो शादी रोकने गई थी। लेकिन इस गलतफहमी के कारण तुलसी और मिहिर के बीच दूरियां बढ़ जाएंगी। विरानी परिवार में भी अंगद के शादी के फैसले से टेंशन काबन जाएगा। नए-नए ट्विस्ट के कारण ही सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' कुछ महीनों में ही टीआरपी चार्ट में टॉप 2 में शामिल है। हालिया टीआरपी चार्ट में यह दूसरे नंबर रहा। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 44वें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली है। पहले नंबर पर रुपाली गांगुली का सीरियल 'अनुपमा' है।

## तेजस्वी ने बताया कैसे डबल करती हैं पैसे



**नई दिल्ली।** तेजस्वी प्रकाश टीवी की पॉपुलर ही नहीं, बल्कि हाइएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। वह पिछले काफी समय से लगातार काम कर रही हैं और अब खूब रियलिटी शोज भी नजर आ रही हैं। यानी तेजस्वी प्रकाश इस वक्त खूब कमाई कर रही हैं। पर एक्ट्रेस होने के साथ-साथ तेजस्वी प्रकाश एक बिजनेसवुमन भी हैं। तेजस्वी प्रकाश ने हाल ही एक पॉडकास्ट में बताया कि उन्होंने बहुत पहले ही इनवेस्टमेंट करना शुरू कर दिया था। उन्हें काम करते रहना पसंद है और अपना फ्री टाइम भी काम करने में इस्तेमाल करती हैं। तेजस्वी ने बताया कि उन्होंने 'बिग बॉस' में भी हिस्सा सिर्फ इसलिए लिया था क्योंकि तब कोविड चल रहा था। उन्हें काम करने का इतना शौक है कि अभी भी एक्टिंग तो कर ही रही हैं, पर साथ ही रियल एस्टेट बिजनेस भी कर रही हैं। तेजस्वी ने आगे कहा, 'मैं उस प्रॉपर्टी का इस्तेमाल नहीं कर रही, पर मुझे घर बैठे उससे कमाई हो रही है।

# दानिश की फिल्म से करेंगे वापसी

**मुंबई।** आमिर खान के भांजे और अभिनेता इमरान खान 10 साल बाद फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। वह अपने पुराने दोस्त और निर्देशक दानिश असलम के साथ एक नई फिल्म बना रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने 15 साल पहले 'ब्रेक के बाद' बनाई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में इमरान ने अपनी वापसी और इस फिल्म के बारे में खुलकर बात की।इमरान ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी आगामी फिल्म 'ब्रेक के बाद' की तरह ही है। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म मेरे और दानिश के जीवन के अनुभवों से बनी है। दानिश की शादी हो चुकी है, और मेरा तलाक हो गया है। यह एक निजी प्रोजेक्ट है, जो दोस्तों के साथ मिलकर कहानी कहने की इच्छा से शुरू हुआ।' फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह पोस्ट-प्रोडक्शन में है। जल्द ही स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज डेट की घोषणा होगी। इस फिल्म में इमरान के साथ अभिनेत्री भूमि पेडनेकर नजर आएंगी। इमरान ने बताया कि भूमि को चुनना सबका साझा फैसला था। उन्होंने सेट पर



खुशनुमा माहौल बनाया। इमरान ने कहा, 'यह मेरे करियर का सबसे मजेदार सेट था।' फिल्म में अभिनेता गुरफतेह पीरजादा भी हैं। इमरान ने बताया कि उन्होंने पहले 'ब्रेक के बाद' फिल्म के लिए मना कर दिया था। उस समय वह 'आई हेट लव स्टोरीज' की शूटिंग कर रहे थे। दानिश ने उन्हें कहानी सुनाने की कोशिश की, लेकिन इमरान को कहानी सुनना पसंद नहीं था, इसलिए उन्होंने मना कर दिया। बाद में एक पार्टी में दानिश से मुलाकात हुई और उनकी बातचीत से इमरान का मन बदल गया। दानिश ने उन्हें स्क्रिप्ट भेजी, जो इमरान को पसंद आई, और फिर उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू की।

# 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज होगा 'शोले' का 4के संस्करण...

**मुंबई।** निर्देशक रमेश सिप्पी की कल्ट फिल्म 'शोले' अपनी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर 4के वर्जन में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज की जा रही है। इस बार 'शोले- द फाइनल कट' के रूप में सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी और जया की प्रसिद्ध फिल्म 'शोले' एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह फिल्म 12 दिसंबर को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। इस बार दर्शकों को फिल्म का मूल अंत देखने को मिलेगा, जिसे 1975 में आपातकाल के दौरान सेंसरशिप के कारण बदल दिया गया था। मूल सीन में ठाकुर (संजीव कुमार) गब्बर सिंह (अमजद खान) को बदले की भावना से स्पाइक वाले जूतों से मारते हैं। सेंसर बोर्ड ने इसे हिंसक मानकर हटा दिया था।'शोले' फिल्म को कई बार री-रिलीज किया गया है। इसे 2004 में 30वीं वर्षगांठ पर 70 मिमी रीस्टोर किया गया। इसके बाद 2014 में 3डी वर्जन और 2024 में 4के वर्जन शामिल है। सबसे हालिया री-



रिलीज की घोषणा 15 अगस्त 2025 को इसकी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर की गई थी। अब यह फिल्म 12 दिसंबर, 2025 को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। 'शोले' ने 1975 में रिलीज के बाद से भारतीय संस्कृति पर गहरी छाप छोड़ी है। यह सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म है। इस साल टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी इस फिल्म को सराहा गया। फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जया बच्चन, हेमा मालिनी, संजीव कुमार और अमजद खान जैसे सितारों का अभिनय दर्शकों को बेहद पसंद आया। यही वजह है कि यह एक कल्ट फिल्म बन चुकी है।

## समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाता है मीडिया

# इन फिल्मों में दिखी पत्रकारिता की असल तस्वीर


*नई दिल्ली। समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाना, सत्ता से सवाल करना, आम लोगों की आवाज बनना। इन सभी बातों को प्रमुखता से रखने का काम मीडिया करता है। सिनेमा और मीडिया कभी अछूते नहीं रहे हैं। हम बात करेंगे उन हिंदी फिल्मों की, जिनमें पत्रकारिता और मीडिया के रूपों को दिखाया गया है। साथ ही उनके संघर्षों को भी उजागर किया गया है।*



**धमाका :** राम माधवानी के निर्देशन में साल 2021 में फिल्म 'धमाका' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिनके किरदार का नाम अर्जुन पाठक रहता है। फिल्म में अर्जुन पाठक एक पत्रकार रहते हैं, जो मुंबई में हुए आतंकवादी हमले का लाइव ब्रॉडकास्ट कवर करता है। इस हमले के बाद उसकी पूरी जिंदगी बदल जाती है। फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा मृणाल ठाकुर, अमृता सुभाष, विकास कुमार आदि भी अहम किरदारों में नजर आए थे।



**नो वन किल्ड जेसिका :** साल 2011 में आई फिल्म 'नो वन किल जेसिका' भी मीडिया के पहलुओं को दिखाती है। फिल्म का निर्देशन राजुकमार गुप्ता ने किया था। फिल्म में विद्या बालन और रानी मुखर्जी मुख्य किरदारों में नजर आई थीं। फिल्म में रानी मुखर्जी ने एक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। आपको बता दें कि यह फिल्म जेसिका लाल केस की सत्य घटना पर आधारित है, जिसमें सिस्टम की कई खराबियों को कैमरे पर दिखाया गया है। फिल्म में पत्रकार बनीं रानी मुखर्जी हत्यारों के खिलाफ सबूत जुटाने में सबरीना की मदद करती हैं।



**क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता :** गोविंदा की यह फिल्म भले ही एक कॉमेडी-ड्रामा हो, लेकिन इसमें पत्रकारिता और मीडिया की ईमानदारी का संदेश स्पष्ट रूप से सामने आता है। इस फिल्म में अभिनेता मोहनिश बहल ने पत्रकार की भूमिका निभाई थी, जो सच को उजागर करने का प्रयास करते हैं। हालांकि उनकी हत्या कर दी जाती है। यह फिल्म साल 2001 में आई थी, जिसका निर्देशन डेविड धवन ने किया था।

**नायक :** साल 2001 में एस. शंकर के निर्देशन में फिल्म 'नायक' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अभिनेता अनिल कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिन्होंने शिवाजी राव नामक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। फिल्म में उस पत्रकार को मुख्यमंत्री का इंटरव्यू करने का मौका मिलता है। इसके बाद वह मुख्यमंत्री से काफी तीखे सवाल करता है। फिर उस पत्रकार को एक दिन का मुख्यमंत्री बना दिया जाता है। इसके बाद की कहानी काफी रोचक होती है। इसमें पत्रकार सत्ता से सवाल करते हुए अपना धर्म निभाता है।



# स्मरण ने जड़ा शतक, नायर ने खेली 95 रन की पारी, चंडीगढ़ के खिलाफ कर्नाटक की मजबूत शुरुआत

एजेंसी ▸▸ हुबली

प्रतिभाशाली रविचंद्रन स्मरण के नाबाद शतक और करुण नायर के 95 रनों की बदौलत कर्नाटक ने एलीट ग्रुप बी रणजी ट्रॉफी मैच के पहले दिन चंडीगढ़ के खिलाफ पांच विकेट पर 298 रन का मजबूत स्कोर बनाया। दिन का खेल खत्म होते समय स्मरण (नाबाद 110) के साथ श्रेयस गोपाल (नाबाद 38) के साथ क्रीज पर मौजूद थे। पिछले मैच में केरल के खिलाफ नाबाद 220 रन बनाने के बाद स्मरण का यह लगातार दूसरा शतक है।

कर्नाटक 64 रन तक कप्तान मयंक अग्रवाल, केवी अनीश और केएल श्रीजीत के विकेट गंवाने के बाद मुश्किल में था लेकिन स्मरण और नायर ने चौथे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी के साथ टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। नायर (164 गेंद में 95 रन) भी शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को बाएं हाथ के स्पिनर तनप्रीत सिंह ने विकेट के सामने लपक लिया।

### महाराष्ट्र ने पंजाब के खिलाफ बनाए 275 रन

महाराष्ट्र ने ग्रुप के अन्य मैच में अर्शिन कुलकर्णी के शतक और पृथ्वी साव के 74 रन की पारी से मुल्लांपुर में पंजाब के खिलाफ पांच विकेट पर 275 रन बना लिए। प्रेरक मंकड (नाबाद 88), अर्पित वसावड़ा (81) और जय गोहिल (68) की अर्धशतकीय पारियों से सौराष्ट्र ने राजकोट में गोवा के खिलाफ चार विकेट पर 317 रन बना लिए। मध्यप्रदेश ने इंदौर में सारांश जैन और अरशद खान के तीन-तीन विकेटों की बदौलत केरल के 246 रन तक सात विकेट चटका दिए। केरल के लिए बाबा अपराजित 81 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है जबकि अभिजीत प्रवीन (60) और अभिषेक नायर (47) ने भी बल्ले से उपयोगी योगदान दिया।

रणजी ट्रॉफी



### बंगाल के खिलाफ असम ने बनाए 194 रन

कल्याणी। मध्यक्रम के बल्लेबाज स्वरूपम पुरकायस्थ के संयम से बनाए गए अर्धशतक और कप्तान सुमित घाडीगांवकर के नाबाद 48 रन के बावजूद असम की टीम ने रविवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के पहले दिन बंगाल के खिलाफ स्टंप तक आठ विकेट पर 194 रन बनाए। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पुरकायस्थ ने 140 गेंद में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 62 रन बनाकर असम की पारी को संभाला। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए प्रद्युन सैकिया (38) के साथ 53 रन और फिर घाडीगांवकर के साथ चौथे विकेट के लिए 68 रन जोड़कर असम को 200 के करीब पहुंचाया।

### जम्मू-कश्मीर ने हैदराबाद पर कसा शिकंजा

जम्मू। जम्मू कश्मीर की टीम ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच के पहले दिन रविवार को 170 रन पर आउट होने के बाद 88 रन तक हैदराबाद के छह विकेट चटकाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत रखी है। मैच के शुरुआती दिन 16 विकेट गिरे, जिसमें जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। स्टंप्स के समय हैदराबाद पहली पारी में जम्मू कश्मीर से अभी 82 रन पीछे है और उसके चार विकेट शेष है।

### छत्तीसगढ़ ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ बनाए 319 रन

छत्तीसगढ़ ने अमतार क्रिकेट मैदान में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ तीन विकेट पर 319 रन बना लिए। अनुज तिवारी ने 162 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज आयुष पांडे ने 59 रन का योगदान दिया। संजीत देसाई 76 रन पर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

## कोलकाता टेस्ट : दक्षिण अफ्रीका की भारतीय धरती पर 15 साल में पहली जीत

# लो स्कोर चेज नहीं कर पाई भारतीय टीम साउथ अफ्रीका ने बनाई 1-0 से बढ़त

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

कप्तान तेम्बा बावुमा के जुझारू अर्धशतक के बाद अनुभवी ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर की ईडन गार्डंस की खतरनाक पिच पर बलखाती गेंदों के जादू से दक्षिण अफ्रीका ने भारत को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में तीसरे दिन ही रविवार को 30 रन से हराकर भारतीय धरती पर 15 साल में अपनी पहली जीत दर्ज की। भारत के सामने 124 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम 35 ओवर में 93 रन पर आउट हो गई। इससे दक्षिण अफ्रीका ने दो मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली।

### बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे गिल

भारतीय कप्तान शुभमन गिल गर्दन में अकड़न के कारण बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। गिल की अनुपस्थिति में केवल वाशिंगटन सुंदर (92 गेंद पर 31 रन) ही कुछ देर तक संघर्ष कर पाए। बाकी बल्लेबाजों को स्पिनरों के लिए अनुकूल विकेट से सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई, जिससे एक बार फिर से भारतीय टीम की टर्निंग पिचों पर कलई खुल गई। पिछले छह टेस्ट मैचों में यह भारत की घरेलू मैदान पर चौथी हार थी, जिसमें पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ टर्निंग पिचों पर 0-3 से मिली हार भी शामिल है। रिकॉर्ड की बात करें तो यह दूसरा न्यूनतम लक्ष्य है, जिसको भारत हासिल करने में नाकाम रहा। इससे पहले वह वेस्टइंडीज के खिलाफ 1997 में ब्रिजटाउन में 120 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाया था।



### भारत में पहली बार हुआ ऐसा कमाल

ऐसा पहली बार हुआ है, जब भारत में किसी भी टेस्ट मैच की चारों पारियों में 200 से भी कम स्कोर बनाए गए हों। इससे पहले भारत में ऐसा कभी नहीं हुआ था। ओवरऑल देखें तो कुल 12वीं बार ऐसा हुआ है, जब किसी टेस्ट मुकाबले की चारों पारियों में 200 से भी कम रन बने हों।

### 22 नवंबर से गुवाहाटी में दूसरा टेस्ट

2 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला गुवाहाटी के बरसपारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। 22 नवंबर से दूसरे टेस्ट मैच का आगाज होगा, जिसमें भारत की कोशिश जीत दर्ज करने की होगा ताकि सीरीज से 1-1 से बराबर की जा सके।

### अंकतालिका में टीम इंडिया को नुकसान

भारत को अंकतालिका में नुकसान उठाना पड़ा। कोलकाता टेस्ट में जीत के बाद साउथ अफ्रीका की टीम को तगड़ा फायदा हुआ और टॉप 2 में पहुंच गई। साउथ अफ्रीका से हार के साथ ही भारतीय टीम तीसरे स्थान से चौथे स्थान पर आ गई जबकि साउथ अफ्रीका की टीम चौथे स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं श्रीलंका की टीम तीसरे स्थान पर खिसक गई। इस मैच के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम पहले स्थान पर ही बनी हुई है। वहीं पाकिस्तान की टीम अंकतालिका में 5वें स्थान पर बनी हुई है।

**कोलकाता टेस्ट में हार के कारण**

### गंभीर की रणनीति पर सवाल

भारतीय बल्लेबाज जब स्पोर्टिंग विकेट पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो इस तरह की टर्निंग पिच की क्या जरूरत है? गौतम गंभीर की कोचिंग में इस तरह की रणनीति के साथ भारत को मुंह की खानी पड़ी है। भारत को घरेलू सरजमीं पर पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा था। इसके बाद भी गंभीर नहीं माने और साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक बार फिर टर्निंग पिच चुनकर औंधे मुंह गिरी।

### साई सुदर्शन बाहर

गौतम गंभीर का ऑलराउंडर के प्रति लगाव कमाल का है। कोलकाता टेस्ट में भारतीय टीम की प्लेइंग 11 चौंकाने वाली थी। कारण वही गंभीर का ऑलराउंडर प्रेम था। साई सुदर्शन को ड्रॉप करके वाशिंगटन सुंदर को नंबर 3 पर मौका दिया गया। टेस्ट मैच में 6 गेंदबाजी विकल्प के साथ उतरना काफी हैरानी भरा फैसला था।

### गिल की चोट

कप्तान शुभमन गिल के चोटिल होकर टेस्ट मैच से बाहर होना भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ा झटका था। वह पहली पारी में भी बल्लेबाजी नहीं कर पाए थे। गर्दन में ऐंठन के कारण एक चौका लगाने के बाद ही पवेलियन लौट गए थे। अगर वह फिट होते तो संभवतः भारतीय टीम की बल्लेबाजी मजबूत होती।

### 21 साल बाद हुआ अनोखा कारनामा

दिलचस्प बात यह है कि इस टेस्ट में कुल मिलाकर 594 रन बने। यह भारत में किसी भी ऐसे टेस्ट मैच का सबसे कम संयुक्त स्कोर है, जिसमें चारों पारियों में परिणाम निकला हो। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2004 में वानखेड़े टेस्ट के नाम था, जिसमें कुल 604 रन बने थे। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए इस टेस्ट मैच का नतीजा तीसरे दिन ही आ गया था। भारत ने 13 रनों से यह मुकाबला अपने नाम किया था।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी: | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकेलटन पगबाधा कुलदीप | 11 | 23 | 1 | 0 |
| मारक्रम का जुरेल बो जडेजा | 04 | 23 | 0 | 0 |
| मुल्डर का पंत बो जडेजा | 11 | 30 | 1 | 0 |
| तेम्बा बावुमा नाबाद | 55 | 136 | 4 | 0 |
| जोर्जी का जुरेल बो जडेजा | 02 | 2 | 0 | 0 |
| स्टब्स बो जडेजा | 05 | 18 | 0 | 0 |
| काइल वेरेने बो अक्षर | 09 | 16 | 1 | 0 |
| यानसन का राहुल बो कुलदीप | 13 | 16 | 0 | 1 |
| कोर्बिन बॉश बो बुमराह | 25 | 37 | 2 | 1 |
| हार्मर बो सिराज | 07 | 27 | 0 | 0 |
| महाराज पगबाधा बो सिराज | 00 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 11
कुल योग: 54 ओवर में 153 रन
गेंदबाजी: जसप्रीत बुमराह 10-2-24-1, अक्षर पटेल 14-0-36-1, कुलदीप यादव 8-1-30-2, रवींद्र जडेजा 20-3-50-4, मोहम्मद सिराज 2-0-2-2

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का वेरेने बो यानसन | 00 | 4 | 0 | 0 |
| राहुल का वेरेने बो यानसन | 01 | 6 | 0 | 0 |
| सुंदर का हार्मर बो मारक्रम | 31 | 92 | 2 | 0 |
| जुरेल का बॉश बो हार्मर | 13 | 34 | 3 | 0 |
| पंत का एवं बो हार्मर | 02 | 13 | 0 | 0 |
| जडेजा पगबाधा बो हार्मर | 18 | 26 | 2 | 0 |
| अक्षर का बावुमा बो महाराज | 26 | 17 | 1 | 2 |
| यादव पगबाधा बो हार्मर | 01 | 13 | 0 | 0 |
| बुमराह नाबाद | 00 | 4 | 0 | 0 |
| सिराज का मारक्रम बो महाराज | 00 | 1 | 0 | 0 |
| शुभमन गिल एब्सेंट हर्ट | | | | |

अतिरिक्त : 01
कुल योग : 35 ओवर में 93 रन पर सभी आउट
गेंदबाजी : यानसन 7-3-15-2, हार्मर 14-4-21-4, महाराज 9-1-37-2, बॉश 2-0-14-0, मारक्रम 3-0-5-1

## 34 साल के मिचेल ने जड़ी धमाकेदार सेंचुरी लगाए 12 चौके-दो छक्के



एजेंसी ▸▸ हेग्ले ओवल

न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का पहला मैच हेग्ले ओवल क्राइस्टचर्च में खेला जा रहा है।

▪ न्यूजीलैंड वेस्टइंडीज वनडे सीरीज

इस मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी के लिए कहा। पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 269 रन बनाने में कामयाब रही। कीवी टीम की तरफ से 34 साल के डेरिल मिचेल ने शानदार शतक लगाया और वह 119 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इसी पारी के बदौलत कीवी टीम 269 रन बनाने में कामयाब रही।

### मिचेल ने लगाया सातवां वनडे शतक

डेरिल मिचेल की बात करें तो वह जब बैटिंग करने के लिए आए उस वक्त टीम 24 के स्कोर पर 2 विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद उन्होंने पारी को संभाला। शुरुआत मिचेल संभलकर बैटिंग करते हुए नजर आए। लेकिन एक बार क्रीज पर सेट होने के बाद उन्होंने खुलकर शॉट्स खेलना शुरू किया। इस दौरान डेरिल मिचेल ने अपने करियर का 7वां वनडे शतक पूरा किया। अंत में वह 12 चौके और दो छक्के की मदद से 118 गेंदों में 119 रन बनाकर आउट हुए। मिचेल पिछले कुछ समय से वनडे क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। डेरिल मिचेल के लिए यह पिछली चार वनडे पारियों में तीसरा 50+ स्कोर है। वहीं पिछली आठ वनडे पारियों में उनका औसत 82 से ज्यादा का रहा है। वह इस फॉर्मेट में न्यूजीलैंड टीम के सबसे अहम खिलाड़ियों में से एक हैं। अब वह बचे हुए दो वनडे मैचों में भी इसी फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप में दिवी ने जीता खिताब

तिरुवनंतपुरम। दस साल की दिवी बिजेश ने नौ से 16 नवंबर तक मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप 2025 में अंडर-12 बालिका वर्ग का खिताब जीता। दिवी के पिता बिजेश ने कहा कि इस खिलाड़ी ने नौ में से 8.5 अंक के स्कोर के साथ दबदबा बनाया। उनके अनुसार दिवी अंडर-10 की खिलाड़ी है, फिर भी उसने ऊंचे आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा करना चुना। राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप एक अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता है, जिसमें युवा और सीनियर स्तर के 13 वर्ग शामिल हैं, जिनमें राष्ट्रमंडल देशों के शीर्ष रैंक वाले खिलाड़ी और ग्रैंडमास्टर्स भी भाग लेते हैं। 2025 में दिवी विश्व कप अंडर-10 बालिका चैंपियन, विश्व कैडेट रैपिड चैंपियन, विश्व कैडेट ब्लिट्ज वाइस चैंपियन और विश्व स्कूल शतरंज वाइस चैंपियन के रूप में उभरीं। कई अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य खिताबों सहित 75 से अधिक पदकों के साथ वह केरल की सबसे कम उम्र की महिला कैंडिडेट मास्टर और भारत की पहली अंडर-10 बालिक विश्व कप चैंपियन भी हैं।

### भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर अजीतेश



ताइपे। अजीतेश संधू ताइवान ग्लास ताइफोंग ओपन के चौथे और आखिरी दौर में 71 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 22वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर रहे। एस चिक्करंगप्पा (70) संयुक्त रूप से 24वें स्थान पर रहे। थाईलैंड के एकफारित वू ने अंतिम दौर में स्थानीय खिलाड़ी हंग चिएन-याओ को दो शॉट से हराकर अपने पदार्पण सत्र में एशियाई टूर पर अपना पहला खिताब जीता। 26 वर्षीय वू ने पार-72 कोर्स पर पांच अंडर-पार 67 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर 20 अंडर का रहा। भारत के खालिन जोशी (71) संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर रहे, जबकि विराज मदप्पा (72) संयुक्त रूप से 53वें स्थान पर रहे। पुखराज सिंह गिल (72) संयुक्त रूप से 56वें स्थान पर रहे।

### थीगाला ने बनाया 71 का स्कोर, 39वें स्थान पर पहुंचे



साउथम्पटन। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहिथ थीगाला बटरफील्ड बरमूडा चैंपियनशिप के तीसरे दौर के बाद संयुक्त 39वें स्थान पर आ गए हैं। पहले दो दौर में 76 और 65 का कार्ड खेलने वाले थिगाला ने तीसरे दौर में तेज हवाओं के बीच 71 का स्कोर बनाया। अब उनका कुल स्कोर दो अंडर हो गया है। दूसरे दौर के बाद वह संयुक्त रूप से 46वें स्थान पर थे। इस बीच एडम शैंक ने बोगी रहित राउंड खेला और चार अंडर 67 का स्कोर बनाया, जिससे वह ब्रैडेन थॉर्नबेरी के साथ संयुक्त बढ़त पर आ गए।

**विश्व कप क्वालीफाइंग**

## स्पेन का शानदार प्रदर्शन जॉर्जिया को 4-0 से हराया



एजेंसी ▸▸ बार्सिलोना

मिकेल ओयारजाबल के दो गोल की मदद से स्पेन ने विश्व कप क्वालीफाइंग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जॉर्जिया को 4-0 से हराकर अगले साल होने वाली फुटबॉल प्रतियोगिता में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। स्पेन की टीम ने ग्रुप चरण में पांच मैच में जीत हासिल की है। उसने अब तक 19 गोल किए हैं और उसके खिलाफ एक भी गोल नहीं हुआ है। यूरोपीय चैंपियन मंगलवार को अपने अंतिम क्वालीफायर में तुर्किए से भिड़ेगा। स्पेन ग्रुप ई में तुर्किए से तीन अंक आगे है, जिसने बुल्गारिया को 2-0 से हराया था।

### कजाकिस्तान ने बेल्जियम को ड्रॉ पर रोका

यूरोपीय क्वालीफिकेशन के 12 ग्रुप विजेता सीधे विश्व कप में प्रवेश करेंगे। फ्रांस, इंग्लैंड और क्रोएशिया अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान पक्का करके विश्व कप में जगह बना चुके हैं। इस बीच बेल्जियम का इंतजार बढ़ गया। कजाकिस्तान ने बेल्जियम को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। बेल्जियम ग्रुप जे में उत्तरी मैसेडोनिया से दो अंक आगे शीर्ष पर है। ग्रुप जे में ही जॉर्डन जेम्स के गोल की मदद से वेल्स ने लिचटेंस्टीन पर 1-0 से जीत हासिल की। यूनान ने ग्रुप सी में स्कॉटलैंड को 3-2 से हराया, जबकि डेनमार्क ने बेलारूस के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। स्वीडन को 4-1 से हराकर स्विट्जरलैंड ग्रुप बी में शीर्ष पर बना हुआ है।

बेइटन कप



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में विवेकानंद युवा भारती हॉकी स्टेडियम में भारतीय सेना एकादश और भारतीय वायु सेना के बीच 126वें बेइटन कप के फाइनल हॉकी मैच के दौरान लाल रंग की पोशाक में भारतीय सेना एकादश और भारतीय वायु सेना के खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए।

## हर्षित राणा ने साउथ अफ्रीक ए को किया नेस्तनाबूद, 5 ओवर में मचाई धमाचौकड़ी



राजकोट। तेज गेंदबाज हर्षित राणा को हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया। वे अभी इंडिया ए की ओर से साउथ अफ्रीका ए के खिलाफ खेल रहे हैं। हर्षित राणा ने तीन मैच की वनडे सीरीज के लगातार दूसरे मुकाबले में कमाल किया। राजकोट में खेले गए मुकाबले में उन्होंने तीन अहम विकेट लिए और मेहमान टीम को 132 रन पर ढेर करने में अहम भूमिका निभाई। उनके अलावा बाएं हाथ के फिरकी बॉलर निशांत सिंधु ने चार शिकार किए।

हर्षित को चौथे गेंदबाज के रूप में बॉलिंग करने का मौका मिला। उन्होंने भी भारतीय टीम को पहली कामयाबी दिलाई और लुहान ड्रे प्रीटोरियस (21) को आउट किया। फिर जॉर्डन हरमन (4) को रवाना किया। अगले ओवर में साउथ अफ्रीकी टीम के कप्तान मार्कस एकरमैन (7) को विकेट के पीछे इशान किशन के हाथों कैच कराया। इन तीन विकेटों ने मेहमान टीम की लय को तोड़ दिया। एक समय टीम का स्कोर बिना नुकसान के 39 और फिर दो विकेट पर 66 रन था।

## बधिर ओलंपिकः मोहम्मद मुर्तजा ने 250.1 अंक के साथ जीता रजत

# एयर राइफल में धनुष ने गोल्ड पर साधा निशाना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



निशानेबाज धनुष श्रीकांत ने टोकियो में डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) में पुरुषों की एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक के साथ भारत के लिए खाता खोला। 23 वर्षीय श्रीकांत ने 2022 में ब्राजील में 19 साल की उम्र में बधिर ओलंपिक में पदार्पण किया था और दो स्वर्ण पदक जीतकर अपनी छाप छोड़ी थी। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 252.2 का फाइनल विश्व रिकॉर्ड बनाया और शीर्ष पोडियम स्थान हासिल किया।

हमवतन मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने फाइनल में 250.1 अंक से रजत जबकि दक्षिण कोरिया के बाएक सेउंगक ने 223.6 अंक से कांस्य पदक जीता। फाइनल में धनुष ने बधिर ओलंपिक और बधिर ओलंपिक फाइनल विश्व रिकॉर्ड दोनों को तोड़ते हुए पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल बधिर ओलंपिक में दूसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 2022 में उन्होंने व्यक्तिगत और मिश्रित टीम दोनों में स्वर्ण पदक जीते थे। धनुष सोमवार को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में माहित संधू के साथ जोड़ी बनाकर अपने करियर का चौथा स्वर्ण पदक जीतने का लक्ष्य रखेंगे।

### महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में माहित ने जीता सिल्वर

20 वर्षीय माहित संधू ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में 250.5 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। हमवतन कोमल वाघमारे (228.3) ने कांस्य पदक जीता जबकि यूक्रेन की लिडकोवा वायलेटा ने 252.4 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। संधू ने 623.4 अंकों के साथ आठ निशानेबाजों के फाइनल के लिए दूसरे स्थान पर क्वालीफाई किया जबकि वाघमारे (622.0) तीसरे स्थान पर रहीं थीं। बधिर निशानेबाज राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सामान्य एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपनी रैंकिंग के आधार पर राष्ट्रीय शिविरों और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भी चुने जाते हैं।




स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में रोचक मुकाबला

# योगेश की घातक गेंदबाजी से राजगढ़ की आसान जीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

योगेश यादव की शानदार गेंदबाजी 5 विकेट की मदद से राजगढ़ ने भोपाल क्रिकेट अकादमी को 9 विकेट से हराकर पांचवीं स्वर्गीय श्री ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइज कप के अगले दौर में प्रवेश कर लिया।

ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेली जा रही प्रतियोगिता में आज भोपाल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.01 ओवर में 129 /10 रन बनाए। उसकी ओर से सृजन खरे ने सर्वाधिक 28 एवं ने सचिन ने 26 रनों की पारी खेली। राजगढ़ की ओर से गेंदबाजी करते हुए योगेश यादव ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए पांच, मनोज ने दो और सचिन यादव ने एक विकेट लिया। जवाब में राजगढ़ की टीम ने 24.1ओवर में एक विकेट खोकर विजई लक्ष्य 130 रन बनाकर 9 विकेट से मैच जीत लिया। उसकी ओर से बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए किंसुक श्रीवास ने नाबाद 79 और मनन प्रताप ने नाबाद 44 रन बनाए ,भोपाल क्रिकेट अकादमी की ओर से दिनेश ने एकमात्र विकेट लिया।

मैच मैं शानदार गेंदबाज़ी के लिए योगेश यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वरिष्ठ क्रिकेटर व सीनियर डीएसटी रेल्वे दिनेश कुमार कलमे एवं राजगढ़ ज़िला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अंशुल तिवारी ने प्रदान किया ।

# रॉबिन मेनन क्रिकेट अकादमी ने रेलवे गर्वित को हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर के मैदान पर चल रहे सारंग लीग बीडीसीए अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को रॉबिन मेनन क्रिकेट अकादमी और रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। रॉबिन मेनन क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 172 रन बनाए जिसमें लुयांश ने 80 रन बनाए और अरनव चंद्रवंशी ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी मात्र 120 रनों पर ऑल आउट हो गई। निकुंज पाटिल ने 3, ऋषभ आदित्य और अथर्व पांडे ने 2/ 2 विकेट लिए और रॉबिन मेनन क्रिकेट अकादमी ने यह मैच 52 रनों से जीत लिया। लुयांश को शानदार बल्लेबाजी करने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

सिख प्रीमियर लीग सीज़न–2 का शानदार समापन

# रॉयल सिंह को मात देकर जुझारू सिंह का खिताब पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सिख प्रीमियर लीग सीज़न–2 का रविवार को रोमांचक समापन हुआ, जिसमें जुझारू सिंह ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में रॉयल सिंह को पराज़ित कर ख़िताब अपने नाम किया। पूरा मैच उत्साह, प्रतिस्पर्धा और खेलभावना से भरपूर रहा। समापन समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति और नगर निगम की एमआईसी मेंबर सुषमा बबीसा ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की और खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की।

तीन दिवसीय इस टूर्नामेंट में कुल 14 टीमों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने बेहतरीन मुकाबलों के साथ दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजन के प्रमुख अमनदीप सिंह (डिम्पी), सिख यूनिटी ग्रुप, ने कहा कि लीग का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करना और समाज में एकता को मजबूत बनाना है।

# मध्यप्रदेश राज्य तैराकी संघ के निर्वाचन में नजर आया महिला सशक्तिकरण, सुषमा बनीं सचिव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश तैराकी संघ की आगामी 4 वर्ष 2025-2029 तक नई कार्यकारिणी समिति का निर्वाचन राजधानी की एक होटल में संपन्न हुआ। विशेष साधारण सभा की बैठक में म.प्र तैराकी संघ के सदस्यों ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुआ पहली बार सचिव पद पर सुषमा चौबे का निर्वाचन किया और महिला सशक्तिकरण का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।

नई कार्यकारिणी के निर्वाचन अधिकारी माजिद खान सेवानिवृत विधि अधिकारी (ई.ओ.डब्लू) ने संघ की नियमावली अनुसार निर्वाचन कार्य संपन्न करवाए। सथ में मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक श्री राजेश यादव उपस्थित थे। बैठक में संप से मान्यता प्राप्त 27 जिलों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लिया। बैठक में विशेष अतिथि मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह उपस्थित थे।

### इस तरह है नई कार्यकारिणी

अध्यक्ष-ओपी अवस्थी
उपाध्यक्ष-केपी समोना, राजेश चौबे, हरीश शुक्ला, शरदेंदु शुक्ला, दीपक असरानी
सचिव-सुषमा चौबे
कोषाध्यक्ष-चंद्रशेखर अवस्थी
सह सचिव-उमाशंकर व्यास, सुधीर नेमा
जोनल सचिव-कमलेश पांडे

### नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के मनोनीत सदस्य

उपाध्यक्ष- शशिकांत मिश्रा, राजकुमार राठौर, ए.के चार्ल्स
कार्यकारिणी सदस्य- गोवर्धन यादव, रघुवीर तिवारी, प्रभु मूलचंदानी, पीयूष शर्मा, अभिषेक नेमा

खबर संक्षेप

### एक बार फिर भोपाल की सौम्या तिवारी को मध्य प्रदेश की कमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चंडीगढ़ में 24 नवंबर से 1 दिसंबर तक आयोजित होने वाले बीसीसीआई टी 20 महिला अंडर 23 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए मध्य प्रदेश टीम की कमान प्रदेश की वरिष्ठ महिला क्रिकेटर सौम्या तिवारी को सौपी गई है। टीम को 18 नवंबर को इंदौर में रिपोर्ट करना है। टीम 21 नवंबर को चंडीगढ़ के लिए रवाना होगी। मध्य प्रदेश का पहला लीग मैच 24 नवंबर को हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध, दूसरा मैच 25 नवंबर को बिहार के विरुद्ध, तीसरा मैच 27 नवंबर को विदर्भ के विरुद्ध, चौथा मैच 29 को दिल्ली के विरुद्ध व 1 दिसंबर को अंतिम लीग मुकाबला छत्तीसगढ़ के विरुद्ध खेलना है। उल्लेखनीय है कि सौम्या की कप्तानी मे मध्य प्रदेश अलग - अलग विभिन्न आयु वर्ग मे तीन बार चेम्पियन बना है और दो बार उप विजेता रहा है। 2023-24 में दिल्ली को हराकर मन्र चैम्पियन बना था। सौम्या तिवारी अरेरा अकादमी भोपाल की क्रिकेटर हैं। वहीं, सौम्या के पिता मनीष तिवारी राज्य सरकार के कर्मचारी हैं। वह भी क्रिकेट खेलते थे। सौम्या ने कहा कि पिता को खेलते देखकर ही हमें प्रेरणा मिली। वहीं, हर समय मेरा साथ देने के लिए मैं अपने माता-पिता और बड़ी बहन का शुक्रगुजार हूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना जारी रखूंगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930